# पादप रोग विज्ञान परिभाषा-कोश

## DEFINITIONAL DICTIONARY OF PLANT PATHOLOGY



वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग) भारत सरकार
नई दिल्ली
सत्यमेव जयते
1998

# पादप रोग विज्ञान परिभाषा-कोश

## DEFINITIONAL DICTIONARY OF PLANT PATHOLOGY

सत्यमेव जयते

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग)
भारत सरकार
1998

COMMISSION FOR SCIENTIFIC & TECHNICAL TERMINOLOGY
MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
(DEPARTMENT OF EDUCATION)
GOVERNMENT OF INDIA
1998

© कॉपीराइट, भारत सरकार, 1998
© COPYRIGHT, GOVERNMENT OF INDIA, 1998

Ped-768/2000-1998
(Dfk II)

मूल्य : 75 रुपये

प्रकाशक :
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
पश्चिमी खंड-7, रामकृष्णपुरम्
नई दिल्ली-110 066

मुद्रक :
प्रकाशन निदेशालय
चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय
हिसार-125 004

बिक्री का पता :
बिक्री अनुभाग
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
पश्चिमी खंड-7, रामकृष्णपुरम्
नई दिल्ली-110 066

# विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावना | v-vi |
| 2. | वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अंशकालिक सदस्य | vii |
| 3. | संपादन एवं समन्वय | ix |
| 4. | प्रकाशन सहयोग | x |
| 5. | पादप रोग विज्ञान विषय विशेषज्ञ | xi-xiv |
| 6. | परिभाषाएं | 1-138 |

# प्रस्तावना

ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न विषयों में हिंदी पर्यायों का निर्धारण कर चुकने के बाद यह आवश्यक समझा गया कि आधारभूत तकनीकी शब्दों की संकल्पनाओं को सुस्पष्ट और स्थिर करने की दृष्टि से परिभाषा-कोशों का निर्माण किया जाए । वस्तुतः शब्दावली को सुस्थिर आधार परिभाषाएं ही प्रदान करती है । एक सीमा तक परिभाषाएं तकनीकी शब्दों के प्रयोग की क्षमताओं को भी उजागर करती है। आयोग अब तक विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों के 52 परिभाषा-कोश प्रकाशित कर चुका है ।

कृषि विज्ञान की विभिन्न शाखाओं की शृंखला में "पादप रोग विज्ञान परिभाषा-कोश" का यह प्रथम संस्करण है।

आयोग तथा उसके द्वारा अनुपालन किए जा रहे उद्देश्यों के प्रसंग पर कुछ प्रकाश डालना उचित होगा । भारत के राष्ट्रपति के आदेश द्वारा सन् 1961 में आयोग की स्थापना की गई थी जिसकी वैधानिक अपेक्षा थी कि विज्ञान और मानविकी की आधारभूत तथा अनुप्रयुक्त विभिन्न प्रशाखाओं में हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में शब्दावली निर्माण तथा उससे संबद्ध सिद्धांतों के निर्धारण और समन्वय में उत्तरदायित्वपूर्ण एक केंद्रीय भूमिका का निर्वाह करे ।

तकनीकी शब्दों के निर्माण तथा मानकीकरण के लिए आयोग द्वारा निर्धारित सिद्धांत निम्नलिखित मानदंडों पर संकेंद्रित है :

> अंतर्राष्ट्रीय शब्दों को यथासंभव अंग्रेजी या अन्य विदेशी भाषा में उपयोग में आने वाले प्रचलित उच्चारण के अनुसार ग्रहण कर लेना चाहिए तथा गणित और विज्ञान की शाखाओं में संख्यांक, प्रतीक चिह्न और सूत्र इत्यादि में प्रयुक्त अक्षर रोमन या ग्रीक वर्णमाला के होने चाहिएं । संक्षिप्त मानक रूप नागरी लिपि में लिखे जा सकते है तथापि ज्यामितीय आकृतियों में भारतीय लिप्याक्षरों का प्रयोग किया जा सकता



> है। संकल्पनाओं को व्यक्त करने वाले शब्दों का अनुवाद हो सकता है । यथासंभव हिंदी के अथवा अन्य भारतीय भाषाओं के पर्यायों के चयन को स्वीकार कर लेना चाहिए तथा संस्कृत धातुओं को वरीयता देनी चाहिए । लोकप्रिय या प्रचलित शब्द, जो विदेशी भाषाओं के ही क्यों न हों, उन्हें ग्रहण कर लेना चाहिए। हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं द्वारा गृहीत अंतर्राष्ट्रीय शब्दों का व्याकरण की दृष्टि से पुल्लिंग में प्रयोग होना चाहिए । अनादर सूचक अथवा अश्लील शब्दों और जटिल अनुवाद को सर्वथा ग्रहण न किया जाए ।

विज्ञान के विभिन्न एवं मुख्य क्षेत्रों में कृषि विज्ञान की एक अहम भूमिका है। हमारे देश की पूर्ण अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। कृषि में पादपरोग विज्ञान विषय का विशेष महत्त्व है । पौधों में होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों का अध्ययन इसके अंतर्गत किया जाता है। इससे संबंधित परिभाषाओं का ही इसमें समावेश है।

प्रस्तुत परिभाषा-कोश को तैयार करने में आयोग ने देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों तथा भाषा शास्त्रियों का सहयोग प्राप्त किया जिसके लिए हम उनके हृदय से आभारी है । हमें पूर्ण आशा है कि यह परिभाषा-कोश कृषि विज्ञान के स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं इस विषय में रुचि रखने वाले लेखकों की आवश्यकताओं की भली-भांति पूर्ति करेगा।

नई दिल्ली
अगस्त 1998

( हरीश कुमार )
अध्यक्ष
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय)
भारत सरकार

# वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अंशकालिक सदस्य

1. डॉ. अनूप चोपड़ा,
   प्रोफेसर, ई. एन. टी.,
   लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल,
   नई दिल्ली ।

2. प्रो. कीर्ति सिंह,
   सदस्य, कृषि वैज्ञानिक नियुक्ति मण्डल, पूसा, नई दिल्ली ।

3. प्रो. बी. डी. नौटियाल,
   सिविल इंजीनियरी विभाग,
   बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
   वाराणसी ।

4. श्री डी. बी. डिमरी,
   पूर्व महानिदेशक,
   भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण,
   कलकत्ता ।

5. प्रो. प्रेम सिंह,
   भाषा विज्ञान विभाग,
   दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली ।

6. प्रो. एल. एस. कोठारी,
   पूर्व अध्यक्ष, भौतिकी विभाग,
   दिल्ली विश्वविद्यालय,
   दिल्ली ।

# संपादन तथा समन्वय

प्रमुख संपादक

डॉ. हरीश कुमार

अध्यक्ष

संपादक

श्रीमती शशि गुप्ता

श्री गुलाब सिंह

श्री दुर्गा प्रसाद मिश्र

श्री धर्मेन्द्र कुमार

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

भारत सरकार

नई दिल्ली।



# प्रकाशन सहयोग

प्रकाशन निदेशालय

चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

*प्रो. प्रेम सिंह*

निदेशक प्रकाशन

●

*कृष्ण मेहता*

संपादक

●

*कुलजीत मान*

मुखावरण सज्जा

●

*राजेश कुमार*

कम्प्यूटरीकरण

# पादप रोग विज्ञान विषय विशेषज्ञ

1. डॉ. अतर सिंह,
प्राध्यापक,
आगरा कालेज, आगरा।

2. डॉ. (श्रीमती) अनीला माथुर,
विभागाध्यक्ष,
वनस्पति विज्ञान विभाग,
आगरा कालेज, आगरा।

3. डॉ. आर. के. एस. चौहान,
कुलपति,
विक्रम विश्वविद्यालय,
उज्जैन।

4. डॉ. आर. पी. द्विवेदी,
सहप्राध्यापक,
चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
कानपुर।

5. डॉ. आर. पी. सिंह.,
निदेशक (प्रसार)
आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय, फैजाबाद।

6. डॉ. उदित नारायण
सहायक प्राध्यापक,
चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
कानपुर।

7. डॉ. ए. एन. राय,
विभागाध्यक्ष,
वनस्पति विज्ञान विभाग,
आगरा कालेज, आगरा।

8. डॉ. एम. एन. खरे,
पूर्व प्रोफेसर,
जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
(मध्य प्रदेश)।

9. डॉ. एम. एन. गुप्ता,
आगरा कालेज,
आगरा।

10. डॉ. एम. पी. श्रीवास्तव,
विभागाध्यक्ष,
पादपरोग विज्ञान विभाग,
चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।

11. डॉ. एस. एन. चतुर्वेदी,
आगरा कालेज,
आगरा।

12. डॉ. एस. के. माहेश्वरी,
प्राध्यापक,
पादपरोग विज्ञान विभाग,
चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।



13. डॉ. एस. के. सिन्हा,
प्राध्यापक,
वनस्पति विज्ञान विभाग,
आगरा कालेज,
आगरा ।

14. डॉ. एस. पी. सिंह,
प्राध्यापक,
वनस्पति विज्ञान विभाग,
सर छोटूराम कालेज,
मुजफ्फरनगर।

15. डॉ. ओ. पी. मल्ल,
प्राध्यापक,
वनस्पति विज्ञान विभाग,
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

16. डॉ. कीर्ति सिंह,
सदस्य,
कृषि वैज्ञानिक नियुक्ति मण्डल,
कृषि अनुसंधान भवन, पूसा,
नई दिल्ली।

17. डॉ. कुमुद कुमार,
सहप्राध्यापक,
चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
कानपुर।

18. डॉ. के. पी. सिंह,
प्राध्यापक,
कृषि विज्ञान संस्थान,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी।

19. डॉ. के. डी. श्रीवास्तव
प्रधान वैज्ञानिक,
पादपरोग विज्ञान विभाग,
भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली।

20. डॉ. (श्रीमती) के. मुखर्जी,
प्राध्यापिका,
वनस्पति विज्ञान विभाग,
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

21. डॉ. के. सी. बसु चौधरी
पूर्व प्राध्यापक,
पादपरोग विज्ञान विभाग,
कृषि विज्ञान संस्थान,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी।

22. डॉ. गौतम कल्लू,
परियोजना निदेशक,
सब्जी अनुसंधान परियोजना निदेशालय, गांधी नगर,
सुंदरपुर, वाराणसी।

23. डॉ. जी. एस. सहारण,
प्राध्यापक,
पादपरोग विज्ञान विभाग,
चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।

24. डॉ जे. एस. श्रीवास्तव,
प्राध्यापक,
कृषि विज्ञान संस्थान,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी।

25. डॉ. जे. पी. यादव,
निदेशक (प्रसार),
चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर।

26. डॉ. जे. स्वरूप,
प्राध्यापक, पादपरोग विज्ञान विभाग, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर।

27. डॉ. डी. के. सक्सेना,
एसोसिएट प्रोफेसर,
कृषि अनुसंधान केंद्र,
फतेहपुर शेखावटी (सीकर),
(राजस्थान)।

28. डॉ. डी. के. शर्मा,
प्राध्यापक,
वनस्पति विज्ञान विभाग,
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

29. डॉ. डी. वी. सिंह.,
प्राध्यापक एवं अध्यक्ष,
चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर।

30. डॉ. डी. सी. पंत,
अध्यक्ष,
कवक एवं पादप रोग विज्ञान विभाग, कृषि विज्ञान संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

31. डॉ. नारायन ऋषि,
प्राध्यापक,
पादपरोग विज्ञान विभाग,
चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।

32. डॉ. पी. एस. दूबे,
विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

33. डॉ. बी. पी. मिश्रा,
प्राध्यापक,
पादपरोग विज्ञान विभाग,
चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।

34. डॉ. यू. पी. सिंह,
प्राध्यापक,
कवक एवं पादप रोग विज्ञान विभाग, कृषि विज्ञान संस्थान, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

35. डॉ. विजयपाल शर्मा,
प्राध्यापक, पादपरोग विज्ञान विभाग, चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।

36. डॉ. (श्रीमती) शशि चौहान,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।



37. डॉ. सी. बी. एस. राजपूत,
निदेशक,
कृषि विज्ञान संस्थान,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

38. डॉ. (श्रीमती) सुधा मल्ल,
प्राध्यापिका,
वनस्पति विज्ञान विभाग,
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

39. प्रो. सुधीर चन्द्रा,
पूर्व विभागाध्यक्ष,
वनस्पति विज्ञान विभाग,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।

## भाषा विशेषज्ञ

1. डॉ. किशोरी लाल शर्मा,
डी.–220, कमला नगर,
आगरा।

2. श्री के. सी. मेहता,
पूर्व वरिष्ठ संपादक,
प्रकाशन निदेशालय,
चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार।

3. श्री डी. डी. नौटियाल,
पूर्व सचिव,
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग,
नई दिल्ली।

4. श्री नरेन्द्र सिंह चौहान,
पूर्व सहायक शिक्षा अधिकारी,
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली।

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली के लिए प्रकाशन निदेशालय, चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा विश्वविद्यालय ऑफसैट मुद्रणालय में मुद्रित

परिभाषा–कोश : आयोग : 98/5/22498/2000/सित. 98

# A

**abaxial** अपाक्ष

प्ररोह शीर्ष से दूर स्थित।

**abiogenesis** अजीवात्जनन

निर्जीव पदार्थ से जीवन की उत्पत्ति।

**abiotic factor** अजैव कारक

ऐसे कारक जो पौधो में असंक्रामक रोग उत्पन्न करते हैं। उदाहरण– तापमान, आर्द्रता, गैसें, पोषक तत्त्वों का असंतुलन आदि।

**abrasive** अपघर्षी

पदार्थों के सूक्ष्म कण जो किसी पादप विषाणु के संचार में सहायक होते हैं। उदाहरण– कार्बोरेंडम, सेलाइट (डायएटमेसियस) अथवा सूक्ष्म बालू कणों द्वारा पत्तियों का धूमिलीकरण एवं घर्षण।

**abscission layer** विलगन परत

कोशिकाओं की वह परत जिसके विघटन से पत्तियाँ तने से टूटकर गिर जाती हैं।

**abstriction** अपाकुंचन

बीजाणु की मुक्ति के लिए वृंत का संकीर्णन।

**acellular** अकोशिक

ऐसे जीव जिनका जीवद्रव्य एक भित्ति या जीवद्रव्य कला द्वारा घिरा रहता है और जिसमें कोशिकीय संगठन का अभाव होता है। उदाहरण–राइजोपस, म्यूकर आदि।

**acervulus** एसरवुलस

तश्तरी के आकार का एक उपत्वचीय अलैंगिक फलनकाय, जो सघन कवक तन्तुओं के समूह से निर्मित होता है तथा जिसमें छोटे–छोटे कोनिडियमधर पर कोनिडिया उत्पन्न होते हैं।



**achromatic** अवर्णक

किसी रंग से विहीन।

**acid fast** अम्ल स्थायी

किसी स्टेन (जैसे–कार्बोल फुकीसन) से अभिरंजित हो चुकने के पश्चात् खनिज अम्लों वाले ऐल्कोहॉल से विरंजित न होने वाला जीवाणु।

**acquired immunity** उपार्जित प्रतिरक्षा

किसी खास सूक्ष्म जीवाणु के संक्रमण से सक्रिय या निष्क्रिय प्रतिरक्षा का उत्पन्न होना। जीवन काल में ही अर्जित यह प्रतिरक्षा सहज या प्राकृतिक प्रतिरक्षा से भिन्न है।

**acquired resistance** उपार्जित प्रतिरोध

पर्यावरणीय कारकों की अनुक्रिया के फलस्वरूप उत्पन्न प्रतिरोध। उदाहरण– कवकनाशियों, जीवाणुनाशियों या कीटनाशियों के विरुद्ध रोगजनकों में विकसित प्रतिरोध।

**acquisition** अर्जन

विषाणु का रोगवाहक में प्रवेश।

**acquisition access time** अर्जनावाप्ति समय

किसी स्रोत से विषाणु के प्रवेश में परीक्षणगत रोगवाहक द्वारा लगने वाला समय।

**acrogenous** अग्रवर्धी

अग्र भाग पर विकसित।

**acronematic flagella** अग्रसूत्री कशाभ, एक्रोनिमेटिक कशाभ

चिकनी सतह तथा पतली नोक वाली कशाभिका जो सुकेंद्रकियों (यूकेरियोटों) में पायी जाती है।

**acropetal succession** अग्राभिसारी अनुक्रम

कोनिडिया या प्रवर्धों की ऐसी शृंखला जिसमें सबसे पुराना कोनिडियम, आधार पर और सबसे नये सिरे पर स्थित हो।

**actinomycetes** **एक्टिनोमाइसिटीज़**

जीवाणुओं का वह समूह जिसमें क्षीण कवकतंतु–सदृश संरचना होती है और जो सरलता से खंडित हो जाते हैं।

**active immunity** **सक्रिय प्रतिरक्षा**

किसी रोग के कारक या उसके उत्पादों के संपर्क में आने से संबंधित व्यष्टि में उत्पन्न प्रतिरोध।

**active ingredient** **सक्रिय संघटक**

संरूपित उत्पाद का सक्रिय घटक।

**active resistance** **सक्रिय प्रतिरोध**

रोगजनक या उसके उपापचयों की प्रतिक्रिया में परपोषी अभिक्रियाओं के फलस्वरूप प्रतिरोध।

**acute symptom** **तीव्र लक्षण**

परपोषी की सतह पर या आंतरिक ऊतकों में स्थापित होने के पश्चात् रोग के प्रमुख लक्षणों की अभिव्यक्ति।

**acute toxicity** **तीव्र आविषालुता**

पीड़कनाशी के एकल प्रयोग से उत्पन्न विषाक्तता।

**adaptation** **अनुकूलन**

किसी जीव की आरोग्य वृद्धि में क्रमहीन परिवर्तन।

**adaptive enzyme** **अनुकूली प्रकिण्व**

किसी अवस्तर पर उगने की प्रक्रिया में उपयोगार्थ उत्पादित प्रकिण्व।

**adaxial** **अभ्यक्ष**

प्ररोह शीर्ष के अभिमुख।

**adherence** **आसंजन**

निर्धारित सतह पर संरक्षण सामग्री का समान रूप से बने रहना।



**adherent transmission** **आसंजित संचरण**

पादप या बीजों की सतह पर रोगजनकों के प्रवर्ध्य का उद्वाह।

**adhesion** **आसंजन**

पादप भागों पर लगा हुआ या विद्यमान।

**adult plant resistance** **पक्व पादप प्रतिरोध**

पादप वृद्धि की परनवोद्भिद् स्थितियों में होने वाला प्रतिरोध।

**aeciospore** **ईशियमी बीजाणु**

ईशियम में उत्पन्न द्विकेंद्रकी बीजाणु।

**aerobic bacteria** **वायुजीवी जीवाणु**

ऐसे जीवाणु जो वायु की उपस्थिति में ही सामान्य वृद्धि करते हैं।

**aeroscope** **वायु–पाश उपकरण, ऐरोस्कोप**

ऐसा उपकरण जिसके द्वारा वायु में उपस्थित बीजाणुओं या रोगजनकों की अन्य संरोप इकाइयों का पता लगाया जाता है। यह रोग के पूर्वानुमान के लिए उपयोगी है।

**aethalium** **एथेलियम**

मिक्सोमाइसिटीज़ का फलनकाय जो अधिकांशतः प्लाज्मोडियम तथा न्यूनाधिक संगामी बीजाणुधानियों का बना होता है।

**aflatoxin** **एफ्लाविष, एफ्लाटॉक्सिन**

ऐस्पर्जिलस फ्लेवस कवक के कुछ प्रभेदों (strains) द्वारा उत्पन्न आविष।

**agar-agar** **ऐगार–ऐगार**

जैली–सदृश जटिल पॉलीसैकेराइड, जिसे जिलेडियम, ग्रैसिलेरिया आदि समुद्री लाल शैवालों से प्राप्त किया जाता है और जो कृत्रिम ठोस संवर्धन माध्यम बनाने के लिए प्रयुक्त होता है।

**agar slant** **ऐगार स्लेन्ट**

संवर्ध नलिका में ठोस संवर्धन माध्यम की तिरछी सतह जिस पर सूक्ष्मजीव का संवर्धन किया जाता है।

**agent of inoculation** **संरोपण का कारक**

वे स्रोत जो संरोप्य को संक्रमण क्षेत्र तक पहुँचाते हैं। उदाहरण– बौछारी बरसात, आंधी, कीट, मानव, बहता जल इत्यादि।

**agglutination test** **समूहन परीक्षण**

सीरमीय परीक्षण जिसके अन्तर्गत किसी द्रव में निलम्बित विषाणु अथवा जीवाणु गुच्छों में एकत्र हो जाते हैं, जिस समय इनके प्रतिकूल विशिष्ट प्रतिकायों के समावेशक प्रतिसीरम से उपचारित होते हैं।

**aggressiveness** **आक्रामकता**

रोगजनक की उग्रता की क्षमता।

**agroinfection** **एग्रोसंक्रमण**

एग्रोबैक्टीरियम के टी आई (Ti) प्लास्मिड से क्रमशः व्युत्पन्न–विषाणु जीनोमों को संयोजित करने की एक विधि।

**airborne disease** **वातोढ़ रोग**

वे रोग जिनके रोगजनकों का प्रसार या प्रकीर्णन हवा द्वारा होता है। उदाहरण – किट्ट एवं चूर्णिल आसिता रोग।

**airspora** **वायुसंजैव**

वायु में निलम्बित जैव घटक। उदाहरण – बीजाणु, च्यवित कोशिकाएं आदि।

**akaryotic** **अरंज्य केन्द्रकीय**

(1) अर्द्धसूत्री विभाजन से पूर्व नाभिकीय चक्र में एक स्थिति जिसके अन्तर्गत नाभिक में क्रोमैटिन या तो अतिन्यून होता है अथवा बिल्कुल नहीं होता।

(2) एक कोशिका जिसमें नाभिक निर्माण के लिए नाभिक द्रव्य पुंजित नही होता।

(3) केन्द्रकरहित कोशिका।

**albication** **एल्बिकेशन**

सामान्यतः रंगीन अंगों में रंग की वृद्धि की असफलता से विशेषीकृत पादप रोग के अल्पविकसित लक्षण।



**albinism** **रंजकहीनता**

कुछ आनुवंशिक कारकों द्वारा पादपों में हरितवर्ण की पूर्ण अनुपस्थिति।

**albino** **रंजकहीन**

ऐसा जीव जिसमें वर्णक का अभाव होता है।

**allele (allelomorph)** **विकल्पी, युग्मविकल्पी, ऐलील**

जीन के दो या दो से अधिक वैकल्पिक रूप जो समजात गुणसूत्रों के एक ही विस्थल में स्थित हों।

**alternate host** **एकांतर परपोषी**

मुख्य परपोषी से भिन्न कोई अन्य पादप जो किसी परजीवी द्वारा संक्रमित होता है और जो उस परजीवी के जीवन चक्र की पूर्णता के लिए आवश्यक है।

**alternative host** **वैकल्पिक परपोषी**

वह परपोषी जिस पर रोगजनक की वही अवस्था पायी जाती है जो प्रमुख परपोषी पर होती है।

**ambisense** **ऐम्बीसेन्स**

विषाणु का एकल रज्जुकीय जीनोम जो प्रत्यर्थ रज्जुक और संकेतन दोनों का समावेश करता है।

**amoeboid movement** **अमीबीय गति**

वर्धीकाय से विकसित अस्थायी प्रवर्धों (पादाभों) द्वारा गति।

**amphispore** **ऐम्फिबीजाणु**

शुष्क अवस्थाओं में उत्पन्न, स्थूलभित्ति वाला यूरीडोबीजाणु।

**amphitrichous flagella** **उभकशाभी**

किसी कोशिका के दोनों ध्रुवों पर पाए जाने वाले एक–एक कशाभ।

**amylase** **एमिलेस**

एक प्रकिण्व (एंजाइम) जो स्टार्च का जलापघटन करता है।

**anaerobic** **अवायवीय**

ऐसी अवस्था जिसमें ऑक्सीजन अनुपस्थित हो।

**anastomosis** **शाखामिलन**

एक या भिन्न कवकतंतुओं की शाखाओं के बीच संलयन।

**androsporangium** **पुंबीजाणुधानी**

वह बीजाणुधानी जो पुंधानी की तरह होती है और पुंबीजाणु उत्पन्न करती है। यह ईडोगोनियम की पुंवामनीय जाति में पायी जाती है।

**androspore** **पुंबीजाणु**

वह अलैंगिक चल बीजाणु जो अंकुरित होकर ईडोगोनियम में पुंवामन तंतु उत्पन्न करता है।

**anemochory** **वायु प्रकीर्णन**

वायु द्वारा रोगजनकों का परिक्षेपण।

**angiocarpous** **आवृतहायमीनियमी, आवृतफलीय**

बीजाणुओं के परिपक्व होने तक ढकी रहने वाली कवक फलनकाय।

**angstrom** **ऐंग्स्ट्रम**

दीर्घता एकांक 1/10,000 μm ($10^{-10}$M)।

**anionic surfactant** **ऋणायनी पृष्ठसक्रियक**

कार्बनिक अम्ल के लवण का विलयन जिसकी संरचना किसी भी सतह पर अपनी क्रिया का निर्धारण करती है।

**anisogamous planogametes** **असमचलयुग्मक**

गतिशील नर और मादा युग्मक जो आकृति में समान परन्तु आकार (साईज़) में भिन्न हो।

**anisogamy** **असमयुग्मन**

वह युग्मन जिसमें संलयित होने वाले दोनों युग्मक आकार, रूप तथा कार्य में असमान हो।



**antagonism** **विरोध**

विभिन्न जीवों के मध्य ऐसा संबंध जिसमें एक जीव आंशिक अथवा पूर्णतया दूसरे की वृद्धि का संदमन करता है।

**antagonist** **विरोधक**

दूसरे जीव की वृद्धि का संदमक जीव।

**antagonistic** **विरोधी**

ऐसी अवस्था जिसमें एक जीव दूसरे जीव की वृद्धि को रोक देता है।

**antheridium** **पुंधानी**

कवक की नर युग्मक धानी।

**antherozoid** **पुंमणु**

गतिशील नर युग्मक।

**anthesis** **परागोद्‌भव, प्रफुल्लन**

पुष्प का खिलन।

**anthocyanescence** **ऐन्थोसाएनिसेन्स**

किसी संक्रामक रोग कारक द्वारा उत्पन्न आसन्न ऊतकक्षयी लक्षण जिसमें सामान्यतः हरित ऊतक रक्ताभ नील लोहित रंग में परिवर्तित हो जाते है।

**anthracnose** **श्यामव्रण**

कालिटोट्राइकम व ग्लीओस्पोरियम कवकों से उत्पन्न प्रायः जलसिक्त काली विक्षतियुक्त पादप रोगों का सामान्य नाम।

**anthropochory** **मानवानुसरण**

मानव द्वारा रोगजनकों का परिक्षेपण।

**antibiotic** **प्रतिजैविक**

सूक्ष्मजीव द्वारा उत्पन्न रासायनिक पदार्थ जो अन्य सूक्ष्म जीवों के लिए हानिकारक होता है।

**antibody** **प्रतिकाय**

प्रतिजन प्रोटीन अथवा पॉलीसैकराइड के उष्णरक्तीय जीवकाय में प्रविष्ट होने के फलस्वरूप अभिक्रियात्मक अतिविशिष्ट सीरम प्रोटीन।

**antifungal substance** **प्रतिकवकी पदार्थ**

कवकी बीजाणुओं के अंकुरण या कवक तन्तुओं की वृद्धि दर को रोकने वाला पदार्थ।

**antigen** **प्रतिजन, एन्टीजन**

बाह्य रासायनिक पदार्थ (प्रायः प्रोटीन) जो जीव के शरीर में विशिष्ट प्रकार के प्रतिरक्षी रसायन के निर्माण को प्रेरित करते हैं।

**antigen-antibody mechanism** **प्रतिजन–प्रतिरक्षी क्रियाविधि**

वह क्रियाविधि जिसके द्वारा प्रतिरक्षी प्रतिजन के साथ क्रियाशील होकर उसे निष्क्रिय, उदासीन या परिवर्तित कर देता है।

**antimetabolite** **प्रतिउपापचयज**

ऐसा रासायनिक पदार्थ जो परपोषी की उपापचयी क्रियाओं का दमन करता है।

**antimicrobial** **प्रतिसूक्ष्मजीवी**

वे पदार्थ या कारक जो सूक्ष्मजीवों की वृद्धि को संदमित करते हैं।

**antiserum** **प्रतिसीरम**

रक्तसीरम युक्त प्रतिकाय।

**antiserum titre** **प्रतिसीरम अनुमापनांक**

प्रतिसीरम का वह उच्चतम ह्रास जो प्रतिजन अन्वेषणीय अभिक्रिया प्रदान करता है।

**antisporulent** **प्रतिबीजाणुजनक**

कवक की वानस्पतिक वृद्धि को प्रभावित किए बिना बीजाणु उत्पत्ति का संदमक पदार्थ।



**aplanogamete** **अचल युग्मक**

अगतिशील युग्मक जिसमें कशाभ नहीं होता।

**aplanospore** **अचल बीजाणु**

पतली भित्तियुक्त गतिहीन अंतर्जात बीजाणु।

**apobasidium** **ऐपोबेसिडियम**

ऐसा बेसिडियम जिस पर सीमांत बीजाणु सममिततया व्यवस्थित होते हैं।

**apophysis** **अधःस्फीतिका**

कवकतंतु का शीर्षस्थ या अंतर्विष्ट फूला हुआ भाग। उदाहरण– मैगाकाईट्रिएसी में।

**apothecium** **एपोथीसियम**

तश्तरी के आकार का ऐस्कोकार्प जिसमें ऐस्कसधानियां परिपक्व अवस्था में अनावरित होती हैं।

**apple scald** **सेब प्रवदाह (रोग)**

ऐसा असंक्रामक कुसंक्रियण जो शीत भंडारण के दौरान श्वसन के फलस्वरूप संचयित गैसीय उत्पादों द्वारा होता है।

**appresorium** **आसंगांग**

अंकुरण नलिका या कवकतंतु का फूला हुआ अग्रभाग जो परपोषी की सतह पर चिपका रहता है और जिसमें से संक्रमण तंतु विकसित होते हैं।

**arbovirus** **संवाबिषाणु, आर्बोवाइरस**

रोगवाहक संधिपाद प्राणियों द्वारा फैलाए जाने वाले विषाणु।

**arbuscule (arbuscle)** **कूर्चक, अर्बस्कल**

पादपों की वल्कुट कोशिका में अंतराकोशिकीय रूप से बना सूक्ष्मशाखित चूषकांग–जैसा कवक तंतु जो कवक परपोषी पोषण विनियम का स्थान है।

**arthrospore** **संधि बीजाणु**

सामान्य कायिक तंतुओं के विखंडन द्वारा निर्मित बेलनाकार या गोलाकार बीजाणु।

**artificial culture** — **कृत्रिम संवर्ध**

ज्ञात रासायनिक संघटकों वाले पोषण माध्यम पर उगाया गया कवकीय या जीवाण्विक मंडल।

**artificial medium** — **कृत्रिम माध्यम**

ज्ञात रासायनिक पदार्थों द्वारा निर्मित पोषण माध्यम जिस पर सूक्ष्मजीवों का संवर्धन किया जाता है।

**ascigerous stage** — **एसाइजिरस अवस्था**

एक विशिष्ट अवस्था जिसमें ऐस्कस बनते हैं।

**ascocarp** — **ऐस्कोकार्प**

ऐस्कोमाइसिटीज़ कवकों का फलनकाय जिसमें ऐस्कोबीजाणुयुक्त ऐस्कस बनते हैं।

**ascogenous hypha** — **ऐस्कसजन कवकतंतु**

निषेचित ऐस्कोगोनियम से निर्मित द्विकेन्द्रकी बहुकोशिक कवकतंतु जिनसे एसाई उत्पन्न होते हैं।

**ascogonium** — **ऐस्कोधानी**

ऐस्कोमाइसिटीज वर्ग के कवकों की कुण्डलित मादा युग्मकधानी।

**ascomycetes** — **ऐस्कोमाइसिटीज**

सामान्यतः ऐस्कस से पहचाना जाने वाला कवकों का एक वर्ग। यीस्ट कवक में ऐस्कस नहीं बनता।

**ascospore** — **ऐस्कोबीजाणु**

लैंगिक जनन के फलस्वरूप ऐस्कस में विकसित अगुणित बीजाणु जिनकी संख्या सामान्यतः आठ होती है।

**ascostroma** — **ऐस्कोपीठिका**

आभासी मृदूतकीय संरचना जो नग्न पीठिकीय कवक तंतुओं से निर्मित होती है और जिसमें द्विकंचुकित ऐस्कसधानियां पाई जाती हैं।



**ascus** — **ऐस्कस**

एस्कोमाइसिटीज वर्ग के कवकों में लैंगिक जनन के फलस्वरूप विकसित थैली जिसमें सामान्यतः आठ अगुणित बीजाणु होते हैं।

**aseptic** — **अपूतित**

संदूषणकारी जीवों या संक्रामक कारकों की अनुपस्थिति।

**asexual reproduction** — **अलैंगिक जनन**

लिंग कोशिकाओं या जननांगों के सम्मिलन के बिना ही प्रजनन।

**aspergillin** — **ऐस्पर्जिलिन**

(1) ऐस्पर्जिलस नाइजर के बीजाणुओं में पानी में घुलनशील काला वर्णक।

(2) ऐस्पर्जिलस प्रजातियों द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रतिजैविक।

**aspergillosis** — **ऐस्पर्जिलसता**

ऐस्पर्जिलस कवक की जातियों के संक्रमण से मानव एवं पशुओं में उत्पन्न रोगों का समूह।

**assay** — **आमापन**

पदार्थ के विशिष्ट संरचक तत्व की मात्रात्मक अथवा गुणात्मक निर्धारण प्रक्रिया।

**atomize** — **कणीकरण**

दबाव के कारण उचित चंचु के माध्यम से किसी तरल पदार्थ को निष्कासित कर सूक्ष्म बिन्दुओं को ह्रासित करना।

**atrophy** — **क्षीणता**

रोगजनक-संक्रमण के फलस्वरूप पूरे पौधे अथवा उसके अंगों या ऊतकों के आमाप में ह्रास।

**attenuation** — **क्षीणता**

रोगजनक की उग्रता में कमी।

**autobasidium** **स्वबेसिडियम**

पटहीन असममित बेसिडियम जिसके पार्श्व में बीजाणु उत्पन्न होते हैं।

**autoclave** **ऑटोक्लेव**

ऐसा उपकरण जिसमें भाप के उच्चदाव पर संवर्ध माध्यम, कांच के बर्तन, जल, मृदा आदि को निर्जर्मीकृत किया जाता है। इस दोहरी भित्ति वाले बेलनाकार उपकरण में गॉज, पाइप, वाल्व, घड़ी, पहिये आदि लगे होते हैं।

**autoecious** **एकाश्रयी**

ऐसा परजीवी कवक जो एक ही परपोषी पर अपना संपूर्ण जीवन-चक्र पूरा करता है। उदाहरण – पक्सीनिया बटलराई, मेलैम्पसोरा आदि।

**autolysis** **आत्मलयन**

वह प्रक्रम जिससे जीव स्वतः लीन हो जाता है।

**autonomous dispersal** **स्वायत्त प्रकीर्णन**

सामान्य कृषि संक्रिया के दौरान जीवाणुओं, विषाणुओं, कवकों और सूत्रकृमियों के माध्यम द्वारा अपने आप होने वाला प्रकीर्णन।

**autospore** **जनकाभ बीजाणु**

अलैंगिक रूप से बना अचल बीजाणु जो आकार एवं संरचना में जनक कोशिका के अनुरूप होता है।

**autotrophic** **स्वपोषक**

ऊर्जा या पोषक तत्वों के संश्लेषण के लिए निर्जीव पदार्थों का उपयोग।

**auxin** **ऑक्सिन**

जड़ों और तनों की बढ़ती नोकों से पादप वृद्धि को नियमित करने वाला हार्मोनों का समूह।

**auxospore** **प्रबल बीजाणु, ऑक्सोस्पोर**

प्रतिकूल पर्यावरण में विकसित होने वाला ऐसा बीजाणु जिसके द्वारा जीव अपनी पुनर्युवन अवस्था प्राप्त कर लेता है।



**auxotrophic** **संश्लेषी**

जंगली प्ररूपों के अतिरिक्त पोषक आवश्यकताओं का समावेशक।

**avirulence gene** **अनुग्र जीन**

एक रोगजनक से ऐसा जीन जो किसी परपोषी पादप पर अनाक्रमण को निश्चित करता है।

**avirulent strain** **अनुग्र विभेद**

रोगजनक का ऐसा प्रभेद जो रोग के विशिष्ट लक्षण अभिव्यक्त नहीं कर पाता या ऐसा विभोजी जो जीवाणु कोशिका का लयन नहीं कर पाता।

**axenic** **आक्जैनिक**

अन्य सभी जातियों की अनुपस्थिति में एकल जाति की उत्पत्ति।

**axeny** **आक्जैनी**

रोगजनकों के प्रति पादपों का निष्क्रिय प्रतिरोध।

**axial fibril** **अक्षीय तंतुक**

स्पाइरोकीटों की बाहरी कला के ठीक नीचे स्थित कशाभिका जैसी संरचना।

**azygospore** **अयुग्माणु**

युग्माणु-सदृश अगुणित सुप्त बीजाणु जो अनिषेचित अंड से बनता है।

# B

**bacilliform virus** **दंडाकार विषाणु**

छड़ के आकार के विषाणु कण।

**bacillus** **दंडाणु**

(1) दंडाकार कोशिका।

(2) दंडाकार कोशिका वाला जीवाणु वंश।

**bacterial filter** **जीवाणु निस्यंदक**

विशेष प्रकार का छन्ना (filter) जिससे जीवाणु कोशिकायें छन नहीं पातीं।

**bacterial ooze** **जीवाणु पंक**

नम मौसम के दौरान जीवाणु संक्रमित ऊतकक्षयी चित्तियों से रिसने वाला जीवाणुयुक्त बिंदुक।

**bactericide** **जीवाणुनाशी**

एक रासायनिक पदार्थ जो जीवाणु को नष्ट करता है।

**bacteriocin** **बैक्टीरिओसिन**

उसी जाति के अन्य विस्तरणों के प्रतिकूल मुख्यतः सक्रिय और जीवाणुओं के प्रभेदों से उत्पन्न एक अतिविशिष्ट प्रति जीवाण्विक प्रोटीन।

**bacteriocinogenic** **जीवाणुनाशी जीव**

जीवाणुनाशी की उत्पत्ति में सक्षम जीवाणु।

**bacteriophage** **जीवाणुभोजी**

ऐसा विषाणु जो जीवाणुओं का परजीवीकरण करता है और जिसमें बहुफलकीय शीर्ष (आनुवंशिक द्रव्य डी. एन. ए. और विरलतया आर. एन. ए. रखने वाला) तथा एक तंतुयुक्त खोखली पुच्छ होती है।

**bacteriosis** **जीवाणुता**

जीवाणु संक्रमण से उत्पन्न रोग।



**bacteriostatic** **जीवाणु निरोधी**

ऐसा रासायनिक या भौतिक कारक जो जीवाणुओं का नाश नहीं करता लेकिन उनके गुणन को रोक देता है।

**bacterium** **जीवाणु**

एककोशिक प्रोकैरियोटिक सूक्ष्मजीव जो मुख्यतया विषमपोषी होता है तथा विखंडन विधि द्वारा तेजी से विभाजित होता है।

**bacteriod** **जीवाणुसम**

शिम्बी पौधों की जड़ की गांठों के भीतर रूपान्तरित राइजोबियम कोशिकायें।

**ballistospore** **प्रक्षिप्त बीजाणु**

बलपूर्वक निकला बीजाणु।

**basidiocarp** **बेसिडियोकार्प**

बेसिडियमी कवक का फलनकाय जो कवक तंतु–सूत्रों से बना होता है तथा जिसके बेसिडियम में बेसिडियम बीजाणु होता है।

**basidiomycetes** **बेसिडिओमाइसिटीज़**

कवकों का वह वर्ग जिसमें बेसिडियम बीजाणु उत्पन्न होते हैं।

**basidiospore** **बेसिडियम बीजाणु**

ऐसा अगुणित बीजाणु जो बहिर्जात रूप से बेसिडियम पर परिवर्धित होता है।

**basidium** **बेसिडियम**

द्विकेंद्रक कवकजाल से उत्पन्न एककोशिक या बहुकोशिक संरचना जिसमें केंद्रक संलयन और अर्धसूत्री विभाजन होता है और जिसमें अगुणित बहिर्जात बेसिडियम बीजाणुओं की उत्पत्ति होती है।

**basipetal succession** **तलाभिसारी क्रम**

बीजाणुओं की श्रृंखला का उत्पादन जहां सर्वप्रथम उत्पन्न बीजाणु शीर्ष पर और सबसे बाद में उत्पन्न बीजाणु आधार पर रहता है।

**Bergey's manual** **बर्गीज़ मैनुअल**

जीवाणुओं को वर्गीकृत करने और वर्णन करने वाला अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ ग्रंथ।

**biflagellate zoospore** **द्विकशाभिक चलबीजाणु**

दो कशाभिका वाले चल बीजाणु।

**binary fission** **द्विविभाजन**

किसी कोशिका का दो समान संतति कोशिकाओं में सामान्य विभाजन।

**binomial system of nomenclature** **द्विपद नामपद्धति**

जीव नामकरण की पद्धति जिसमें किसी जीव को वंश और जाति के दो अलग-अलग नाम दिये जाते हैं।

**bioassay** **जैव आमापन**

नियंत्रित दशा में जीव पर किसी पदार्थ के प्रभाव का मूल्यांकन।

**biochemical oxygen demand (BOD)** **जैवरासायनिक ऑक्सीजन मांग**

पानी में जैवनिम्नीकरणीय पदार्थों के सूक्ष्मजैविक ऑक्सीजन के साथ-साथ होने वाली आण्विक ऑक्सीजन की आवश्यकता।

**biological control** **जैव नियंत्रण**

किसी जीवधारी की संक्रियता द्वारा पीड़कों और रोगजनकों का नियंत्रण।

**biological form** **जैव रूप**

देखें – physiological race (शरीर क्रियात्मक प्रजाति)।

**biological nitrogen fixation** **जैविक नाइट्रोजन यौगिकीकरण**

सूक्ष्म जीवों द्वारा वायुमंडल की मुक्त नाइट्रोजन का अमोनिया में परिवर्तन।

**biological race (physiologic race)** **जैव प्रजाति**

परपोषी जातियों के विभिन्न जनकों के प्रति वैशिष्टीकरण से युक्त परजीवियों की समष्टि।



**biomass** **जीवभार**

किसी आवास विशेष या क्षेत्र विशेष में सभी जीवों का संपूर्ण शुष्क भार।

**biotic** **जैविक**

जीवों से संबंधित।

**biotroph** **जैवपोषी**

ऐसा जीव जो अपना पोषण जीवित ऊतकों से ही प्राप्त करता है (अविकल्पी परजीवी)।

**biotrophic** **द्विपोषी**

पोषकों के स्रोत के रूप में किसी अन्य जीव पर पूर्णतया निर्भर (कवकमूलीय, अविकल्पी परजीवी आदि)।

**biotype** **जीवप्ररूप**

किसी जाति का उपसमूह जिसमें एक या कुछ सर्वनिष्ठ लक्षण होते हैं।

**biovar (biotype)** **जीवप्ररूप**

किसी जाति का शरीर क्रियात्मक लक्षणों पर आधारित उपविभाजन। इसे समजीनी प्ररूप भी कहते हैं।

**bird's eye disease** **पक्षी चक्षुरोग**

*ग्लिओस्पोरियम ऐम्पेलोफैगस* से उत्पन्न अंगूर का श्यामव्रण रोग जिसमें फलों पर पक्षी की आंख के समान चक्राकार भूरे चकत्ते बन जाते हैं।

**bitunicate ascus** **द्विकंचुष्ठित ऐस्कस**

दो भित्तियों वाला ऐस्कस।

**black scurf** **कृष्ण स्कर्फ**

आलू का एक रोग जिसमें कंदों पर काले चपटे राइजोक्टोनिया फफूंद के स्क्लेरोशिया दीखते हैं।

**black shank** **कृष्ण मध्यांग**

*फाइटोफ्थोरा पैरासिटिका निकोटियाना* से उत्पन्न तम्बाकू का वह रोग जिसमें तने पर अनियमित काले धब्बे बन जाते हैं और उसे चारों ओर से घेर लेते है, तना सिकुड़ जाता है और अंततः पौधा मुरझा जाता है।

**blast** **प्रध्वंस**

बीजों या फलों के उत्पादन में असफलता या अनावृत कलियों के ताना–अलगन द्वारा विशेषीकृत पादप रोग का लक्षण।

**blastospore (blastoconidium)** **ब्लास्टोबीजाणु (ब्लास्टोकोनिडियम)**

मुकुलन द्वारा उद्भिद् बीजाणु।

**bleaching** **विरंजन**

कभी–कभी रोगजनक संक्रमण, रासायनिक क्रिया अथवा खनिजीय हीनता के कारण होने वाला वर्णकों का विलोपन।

**bleeding** **स्रवण**

विक्षतों से गहरे रंगहीन तरल का **दीर्घकालिक** प्रवाह।

**blight** **अंगमारी**

ऐसी दशा या रोग जिसके कारण विभिन्न पादपांग सामान्य रूप से या अकस्मात झुलस जाते हैं।

**blister blight** **फफोला ब्लाइट**

एक रोग जिसमें पत्ती की सतह पर फफोले पड़ जाते हैं।

**blotch** **दाग**

ऐसा रोग जिसके कारण पत्तियों, तनों और कभी–कभी फलों पर भी बड़े–बड़े अनियमित आकार की चित्तियाँ या धब्बे पड़ जाते हैं।

**blue mould** **नील फंफूदी**

परपोषी सतह पर पेनिसिलियम जातियों द्वारा नीले रंग की प्रत्यक्ष वृद्धि।

**boom and bust cycle** **तेजी और मंदी चक्र**

खाद्यान्न की किस्मों में एक ऐसी अवस्था जब किसी किस्म के कुछ समय तक विस्तृत रहने के पश्चात् वह रोगग्रस्त हो जाती है तथा उसकी खेती में कमी आ जाती है।



**bordeaux mixture** **बोर्डो मिश्रण**

एक कवकनाशी जिसमें कॉपर सल्फेट बिना बुझे चूने तथा पानी का घोल विभिन्न अनुपात में होता है। इसका आविष्कार सन् 1882 में प्रो. मिलार्डेट ने बोर्डो विश्वविद्यालय में किया था।

**bracket fungi** **ब्रैकेट कवक**

पालीपोरेसी के व्यष्टि जिसके फलनकाय कोष्ठक के समान अथवा खानों के समान होते हैं तथा ये वार्षिक रूप से उत्पन्न होते हैं।

**breakdown of blossoms** **मंजरी भंजन**

पुष्पीय भागों और पर्णों के रंग प्रतिरूप में परिवर्तन।

**broad-spectrum antibiotic** **विस्तृत स्पैक्ट्रम प्रतिजैविक**

ऐसा प्रतिजीवी जो ग्रैम–ग्राही और ग्रैम–अग्राही दोनों ही जीवाणुओं के प्रति प्रभावकारी है।

**broad spectrum fungicide** **विस्तृत स्पैक्ट्रम कवकनाशी**

रोगजनकों की विस्तृत श्रेणी के प्रतिकूल क्रिया वाला कवकनाशी।

**broom rapes (=malle=tokra)** **भुंइफोड़**

एक पुष्पोद्भिद् सम्पूर्ण मूल परजीवी (औरोबैंकी जातियां)।

**budding** **मुकुलन**

जनन की एक विधि जिसमें मातृकोशिका से एक लघु बहिर्वृद्धि के रूप में नई कोशिका विकसित होती है।

**bulbous suspensor** **कंदीय निलंबक**

कवकतंतु का फूलना जिस पर जिगेस्पोरा या स्कूटेलोस्पोरा जातियों के बीजाणु पैदा होते हैं। यह बीजाणुजनन कोशिका का पर्यायवाची शब्द है।

**bumps** **ककुद**

प्रोटीन की ऐसी इकाइयां जो गोलाकार विषाणुओं के पोलिहैड्रल कणों के किनारों पर संकुलित होती है और दीर्घित विषाणुओं में सर्पिलतयां व्यवस्थित होती है।

**bunchy top** **गुच्छित चूड़ (रोग)**

एक रोग जिसमें शिखर पर पर्ण इस प्रकार गुच्छित होते हैं कि वहाँ पर घना पुंज बन जाता है। उदाहरण- केले का बन्ची टॉप रोग।

**bunt** **बंट रोग**

ऐसा रोग जिसमें अष्टि का आंतरिक भाग कज्जली बीजाणुओं का पुंज बन जाता है और जिससे प्रायः मछली-जैसी गंध आती है।

**burgundy mixture** **बर्गण्डी मिश्रण**

एक कवकनाशी जिसमें कॉपर सल्फेट (4 पौंड), सोडियम कार्बोनेट (4 पौंड) और पानी (50 गैलन) का समावेश होता है। इसका आविष्कार सन् 1887 में मैसन ने किया था।



# C

**callus** **कैलस**

1. ऊतक संवर्धन से प्राप्त कोशिकाओं की एक अविभेदित संहति।

2. परजीवी कवक की जनन-नलिका के चारों ओर की कोशिका-भित्ति पर बने पदार्थ की संहति।

**camera lucida** **कैमरा ल्युसिडा**

ऐसा यंत्र जिसका सूक्ष्मदर्शी जीवों अथवा वस्तुओं के आवर्धित चित्र बनाने और उनके मापन के लिए प्रयोग किया जाता है।

**canker** **कैंकर रोग**

ऐसा अनियमित पीला/भूरा कागवत् उद्वर्ध जो रोगजनक के संक्रमण के फलस्वरूप पादपों के विभिन्न अंगों में बन जाता है।

**capillitium** **तंतुजाल, केपिलीशियम**

1. ऐसी विशेष आर्द्रताग्राही संरचना जो मिक्सोमाइसिटीज के फलनकायों में नलिकाकार जीवद्रव्यी धागों के रूप में पाई जाती है।

2. कुछ बेसिडियोमाइसिटीज़ में पाये जाने वाले बंध्य कवकतंतु जो बीजाणु प्रकीर्णन में सहायक होते हैं।

**capsid** **कैप्सिड**

विषाणुकण का परिवृत प्रोटीन आवरण।

**capsomere** **पेटिकांशक**

कैप्सिड की संरचनात्मक प्रोटीन इकाइयां।

**capsule** **सम्पुटिका, कैप्स्यूल**

बीजाणुकोशिका के चारों ओर पॉलीसैकेराइड्स की मोटी अवपंकी परत।

**carried virus (dependent virus)** **वाहित विषाणु**

सहायक विषाणु की उपस्थिति में केवल उसके रोगवाहक द्वारा संचरित विषाणु। इसे सहायता प्राप्त विषाणु भी कहा जाता है।

**carrier virus (helper virus)** **वाहक विषाणु**

रोगवाहक द्वारा सहायक विषाणु के संचरण के लिये अनिवार्य रूप से उपस्थित विषाणु।

**cationic surfactant** **धनायनिक पृष्ठसक्रियक**

ऐसा पदार्थ जिसमें पृष्ठीय क्रिया आमिश्र के क्षारीय घटक द्वारा निर्धारित की जाती है।

**causal agent** **रोग कारक**

एक जीवित अथवा अजीवित कारक जो पादपों या जंतुओं में रोग उत्पन्न करता है।

**causal organism** **रोगकारक जीव**

ऐसा जैविक कारक जो रोग उत्पन्न करने में सक्षम हो।

**cell** **कोशिका**

सभी जीवधारियों की सूक्ष्म कार्यात्मक और संगठनात्मक आधारभूत इकाई। इसमें चारों ओर से झिल्ली से घिरा जीवद्रव्य एवं सघन केंद्रक होता है।

**cellulase** **सेलूलेस**

सेलूलोस का भंजन करने वाला एंजाइम।

**cellulolytic** **सेलुलोसलयी**

समूह जो सेलूलोस को ग्लूकोस अणुओं में विघटित कर देता है।

**cellulose** **सेलूलोस**

पादप कोशिका भित्तिकाओं में विद्यमान तथा श्रृंखलाबद्ध ग्लूकोस अणुओं की एक निश्चित संख्या से संघटित पॉलीसैकेराइड।

**cell wall** **कोशिका भित्ति**

कोशिका द्रव्य की रक्षा करने वाली झिल्ली का बाहरी आवरण।

**centrifuge** **अपकेंद्रक यंत्र**

ऐसा यंत्र जिसमें घूर्णन गति से उत्पन्न अपकेंद्री बल द्वारा द्रव माध्यम में निलंबित कणों का विभेदी पृथक्करण किया जाता है।



**certified seed** **प्रमाणित बीज**

आधार बीज से उत्पादित बीज जिसकी शुद्धता बीज प्रमाणन अभिकरण द्वारा प्रमाणित होती है और जो वाणिज्यिक उत्पादन के लिए प्रयुक्त होता है।

**chemotactic** **रसो-अनुचलनी**

रासायनिक उद्दीपन के प्रभाव से होने वाली चलन गति।

**chemotherapeutant** **चिकित्सीय रसायन**

रोग की चिकित्सा में प्रयुक्त रसायन।

**chemotherapy** **रसोचिकित्सा**

रासायनिक उपचार जिसके द्वारा रोगी पादप के ऊतकों से रोगजनक का उन्मूलन किया जाता है।

**chemotrophic** **रसायनपोषी**

प्रकाश के उपयोग के बिना निर्जीव पोषकों से वृद्धि आदि के लिये ऊर्जा प्राप्ति।

**chirke disease** **चिरके रोग**

बड़ी इलायची का वह विषाणु रोग जिसमें पत्तियों पर किर्मीर धारियों का बनना, उनका मुरझाना तथा पुष्पन ह्रास होता है।

**chi-square test** **काई-वर्ग परीक्षण**

एक परीक्षण जो परिवीक्षित और सैद्धान्तिक मूल्य के अन्तर को विभाजित करने वाले वर्ग से प्राप्त भागफल पर आधारित होता है।

**chitin** **काइटिन**

संधिपाद प्राणियों की बाहरी परत एवं अनेक कवकों की कोशिका भित्तियों में पाया जाने वाला N-एसिटिल ग्लूकोसैमीन (N-acetyl glucosamine) का बहुलक (polymer)।

**chlamydospore** **क्लैमिडोबीजाणु**

स्थूलभित्ति वाला चिरकालिक बीजांणु जो कवकतंतु कोशिकाओं से प्रत्यक्षतः बनता है।

**chloranemia (Icteus)** **क्लोरानेमिया**

क्लोरोफिल के भंजन के कारण पीलेपन के ऊतकक्षयी लक्षण।

**chlorosis** **हरिमाहीनता**

प्रकाश की उपस्थिति के बावजूद लोहा, मैग्नीशियम आदि की कमी अथवा किसी बीमारी के कारण समान्यतः पर्णहरितधारी अंगों में पर्णहरित के अभाव के कारण पीलापन।

**chlorotic streaking** **हरिमाहीन रेखायन**

हरित वर्णक का रैखिक अनुक्रम में विलोपन।

**chromatography** **वर्ण-लेखिकी, क्रोमैटोग्रैफी**

कागज या राल से सम्बद्ध रासायनिक पदार्थों के उनकी अविरल गति द्वारा पृथक्करण या विभेदीकरण की विधि।

**chromosis** **वर्ण परिवर्तन**

हरे रंग का बैगनी, लाल या नारंगी रंग में परिवर्तन।

**chronic symptom** **चिरकाली लक्षण**

लम्बी अवधि तक निरंतर दिखाई पड़ने वाले लक्षण।

**cilium** **पक्ष्माभ**

कोशिका को गति प्रदान करने हेतु केशवत् अंग।

**circulative virus** **परिसंचारी विषाणु**

रोगवाहक के अन्दर उत्पन्न विषाणु जो लारग्रन्थि के माध्यम से संचारित होता है।

**cistron** **समपार**

संजीन का लघुतम प्रक्रियात्मक घटक।

**citrus greening** **सिट्रस हरीतिमा**

सिट्रस का एक माइकोप्लाज्मा जनित रोग जिसमें पत्तियाँ (ग्रीष्म ऋतु में) पीली होकर गिर जाती हैं तथा बाद में छोटी, खड़ी हरिमाहीन नई पत्तियां विकसित होती हैं जिनकी शिराएं गहरे हरे रंग की होती हैं या पत्ती के फलक पर गहरे हरे धब्बे दिखाई देते हैं।



**clamp connection** **क्लैम्प बंधन**

कुछ बेसिडियमी कवकों में बना हुआ उपमार्ग या सेतु जिसमें से होकर केंद्रक कवकजाल अन्त्यकोशिका से उपान्त्य कोशिका में प्रवेश करता है जिससे द्विकेंद्र की स्थिति बनी रहती है।

**clavate** **मुदगराकार**

मुदगर के समान आकार वाला।

**cleistothecium** **क्लाइस्टोथीसियम**

कुछ ऐस्कोमाइसिटीज़ के गोलाकार पूर्ण रूप से बंद फलनकाय जिनमें आस्यक (ऑस्टियोल) नहीं होता।

**club root** **ग्रंथित मूल**

अतिवृद्धि और अतिवर्धन के कारण अतिदीर्धित मुदगर के आकार का मूल।

**coccoid** **गोलाभ**

जीवाणु का गोलाकार रूप।

**coccus** **कॉकस**

जीवाणुओं का एक ऐसा वंश जिसमें गोलाकार कोशिकाएं होती हैं।

**codon** **प्रकूट**

संलग्न न्यूक्लिओटाइड-त्रिक जो अमीनो-अम्ल को संकेतित करता है।

**coefficient of thermal inactivation** **तापीय निष्क्रियण गुणांक**

10° से. पृथक्कृत तापमानों पर निष्क्रियण की दरों के बीच (Q10) अनुपात।

**coenocentrum** **संकणिका, सीनोसेन्ट्रम**

कुछ पेरोनोस्पोरेलीज (कवक) की अंडधानियों के डिम्बद्रव्यों के केंद्र में स्थित गहरा अभिरंजक क्षेत्र जिसमें एक या अनेक केंद्रक होते हैं।

**coenocyte** **संकोशिका**

बहुकेंद्रकीय जीवद्रव्य की संहति जो वस्तुतः एक ही कोशिका होती है। उदारहण – वोकेरिया का थैलस।

**coenocytic** **संकोशिकीय**

अनेक केन्द्रकों के साथ कोशिकाद्रव्य जो भित्तियों के द्वारा पृथक नहीं होता।

**coenzyme** **सहएन्जाइम, कोएन्जाइम**

ऐसे कार्बनिक यौगिक जो कुछ एन्जाइमों या एन्जाइम–समूहों द्वारा उत्प्रेरित अनुक्रियाओं में अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रक्रिया में उपभुक्त नहीं होते।

**coleoptile** **प्रांकुर चोल, कॉलिओप्टाइल**

एकबीजपत्री पादपों के भ्रूण में प्रांकुर (प्लुम्यूल) को ढकने वाली छादनी। यह अंकुरण के समय भूमि के ऊपर निकल आती है।

**collar blight** **कॉलर–अंगमारी**

तने के ग्रीवा प्रदेश में उत्पन्न सामान्यतः भूरे रंग का ऊतकक्षय।

**collar rot** **ग्रीवा विगलन**

तने के ग्रीवा प्रदेश में ऊतकों का अपह्रासन।

**collateral host** **संपार्श्विक परपोषी**

ऐसा पादप जिस पर रोगजन गैर–फसली मौसम में मुख्य परपोषी की अनुपस्थिति में जीवित रहता है।

**colony** **कॉलोनी, निवह**

एकल प्रवर्ध्य से वर्धमान सूक्ष्मजीवों का परिगत समूह।

**commensalism** **सहभोजिता**

ऐसी सहजीविता जिसमें दोनों जीवों में से कोई जीव न तो क्षतिग्रस्त होता है और न ही लाभान्वित।



**compatible** **सुसंगत**

दूसरों के साथ संयोजन में प्रभावी।

**compatible interaction** **संगत अन्योन्यक्रिया**

रोगजनक और परपोषी कोशिका या परपोषी पादप के बीच पारस्परिक प्रभाव जिससे रोगजनक का प्रचुरोद्भवन एवं वृद्धि होती है और अन्ततः रोग फैलता है।

**compatibility** **संगतता**

दो जीवों में परस्पर संगम करने की क्षमता दर्शाने वाली परिघटना।

**competitive saprophytic ability** **स्पर्धी मृतजीवी क्षमता**

विकल्पी परजीवियों की ऐसी क्षमता जिसमें वे अन्य मृतजीवियों की अपेक्षा अधिक सरलता से उत्तरजीवी रहते हैं।

**complement fixation** **पूरक स्थिरता**

प्रतिजन प्रतिकाय सम्मिश्रों के साथ संयोग के बाद सीरम से पूरक का अपसरण। यह प्रतिजन प्रतिकाय अभिक्रियाओं की खोज करने के लिये संवेदनशीलता परीक्षण का आधार है।

**complex** **सम्मिश्र**

दो या अधिक जीवों का ऐसा समुच्चय जो साथ–साथ रोग लक्षणों को व्यक्त करता है और जो व्यष्टितया उत्पन्न नहीं होते।

**complex disease** **सम्मिश्र रोग**

एकाधिक प्रकार के रोगजनकों की अन्तरक्रिया से उत्पन्न रोग।

**composite disease** **संयुक्त रोग**

दो या अधिक असंबद्ध जीवों द्वारा उत्पन्न रोग।

**compound interest disease** **चक्रवर्ती वृद्धिरोग**

ऐसा रोग जिसमें किसी मौसम में संक्रमण के लिये क्रमानुसार संततियों में संरोपण की वृद्धि होती है।

**concentric** संकेन्द्री

एक ही केन्द्र को घेरे हुए अनेक वृत्त।

**conidiophore** कोनिडियमधर

ऐसी कवक तंतु शाखा जिसके शीर्ष पर कोनिडियम लगा होता है।

**conidiosporangium** कोनिडियम-धानी

ऐसा कोनिडियम जो तापमान तथा आर्द्रता की कुछ स्थितियों में चल-बीजाणुधानी के रूप में आचरण करता है।

**conidium (conidiospore)** कोनिडियम (कोनिडियोस्पोर)

कवक के अलैंगिक बीजाणु जो कोनिडियमधर के शीर्ष पर अकेले या श्रृंखला में पैदा होते हैं।

**conjugated antibody** संयुग्मी प्रतिकाय

प्रतिदीप्त रंग से युक्त गामा-ग्लोबूलिन प्रोटीनों का संयुग्मित रूप।

**conjugation** संयुग्मन

ऐसी घटनाएं जो युग्मकों, गुणसूत्रों, केंद्रकों, कोशिकाओं या जीवों को जोड़ती, संयुग्मित या एकीकृत करती हैं।

**contaminant** संदूषक

एक अवांछित पदार्थ या सूक्ष्म जीव जो किसी उत्पत्ति, अवस्तर या माध्यम के साथ अचानक मिल जाता है।

**control** नियन्त्रण

आर्थिक दृष्टि से स्वीकार्य स्तर तक किसी रोग के दुष्प्रभावों को कम करना या रोग का निवारण करना या दमन करना या रोकना।

**co-parasitism** सहपरजीविता

एक ही समय पर एकाधिक परजीवियों के कारण परजीविता।

**copulation** मैथुन, संगमन

आनुवंशिकी अंतरण के लिए दो जीवों का भौतिक संलयन।



**coremium** कोरीमियम

एक कवकीय फलन संरचना जिसमें ऊर्ध्व अंतग्रंथित कवकतंतुओं, कोनिडियमधर के शीर्ष पर कोनिडियम विकसित होते हैं।

**cover** आवरण

पादपों या पादपांगों का वह पृष्ठ क्षेत्र जिस पर धूलीकरण, फुहारन आदि के रूप में संबद्ध सामग्री को धारित किया जाता है।

**cover crop** भूमिसंरक्षी फसल

ऐसी फसल जो मृदा को अपरदन से बचाने के लिए एक प्रभावी आच्छादन प्रदान करती है।

**crop protection** फसल सुरक्षा

रोगजनक के एक अनुग्र प्रभेद को या दुर्बल रोगजनक को परपोषी में स्थापित करके किसी उग्र प्रभेद के प्रति संरचनात्मक अथवा जैव रासायनिकी प्रतिरक्षा का प्रेरण।

**crop rotation** सस्यावर्तन

रोगों तथा पीड़कों का नियंत्रण करने और मृदा की उर्वरता को बनाए रखने के लिए विभिन्न फसलों को नियमित अनुक्रम में उगाने की पद्धति।

**cross protection** अन्योन्य संरक्षण

ऐसी स्थिति जिसमें विषाणु की एक प्रजाति से संक्रमित पादप ऊतक उसी विषाणु की किसी अन्य प्रजाति द्वारा प्रतिरक्षित होते हैं।

**crozier formation** क्रोज़ियर का समावःस

ऐस्कसजन कवक तंतु के कुंडलित सिरों से एस्कस के परिवर्धन की प्रक्रिया।

**cryptogram** क्रिप्टोग्रैम

किसी विषाणु की कुछ प्रमुख विशेषाओं का संक्षिप्त विवरणात्मक संकेत। इसमें चिह्नों के चार युग्म सम्मिलित होते हैं :

**प्रथम युग्म** : केन्द्रक अम्ल का प्रारूप/केन्द्रीय अम्ल की छनन
**द्वितीय युग्म** : केन्द्रक अम्ल का परमाण्विक भार (मिलियन में)।
**तृतीय युग्म** : न्यूक्लियोकैप्सिड की रूपरेखा/कणों की रूपरेखा।
**चतुर्थ युग्म** : संक्रमित परपोषी के प्रकार/रोगवाहक के प्रकार।

**culmiculous smut** **कल्मीक्यूलस कंड**

समग्र पुष्पक्रम की वृद्धि को प्रभावित करके इसे विस्तृत बीजाणुधानी पुंज में रूपान्तरित करने वाला संक्रमण।

**cultivar** **कृषिजोपजाति, कल्टीवार**

कृषि उत्पादन हेतु पादप प्रजाति।

**culture** **संवर्धन**

1. कृत्रिम माध्यम में सूक्ष्मजीव की वृद्धि।
2. परपोषी पादप पर अविकल्पी परजीवी का निर्वाह।

**culture medium** **संवर्धन माध्यम**

सूक्ष्मजीवों की वृद्धि के लिये प्रयुक्त माध्यम।

**curative fungicide** **रोगहर कवकनाशी**

संक्रमण के बाद रोग को नियन्त्रित करने के लिये प्रयुक्त कवकनाशी।

**cyathiform** **चषकरूप**

प्याले के आकार की संरचना।

**cyclic disease** **चक्रिक रोग**

किसी निश्चित क्षेत्र में आवर्ती अन्तरालों में उत्पन्न होने वाली बीमारी।

**cyst** **पुटी (सिस्ट)**

जीव जिसके चारों ओर प्रतिरोधी भित्ति बन गई हो।

**cytokinins** **साइटोकाइनिन्स**

एक प्रकार का पादप वृद्धि नियंत्रक जो पादप कोशिकाओं की वृद्धि एवं विभाजन को नियमित करता है।

**cytoplasm** **कोशिकाद्रव्य**

कोशिकाओं में कोशिका कला तथा केंद्रक के बीच स्थित जीव द्रव्य।



**cytoplasmic inheritance** **कोशिकाद्रव्यी वंशागति**

कोशिकाद्रव्य (जैसे कि हरितलवक और सूत्रकणिका) द्वारा वंशागति।

**cytoplasmic membrane** **कोशिकाद्रव्यी कला**

कोशिका भित्ति का एक पतला स्तर जिसमें मुख्यतः फॉस्फोलिपिड होते हैं। यह कोशिका के चयनात्मक पारगम्यता गुणों के लिए उत्तरदायी है।

# D

**damping off** — **आर्द्रपतन**

सूक्ष्मजीव के आक्रमण के फलस्वरूप मृदास्तर पर बीज एवं नवोद्भिदो का क्षय।

**dark field microscopy** — **अदीप्त क्षेत्र सूक्ष्मदर्शिकी**

सूक्ष्मदर्शी परीक्षा का एक प्रकार, जिसमें सूक्ष्मदर्शी क्षेत्र प्रकाशित नही होता। जीव-जैसी वस्तुएं सुस्पष्ट दिखाई देती हैं।

**decapsidation** — **विकैप्सिडीकरण**

वह प्रक्रिया जिसमें परपोषी कोशिका के भीतर विषाणु के पहुँच जाने पर विषाणु का न्यूक्लीक अम्ल अपने कैप्सिड से मुक्त हो जाता है। इसे अनावरण भी कहते हैं।

**decay** — **क्षय**

सूक्ष्मजीवों द्वारा ऊतक का विघटन।

**decline disease (of citrus)** — **(सिट्रस का) ह्रास रोग**

नींबू जाति का एक रोग जिसमें शाखाओं के पश्चक्षय तथा पर्णों की हरिमाहीनता के बाद समग्र पादप की मृत्यु हो जाती है।

**decline phase** — **ह्रास स्थिति**

किसी उत्पत्ति में जीवाणुओं की वृद्धि का अंतिम समय जिसमें जीवाण्विक गणना का ह्रास होता है।

**defined host** — **निश्चित परपोषी**

ऐसा परपोषी जिसके रोगजनक को दूसरे परपोषी में अथवा दूसरे परपोषी के रोगजनक को उसमें स्थानांतरित न किया जा सके।

**density-gradient-centrifugation** — **घनत्व-प्रवणता-अपकेन्द्रीकरण**

ऐसा अपकेन्द्रण जिसमें कण अपने घनत्व के अनुसार विलग हो जाते हैं।



**dependent transmission** — **आश्रित संचरण**

सहायक विषाणु की उपस्थिति में केवल एक रोगवाहक द्वारा विषाणु का संचरण।

**dermatophyte** — **चर्मोद्भिद्**

त्वचा के कवक रोगों के लिए उत्तरदायी कवक।

**detoxification** — **निराविषीकरण**

आविष का विनाश या उसकी निष्क्रियता।

**diagnosis (diagnostic)** — **निदान (निदानात्मक)**

किसी रोग की सुस्पष्ट जांच।

**dichotomous** — **समद्विभाजी**

मुख्य अक्ष तथा गौड़ शाखाओं का सिरे पर दो समान शाखओं मे विभाजन।

**dictyospore** — **डिक्टियोबीजाणु, डिक्टियोस्पोर**

लम्बरूप तथा समानान्तर पटों वाला बीजाणु।

**dieback** — **शीर्षारंभी क्षय**

शीर्ष से मुंख्य तने की ओर ऊतकक्षयी अधोमुखी प्रगति।

**differential host** — **विभेदी परपोषी**

परपोषी पादपों की विशिष्ट जातियां या प्रजातियां जिनकी अनुक्रियाएं शरीरक्रियात्मक संततियों के निर्धारण में प्रयुक्त होती हैं।

**differential medium** — **विभेदी माध्यम**

संवर्धन माध्यम जो विशिष्ट जीवों की उपस्थिति और वृद्धि की अनुक्रिया स्वरूप चयनात्मक रूप से परिवर्तित हो जाता है।

**dikaryon** — **केन्द्रकयुग्म**

निकटतया सम्बद्ध नाभिकों का युग्म।

**dikaryotic** **द्विकेन्द्रकी**

प्रतिकोशिका दो लैंगिकतया जननक्षम नाभिकों वाले कवकजाल या बीजाणु।

**diluent** **तनुकारी**

सान्द्रण के ह्रासीकरण के लिये किसी पादप रक्षक से जुड़ी अक्रिय सामग्री।

**dimorphic** **द्विरूपी**

दो भिन्न रूपों वाले।

**dimorphism** **द्विरूपता**

कवक की आकृति का वह गुण जिसके कारण वह 37° से. में ऊतक में यीस्ट की भांति तथा कमरे के सामान्य तापमान में कवक तंतु की भांति उगता है।

**dioecious** **पृथक्लिंगी**

जिनमें नर व मादा संरचनाएं पृथक् थैलस में पायी जाती हैं।

**diplanetic** **द्विचाली**

दो वृंदन वाले आवर्तकों से युक्त चलबीजाणु।

**diplohaplont** **द्विगुणितागुणित**

जहां द्विगुणित और अगुणित पीढ़ियों का एकांतरण होता है अर्थात् एक के बाद दूसरी आती है।

**diploid** **द्विगुणित (डिप्लाइड)**

ऐसा जीव या कोशिका जिसमें संजीन (जीनोम) के दो समुच्चय पाये जाते हैं।

**disease** **रोग**

पादप में कोई विक्षोभ जो इसकी सामान्य संरचना क्रिया या आर्थिक मूल्य में व्यवधान उत्पन्न करता है।



**disease cycle** **रोग चक्र**

रोग का आरम्भन, उसकी अभिक्रियाएं, अंतरक्रियाएं, विस्तार, वृद्धि एवं पुनरावृत्ति की संपूर्ण श्रृंखला।

**disease endurance** **रोग-सहनशीलता**

एक परिघटना जिसमें पादप रुग्णावस्था में होते हुए भी सामान्य उपापचयी क्रियाओं को करने में सक्षम होता है।

**disease escape** **रोग पलायन**

ऐसी अवस्था जिसमें रोगग्राही पादप या तो अनुकूलतम दशाओं की अनुपलब्धता के कारण या रोगजनकों की अधिक सक्रियता के समय परपोषी के उचित अवस्था में न होने के कारण रोगी होने से बच जाता है।

**disease indexing** **रोग सूचीकरण**

कोई पादप विषाणु से प्रभावित है या नहीं, यह निश्चत करने की कार्यविधि। इसमें विषाणु से प्रभावित पौधे की कलिका, रस आदि का दूसरे पौधे में स्थानांतरण भी शामिल है।

**disease intensity** **रोग तीव्रता, रोग उग्रता**

संपूर्ण पत्ती के क्षेत्रफल में संक्रमित भाग के क्षेत्रफल का प्रतिशत दर्शाने वाली तीव्रता। उदाहरण –

$$\text{तीव्रता} = \frac{\text{संक्रमित पत्ती क्षेत्र}}{\text{संपूर्ण पत्ती क्षेत्र}} \times 100$$

**disinfection** **विसंक्रमण**

पादप भागों में स्थापित रोगजनकों का हनन।

**disinfestant** **विसंक्रामक**

ऐसा कारक जो निकटवर्ती पर्यावरण में या पादपों या पादप भागों की सतह पर उपस्थित जीवों का नाशक हो।

**disinfestation** **विग्रसन**

1. मृदा या पादप अथवा बीजपृष्ठ पर जीव निष्क्रियीकरण।

2. परपोषी की सतह पर परपोषी के चारों ओर के पर्यावरण में रोगजनकों के विनाश की प्रक्रिया।

**disjunctor** **वियोजक**

शृंखला में दो बीजाणुओं के बीच एक लघुबन्ध्य कोशिका जो बीजाणुओं के प्रकीर्णन में सहायक होती है।

**disorder** **विकार**

जैविक या अजैविक कारकों के कारण सामान्य से हानिकारक अवस्था।

**dispersal** **प्रकीर्णन**

किसी एक रोगी पादप या उत्तरजीविता के स्रोत से रोगजनकों का विविध भौतिक और जैव अभिकरणों द्वारा मृदा तथा वायु में संचलन।

**dissemination** **प्रकीर्णन**

अपने स्रोतों से निवेशद्रव्य का परिक्षेपण।

**divided genome** **विभाजित संजीन**

ऐसा विषाणु जिसकी आनुवंशिक सूचना दो या अधिक कणों में विभाजित रहती है।

**dormant** **प्रसुप्त**

ऐसी अवस्था जिसमें बीज, प्रवर्ध्य आदि की उपापचयी सक्रियता न्यूनतम हो जाती है अर्थात् उतनी ही होती है जितनी की जीवित रहने के लिए पर्याप्त हो।

**dosage response curve** **मात्रानिर्धारण अनुक्रिया वक्र**

ऐसी रेखा जो सुग्राही बीजाणुओं की संख्या तथा घातक मात्राओं के लॉग के संबंध को प्रदर्शित करती है।

**dosis curativa** **रोगहरण मात्रा**

निवेश द्रव्य को नष्ट करने हेतु कवकनाशी की न्यूनतम मात्रा।



**dough stage** **दुग्धावस्था**

अपरिपक्व बीज जिसका अन्तःसार कोमल परन्तु न्यूनाधिक कठोर होता है।

**downy mildew** **मृदुरोमिल आसिता**

ऐसे रोग जो पत्तियों की निचली सतह पर मृदुरोमिल श्वेताभ या भूरी वृद्धि के रूप में प्रकट होते हैं।

**durable resistance** **चिरस्थायी रोगरोधिता**

किसी प्रजाति के रोगमूलक पर्यावरण में विस्तृत खेती के बावजूद रोगजनक के प्रति अपेक्षाकृत लम्बी अवधि तक प्रभावी प्रतिरोधिता।

**dusting** **झाड़ना, बुरकना**

अविलेय या अनिलंबनीय द्रव्यों के चूर्ण का पर्णसमूह पर छिड़काव।

# E

**echinulate** लघुकंटकी

नोकदार शूकों या उद्‌वर्धों से आवृत पृष्ठ।

**eclipse** तिरोभाव

जीवाणुभोजी (बैक्टीरियोफाज) के संक्रमण के बाद का वह समय अंतराल जब परपोषी में पूर्ण विरियान उपस्थित नहीं होते।

**eco-climate** पारिस्थितिक जलवायु

किसी पादप–समुदाय की अन्तर्वर्ती जलवायु।

**ecological niche** पारिस्थितिक कर्मता

पारिप्ररूप के अनुकूल वातावरण।

**ecosystem** पारितन्त्र

एक पारितान्त्रिक कोण में पादपों, जंतुओं और वायुमंडलीय कारकों की अन्तरसंबद्धता।

**ecotype (ecological type)** पारिस्थितिक प्ररूप

किसी विशेष आवास में चयन द्वारा उभरता रूप।

**ectoparasite** बाह्य परजीवी

ऐसा परजीवी जो परपोषी के पृष्ठ पर रहता है और उसके बाह्यत्वचीय ऊतकों से चूषकांगों द्वारा पोषण प्राप्त करता है।

**ectosymbiosis** बाह्यसहजीवन

ऐसा सहजीवन जिसमें एक सहजीवी सदस्य अन्य सदस्य की बाहरी सतह पर रहता है।

**ectotrophic** बहिर्मुखांगी

एक कवकमूल जिसमें कवकजाल मूल पर बाह्य आवरण का निर्माण करता है।



**edaphic** मृदीय

मृदा से प्रभावित होने वाला।

**edaphosphere** मृदाक्षेत्र

पादप जड़ों के प्रभाव से रहित मृदा।

**effective inoculum dose** प्रभावी संरोप मात्रा

सफल संक्रमण के लिये निवेश की न्यूनतम मात्रा।

**electrophoresis** वैद्युत कण–संचलन

विद्युत क्षेत्र में निलम्बित कणों का अभिगमन।

**electrotaxis** वैद्युतानुचलन

विद्युत–प्रवाह की अनुक्रिया के फलस्वरूप अलैंगिक चल बीजाणुओं का मूलों के प्रति आकर्षण एवं संचयन।

**elementary body** आरंभिक काय

किसी इकाई झिल्ली द्वारा घिरी हुई माइकोप्लाज्मा की इलेक्ट्रॉन सघन गोलाकार काय।

**elicitor** ऐलिसीटर

जैव अथवा अजैव मूल का सूक्ष्म और दीर्घ अणुजीवी पदार्थ जो बल संक्रमण के प्रतिकूल पादपों में सुरक्षा प्रतिक्रिया को प्रेरित करता है।

**ELISA (enzyme linked immuno sorbent assay)** एलिसा

प्रतिजनों (ऐन्टीजनों) या प्रतिरक्षियों (ऐन्टीबॉडी) के मापन की प्रक्रियाओं में से कोई प्रक्रिया जिसमें विशेष इम्यूनोग्लोबुलिन से सहबद्ध एन्जाइम की मात्रा का आमापन किया जाता है।

**embargo** निषेध रोक

संगरोध प्रावधानों के अन्तर्गत पादप प्रवर्ध के निषिद्ध निर्यात पर कानूनी रोक।

**enation** उद्‌वर्धन, उद्‌वर्ध

तने या पत्ती के किसी भाग की सतह से कोई असाधारण बहिर्वृद्धि।

**encapsidation** **आवरणीकरण**

अपने कोश, कैप्सिड के अन्तर्गत आनुवंशिक पदार्थ का आवरण।

**encapsulation** **संपुटीकरण, संपुटन**

परपोषी के कोशिकाद्रव्य और चूषकांग–भित्ति के बीच स्तराधान का क्षेत्र जो परपोषी की जीवद्रव्य झिल्लिका या किसी नई झिल्ली द्वारा घिरा रहता है।

**encyst** **पुटीकरण**

पुटी का निर्माण करना।

**endoconidium** **अंतःकोनिडियम**

कवकतंतु के अन्दर निर्मित कोनिडियम।

**endoenzyme** **अंतःप्रकिण्व, अंतः एंजाइम**

कोशिका के भीतर बनने वाला प्रकिण्व जो माध्यम में उत्सर्जित नहीं होता। इसे अंतः कोशिकीय प्रकिण्व भी कहा जाता है।

**endofilamentous reproduction** **अंतःतान्तुक जनन**

माइकोप्लाज्मा के तन्तुओं से उत्पन्न ऐसे प्रारंभिक अतिसूक्ष्मकायों की श्रृंखला जो अधिकतम वृद्धि के पश्चात् मुक्त हो जाते हैं।

**endogenous elicitor** **अंतर्जात ऐलिसीटर**

संक्रमण की प्रतिक्रिया के फलस्वरूप संक्रमित कोशिका द्वारा स्वयं ऐलिसीटर के निर्माण की कोशिका भित्ति के खण्ड।

**endogenous inhibitor** **अंतर्जात संदमक**

परपोषी में अन्तर्निहित जीव द्वारा उत्पन्न वह द्रव्य जो निम्न सांद्रण पर अपनी या किसी अन्य जीव अथवा संबंधतया विशिष्ट ढंग की वृद्धि से जुड़े कुछ अन्य जैविक प्रक्रमों की वृद्धि को रोकता है।

**endoparasite** **अंतःपरजीवी**

ऐसा परजीवी जो परपोषी के ऊतकों में या उसके अंतराकोशिक अवकाशों में पाया जाता है और सामान्य सतह या चूषकांगों द्वारा पोषण ग्रहण करता है।



**endophytic** **अंतःपादपी**

पादप ऊतकों के अन्दर विद्यमान।

**endospore** **अंतर्बीजाणु चोल, बीजाणु अंतश्चोल**

मूल भित्ति के भीतर जीवद्रव्यक (protoplast) के क्रमिक विभाजन से बनने वाला अचल बीजाणु।

**endosymbiosis** **अंतःसहजीवन**

ऐसा सहजीवन जिसमें एक सदस्य (सूक्ष्म सहजीवी) दूसरे के भीतर रहता है।

**endotoxin** **अंतराविष**

किसी ग्रैम–अग्राही (gram negative) जीवाणु की कोशिका भित्ति से व्युत्पन्न प्राणी विष।

**endotrophic** **परान्तः पोषित**

ऐसा कवक मूल, जिसमें कवकजाल, मूल की वल्कुटी कोशिकाओं के भीतर रहता है।

**enphytotic** **ऐनफाइटोटिक**

एक सीमित क्षेत्र में नियमित रूप से सामान्य या गंभीर रूप में फैलने वाला पादप रोग।

**enterobacteriaceae** **एन्टेरोबैक्टीरिएसी**

ऑक्सीडेस अग्राही, विकल्पी अवायुजीवी, ग्रैम–अग्राही दंडाकार जीवाणुओं का कुल।

**evironment** **वातावरण, पर्यावरण**

किसी जीव के जीवन और विकास को प्रभावित करने वाली समस्त बाह्य अवस्थाएं।

**epicellular** **अधिकोशिकीय**

परपोषी की कोशिकाओं की सतह पर रहने वाला।

**epicotyl** — **बीपत्रोपरिक (एपिकोटाइल)**

अधोभूमिक अंकुरण में बीजपत्र तथा प्रथम पर्ण के बीच का भाग।

**eipdemic** — **महामारी**

अत्यंत उग्र रूप में फैलने वाला रोग जो व्यापक क्षेत्र में परपोषी को संक्रमित करता है।

**epidemiology** — **महामारी विज्ञान**

विज्ञान की वह शाखा जिसमें रोग के उग्र विस्तार से संबंधित विभिन्न कारकों का अध्ययन किया जाता है।

**epidermis** — **बाह्य त्वचा, अधिचर्म**

त्वचा की बाहरी सतह।

**epinasty** — **अधोकुंचन**

पर्णवृंत का अधोमुखी झुकाव।

**epiphytic** — **अधिपादपीय**

संक्रमण उत्पन्न किए बिना ही पादप पृष्ठ पर विद्यमान।

**episome** — **अधिकाय, एपीसोम**

एक प्लैस्मिड जो स्वायत्त, स्वतः प्रतिकृतिकर अवस्था में रहता हो अथवा परपोषी के गुणसूत्रों में घुलमिल सकता हो।

**eradicant** — **उन्मूलक**

रासायनिक पदार्थ जो स्रोत पर ही रोगजनक को नष्ट कर देता है।

**eradication** — **उन्मूलन**

विविध भौतिक, रासायनिक या जैव उपायों द्वारा संक्रमित क्षेत्र से रोगजनक का विलोपन, जिससे संक्रमण के मूल केंद्र को समाप्त किया जा सके।

**ergot** — **अर्गॉट**

ऐसा रोग जिसके कारण फूलों से मधुस्राव होता है और अंततः बीज कठोर, काले दीर्घकालिक स्क्लेरोशिया में रूपांतरित हो जाते हैं। उदाहरण– राई या बाजरे का अर्गट जो प्रायः क्लैविसेप्स नामक कवक द्वा[illegible] है।



**ergotism** — **अर्गट रोग, अर्गोटिज्म**

मानव व पशुओं में ऐसा रोग जो क्लैविसेप्स कवक संक्रमित दानों में विद्यमान ऐल्कलॉइड युक्त स्क्लेरोशिया के उपभोग से होता है।

**erumpent** — **उद्भेदी**

परपोषी की बाह्य त्वचा का पारभेदन।

**etiolation** — **पाण्डुरता**

प्रकाश की कमी से पौधे का पीला हो जाना।

**etiology** — **हेतुविज्ञान**

रोग के कारणों का अनुसंधान करने वाला विज्ञान जिसके अंतर्गत रोगकारी जीवों, उनकी प्रकृति और परपोषी से उनके संबंधों का अध्ययन किया जाता है।

**eucarpic** — **अंशकाय फलिक**

व्यष्टि जिसका थैलस जनन तन्त्र में पूर्णतः नहीं बदलता।

**eukaryote** — **सुकेंद्रक, यूकैरियोट**

जीवों (पादपों और जंतुओं) का विशाल समूह जिनकी कोशिकाओं में केंद्रक, कला से घिरा हुआ होता है।

**exclusion** — **अपवर्जन**

निवेष द्रव्य को ऐसे क्षेत्रों में प्रवेश करने या स्थापित होने से रोकना जहाँ वह पहले से विद्यमान नहीं है।

**exoenzyme** — **बाह्य प्रकिण्वक, बाह्य एन्जाइम**

पर्यावरण में सूक्ष्मजीव द्वारा उत्सर्जित एन्जाइम। इसे कोशिका बाह्य एन्जाइम भी कहते हैं।

**exogenous** — **बहिर्जात**

जननकारी संरचना की बाहरी सतह से उत्पन्न।

**exogenous elicitor** — **बहिर्जात ऐलिसीटर**

रोगजनक से व्युत्पन्न एलिसीटर।

**exospore** **बहिर्बीजाणु**

ताप तथा शुष्कन रोधी बीजाणु जो मुकुलन की प्रक्रिया द्वारा कायिक कोशिका से बाहर बनता है। उदाहरण- मेथीलोसाइनस वंश के मेथेन-ऑक्सीकारी बहिर्बीजाणु।

**exponential phase** **एक्सपोनेन्टी स्थिति**

स्थिर मात्रा में रोगवृद्धि की क्रमबद्ध संबद्धता में लगने वाला समय।

**extrachromosomal genetic element** **गुणसूत्रबाह्य आनुवंशिक तत्व**

प्लास्मिड नामक एक आनुवंशिक तत्व जो जीवाणु कोशिका के कोशिकाद्रव्य में स्वतः प्रतिकृति बनाता है।

**extramatrical** **ऐक्स्ट्रामैट्रिकल**

परपोषी पादप के बाहर विद्यमान।

**exudate** **रिसाव, निःस्राव**

पादप संरचना से रिसता द्रव्य।



# F

**facultative heterotroph** **विकल्पी परपोषित**

एक स्वपोषित जो आवश्यकता पड़ने पर परपोषित की तरह कार्य कर सकता है।

**facultative parasite** **विकल्पी परजीवी**

ऐसा जीव जो मुख्य रूप से मृतजीवी है किंतु उपयुक्त परपोषी प्राप्त हो जाने पर परजीवी बन सकता है।

**facultative saprophyte** **विकल्पी मृतजीवी**

ऐसा जीव जो सामान्यतः परजीवी होता है लेकिन परपोषी के अभाव में मृतजीवी के रूप में जीवन व्यतीत करता है।

**fasciation** **स्तंभ गुच्छाभन, संपट्टन**

किसी शाखा का स्तंभपूलिकाभन।

**fasciculation** **पुलिकाकरण**

ऐसा अतिवर्धित लक्षण जिसमें कूर्चीसम रोगों के समान पादप प्ररोह आदि अंग गुच्छों के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं।

**fasting period** **ग्राह्यता समय**

थोड़े समय के लिए परीक्षणगत रोगवाहक को भोजन से वंचित करना।

**fermentation** **किण्वन**

कार्बनिक पदार्थ का किण्व द्वारा उत्प्रेरित मंद विघटन, जैसे खमीर उठना, दूध का जमना आदि। इस प्रक्रम में मध्यवर्ती क्रियाधार का उपचयन और अपचयन होता है तथा ऊष्मा निर्मुक्त होती है।

**fertilization** **निषेचीकरण**

दो लैंगिक इकाइयों का संयोजन।

**f-factor** **एफ-कारक**

जीवाण्वीय लिंग या अबंध्यता सम्पन्न प्लास्मिड।

**field immunity** — क्षेत्र असंक्राम्यता

रोगजनक द्वारा किसी क्षेत्र में संक्रमित न होने वाला।

**field resistance** — क्षेत्र प्रतिरोध

किसी क्षेत्र में पौधों की रोगरोधिता।

**filamentous** — तांतुक, तंतुल

कवक का धागे के समान तन्तुरूप।

**filiform** — तन्तुरूप

धागे के समान।

**firing** — ज्वलन

शीर्ण मूल सड़न और म्लान रोगजनक की क्रियाओं के फलस्वरूप समग्र पर्णों की अचानक मृत्यु, शुष्कन और पतन।

**fission** — विखण्डन

एककोशिका का दो कोशिकाओं में विभाजन।

**flagella** — कशाभिका

कोशिका से संलग्न रज्जुवत् संरचना जिसमें स्वतः गति होती रहती है।

**flagellate** — कशाभी

कशाभधारक।

**flecks (speck)** — फ्लैक्स (कलंक)

पर्णों पर रोगजनित सूक्ष्म धब्बे।

**fluorescence** — प्रतिदीप्ति

एक प्रतिदीप्त पदार्थ जो प्रतिकायों में अधिशोषित होता है और जिससे ऊतक पर उसकी पहचान और स्थिति जानने में सुविधा होती है।

**fluorescent antibody** — प्रतिदीप्तिशील प्रतिकाय

कोशिकाओं में प्रतिजनों के विभाजन पर सूक्ष्मदर्शी निरीक्षण की सुविधा के लिये संदीप्त रंग से संयुग्मित प्रतिकाय।



**foorkey disease** — फूर्के रोग

बड़ी इलायची का एक विषाणु रोग जिसमें स्तम्भित प्ररोह हल्की हरिमाहीन पत्तियों तथा कायिक संरचनाओं में रूपांतरित पुष्पक्रम दिखाई देते हैं।

**footrot** — पाद विगलन

तना-मूल आधार के अधोभाग का विगलन।

**formalin** — फॉर्मैलिन

फार्मेल्डीहाइड का 37 से 40 प्रतिशत जलीय विलयन।

**forma specialis** — रूपभेद विशिष्ट

कार्यिकीय सिद्धान्त से समीक्षित टैक्सान।

**fractional sterilization** — प्रभाजी निर्जर्मीकरण, प्रभाजी निर्जीवाणुकरण

पदार्थ को 100° c (212°F) तक तीन दिन तक लगातार (बीच में ऊष्मायन अवधि के साथ) गरम करने से किया जाने वाला रोगाणुनाशन।

**fragmentation** — खंडन

जनक पौधे के एक टूटे हुए भाग से नए पौधे का बनना।

**freeze drying (lyophilization)** — शीत शुष्कन

सूक्ष्मजीवों या पादप ऊतकों के संरक्षण में प्रयुक्त तकनीक, जिससे पानी शून्य में विलीन हो जाता है, जबकि ऊतक ठिठुरी अवस्था में रहता है।

**frog-eye leaf spot** — मेंढक-चक्षु पर्ण चित्ती

सर्कोस्पोरा निकोशियाना द्वारा उत्पन्न तम्बाकू रोग जिसमें श्वेत केंद्र के धब्बे के चारों ओर क्रमानुसार धूसर तथा भूरे एवं गहरे-भूरे से काले किनारे वाले वलय बनते हैं।

**fruiting body** — फलन काय

लैंगिक जनन के फलस्वरूप अंतर्ग्रथित कवकतंतु से निर्मित अत्यधिक संगठित संरचना जिससे बीजाणु उत्पन्न होते हैं।

**F-strain** **एफ–प्रभेद**

कोशिका जिसमे गुणसूत्र के बाहर एक ऐसा एफ–प्लास्मिड हो जो Hfr (एच. एफ. आर.) कोशिका के गुणसूत्र के एफ.—प्लास्मिड से कट कर बना हो।

**fumigant** **धूमक**

परिवर्तक रूप में प्रयुक्त रासायनिक विषालु।

**fumigation** **धूमन**

पीड़कों को नष्ट करने या मृदा को रोगाणुहीन करने के लिए रासायनिक धूम से उपचारित करना।

**fungicide** **कवकनाशी**

ऐसे रासायनिक पदार्थ जो कवकों को नष्ट कर सकते हैं।

**fungistasis** **कवक रोधन**

कवकों की वृद्धि को अस्थायी रूप से अवरुद्ध करने की परिघटना।

**fungistatic** **कवकरोधी**

'कवक की वृद्धि को रोकने वाले रसायन की योग्यता।

**fusiform** **तर्कुरूप**

तर्कु की आकृति का।



# G

**gall** **पिटिका**

किसी पीड़क या रोग के आक्रमण से होने वाले विभिन्न आकार के अपसामान्य उद्वर्ध।

**gametangium** **युग्मकधानी**

ऐसी रचना जिसमें युग्मक उत्पन्न होते हैं अथवा युग्मक के रूप में कार्य करती है।

**gamete** **युग्मक**

युग्मकधानी के अन्दर उत्पन्न नर या मादा जननकोशिका।

**gene** **जीन**

आनुवंशिक आर. एन. ए. या डी. एन. ए. का एक खंड जो जीव के किसी लक्षण को निर्धारित करता है।

**gene-for-gene concept** **जीन के लिए जीन संकल्पना**

क्रमानुसार परपोषी और रोगजनक मे विद्यमान उग्रता और अवरोध के सूचक जीनों का विचार।

**general resistance** **समान्य प्रतिरोध**

एक से अधिक रोगों के लिए रोधिता।

**generation time** **संततिकाल**

सूक्ष्मजीवों की समष्टि के द्विगुण होने के लिए वांछित समय की अवधि।

**genetic incompatibility** **आनुवंशिक विसंगति**

एक प्रकार की विषमजालिकता जो संगम प्ररूपों में आकारिकी अंतरों के बावजूद आनुवंशिकी कारकों से निर्धारित होती है।

**genotype** **जीन प्ररूप**

किसी जीव का आनुवंशिक संघटन।

**genus** — **वंश, जीनस**

समान लक्षणों वाले जीवधारियों का विशिष्ट समूह या वर्गक जिसमें प्रायः कई जातियाँ (स्पीशीज़) होती हैं।

**germination** — **अंकुरण**

वह प्रक्रम जिसके दौरान बीजाणु कायिक कोशिका अथवा कवक तंतु को उत्पन्न करता है।

**germination inhibitor** — **अंकुरण संदमक**

किसी बीज, बीजाणु या अन्य पादप प्रवर्ध्य के अंकुरण को रोकने वाला द्रव्य।

**germinative transmission** — **प्रवर्ध संचरण**

बीजों या प्रवर्ध्यों के साथ–साथ रोगजनकों का संचरण।

**germplasm** — **जननद्रव्य, जर्मप्लाज्म**

समस्त आनुवंशिकताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले बीज या पादप।

**germ pore** — **जनन–छिद्र**

बीजाणुभित्ति या परागकण पर स्थित पतली भित्ति वाला क्षेत्र जिससे एक अंकुरण नलिका बाहर निकलती है।

**germ tube** — **जनन नलिका**

अंकुरण के फलस्वरूप कवक बीजाणु से उत्पन्न तंतु या नलिकीय प्रवर्ध जिससे कवक तन्तुओं को बनाते हुए वृद्धि हो सकती है।

**gibberellin** — **जिबरेलिन**

मूलरूप में जिबरेला फ्यूजीक्योरी (*फ्यूजेरियम मोनिलिफॉर्मी*) से पृथक्कृत पादप वृद्धि नियामक पदार्थों का समूह।

**globose** — **गोलाकार**

लगभग गोल आकृति।

**gloispore (gloeospore)** — **ग्लोईबीजाणु**

अवपंकी बीजाणु।



**gram stain** — **ग्रैम अभिरंजक**

सन् 1884 में डेनमार्क के वैज्ञानिक क्रिश्चियन ग्रैम द्वारा आविष्कृत एक विशेष प्रकार का विभेदक अभिरंजक जो क्रिस्टल वायलेट, आयोडीन और एल्कोहॉल के उत्तरोत्तर उपचार द्वारा जीवाणु कोशिकाओं को अभिरंजित करता है।

**granule** — **कणिका**

किसी सक्रिय उपादान से मिश्रित या निष्क्रिय सामग्री से संसेचित स्थूल कण।

**green ear disease** — **हरित बाली रोग**

*स्क्लेरोस्पोरा ग्रामिनिकोला* द्वारा संक्रमित बाजरा का रोग जिसमें बाली पूर्णतः या अंशतः कुरूप बनकर हरी पर्णाभ संरचनाओं में परिवर्तित हो जाती है।

**green mould** — **हरित फफूंदी**

पादप के अंगों पर पेनिसिलियम जातियों की प्रत्यक्ष हरिताभ वृद्धि।

**grey mould** — **धूसर फफूंदी**

धूसर रंग के फफूँद। उदाहरण– बोट्राइटिस सिनेरिया।

**growth inhibitor** — **वृद्धि निरोधक**

पादप वृद्धि को रोकने वाला पदार्थ।

**growth regulator** — **वृद्धि नियामक**

पदार्थ जो पादप कोशिकाओं के विस्तार, विभाजन और क्रियात्मकता को नियमित करता है।

**gum** — **गोंद**

पौधों से निकलने वाले परिवर्त संघटन का समिश्र पॉलिसैकराइड।

**gummosis** — **गोंदार्तिता**

रुग्णावस्था में पादप ऊतक द्वारा गोंद का उत्सर्जन।

**gynandrosporous** — **पुंजायांगधर**

पुंबीजाणु और अंडजननी के एक ही तंतु पर उत्पन्न होने की स्थिति।

# H

**habitat** **आवास**

जीव के रहने का प्राकृतिक स्थान।

**habitual** **स्वाभाविक**

पादप के अप्राकृतिक और असाधारण स्वरूप में सतत् अभिव्यक्त रोग लक्षण।

**half leaf test** **अर्द्ध पर्ण परीक्षण**

जीवाणु या विषाणु के संक्रमण के संख्यात्मक निर्णय हेतु प्रयुक्त सामान्य प्रयोगात्मक इकाई।

**halo** **प्रभामंडल**

उतकक्षयी चकत्ते के चारों ओर हरिमाहीन क्षेत्र।

**halo blight toxin (phaseotoxin)** **समंडल लक्ष्य अंगमारी आविष**

स्यूडोमोनास फैसियोलिकोला से स्रावित एक ताप स्थायी अविशिष्ट आविष जो हरिमाहीन लक्षण उत्पन्न करता है।

**hanging drop method** **अवलम्बी बिन्दु विधि**

अजर्म स्थिति में स्लाइड के अधस्थल पर लटके हुए जल या विलयन की बूंद में कवकीय बीजाणुओं को अंकुरित करने की विधि।

**haploid** **अगुणित**

एकल गुणसूत्र समुच्चय या जीनोम वाली कोशिका अथवा जीव।

**haustorium** **चूषकांग**

परजीवी की एक विशेष शाखा या अंग जो परपोषी के ऊतकों में प्रवेश कर पोषण प्राप्त करता है।

**head blight** **शीर्ष अंगमारी**

घासों या खाद्यान्नों के स्पाइक का विगलन।



**helotism** **दास जीवन**

सहजीवन का एक रूप जिसमें एक सहयोगी दूसरे की अपेक्षा अधिक लाभ उठाता है।

**helper virus** **सहायक विषाणु**

ऐसा विषाणु जो दोषयुक्त विषाणु में न होने वाले प्रकार्यों की पूर्ति करता है, ताकि दोषयुक्त विषाणु मिश्रित संक्रमण के दौरान संक्रामक चक्र पूरा कर सके।

**hemiangiocarpic** **अनावृतावृत हाइमीनियमी**

कुछ कवकों का फलनकाय जिसमें हाइमीनियम केवल परिपक्वता के समय ही खुलता है।

**hemiascus** **हैमीऐस्कस**

ऐसा ऐस्कस जो प्रतिरूपी से भिन्न बहुबीजाणुओं वाला होता है।

**hemibiotroph** **अर्धजीवपोषी**

ऐसा परपोषी जो द्विपोषियों के समान जीवित ऊतकों पर आक्रमण करता है परन्तु ऊतक की मृत्यु के बाद भी पुनरुत्पादन और बढ़ना जारी रखता है।

**hermaphrodite** **उभयलिंगी**

एक व्यष्टि जिसमें प्रकार्यात्मक नर और मादा जनन तंत्र उपस्थित होते हैं।

**heterocaryosis (heterokaryosis)** **विषमकेन्द्रकता**

ऐसी स्थित जिसमें दो या अधिक आनुवंशिकतया भिन्न केन्द्रक एक कोशिका में रहते हैं।

**heteroecious** **भिन्नाश्रयी**

ऐसा परजीवी कवक जो दो भिन्न परपोषियों पर अपना जीवन-चक्र पूरा करता है। इनमें से एक प्राथमिक तथा दूसरा द्वितीयक परपोषी कहलाता है।

**heterogamy** **विषमयुग्मकी**

दो भिन्न प्रकार के युग्मकों वाला।

**heterogenous infection chain** **विषमांगी संक्रमण श्रृंखला**

रोगचक्र के दौरान रोगजनक का विभिन्न पादप वंशो या जातियों पर निर्भर होना।

**heterokaryon** **विषमकेन्द्रक**

एक जीव जिसकी कोशिकाओं मे आनुवंशिकतया भिन्न दो या अधिक नाभिक होते है।

**heterokaryosis** **विषमकेंद्रकता**

आनुवंशिक रूप से भिन्न दो या अधिक केंद्रकों का एक ही कोशिका में मिलना।

**heterologous encapsidation** **विषमांगी संपुटन आवरण**

दो भिन्न विषाणुओं के एक ही परपोषी कोशिका में गुणित होने के दौरान दोनों जीनोमों का एक दूसरे के प्रोटीन–आवरण में संकुलित हो जाना।

**heterologous titre** **विषमजात अनुमापनांक**

किसी प्रतिसीरम की तनुता का वह चरमबिन्दु जहाँ उसकी तैयारी में प्रयुक्त प्रतिजन के अतिरिक्त किसी अन्य प्रतिजन के विरुद्ध परीक्षण से प्राप्त होता है।

**heterophytic** **हेटेरोफाइटिक**

रोगजनक वाहक बीज से विकसित पादप से भिन्न पादपों में रोगजनकों के संचरण को इंगित करने वाला।

**heterospecific** **विषमविशिष्ट**

रोगजनक वाहक बीज की जातियों से भिन्न परपोषी पादप जातियों में संचरित रोगजनक।

**heterothallic fungi** **विषमजालिकीय/विषमजालिक कवक**

वे कवक जिनमें लैंगिक प्रजनन के लिए दो भिन्न सुसंगत थैलस की आवश्यकता होती है।

**heterothallism** **विषमजालिकता**

एक ऐसी अवस्था जिसमें लैंगिक जनन के लिए विरोधी प्रभेदों के दो पूरक संगमन प्ररूपों की आवश्यकता पड़ती है।



**heterozygous** **विषमयुग्मजी**

जीव या कोशिका की अवस्था जिसमें समान विस्थलों पर जीनों के भिन्न विकल्पी उपस्थित होते हैं।

**high volume sprayer** **उच्चमात्रा फुहारक**

झाड़ियों और पेड़ों पर 1120 लीटर प्रति हेक्टेयर से अधिक और भूमि फसल पर 670 लीटर प्रति हेक्टेयर से अधिक जल की क्षमता वाला फुहारक यंत्र।

**hold over canker** **उपरिधारक प्रव्रण**

अनुवर्ती मौसम में संक्रमण के आरम्भक प्रव्रण में रोगजनक की अतिजीविता।

**holocarpic** **पूर्णकायफलिक**

परिपक्वता के समय पूर्ण थैलस के बीजाणुधानी या बीजाणुधानी पुंज में परिवर्तित होने की स्थिति।

**holoenzyme** **पूर्ण एन्जाइम**

ऐसा संपूर्ण एन्जाइम जिसमें सहएन्जाइम और ऐपोएन्जाइम दोनों होते है।

**holonecrotic** **पूर्णऊतकक्षयी**

पूर्णतः मृत ऊतकों का केन्द्रीय क्षेत्र।

**holothallism** **पूर्णजालिकता**

(कवकों और शैवालों में) वह अवस्था जबकि एक ही केंद्रकीय घटक वाले दो कवकजालों के संयुग्मन से ही लैंगिक जनन क्रिया सम्पन्न हो सकती है।

**homogenous infection chain** **सजातीय संक्रमण श्रृंखला**

रोगजनक द्वारा अपने रोग चक्र के दौरान पादपों के किसी एक ही वंश या जाति पर निर्भर रहने की स्थिति।

**homokaryon** **समकेन्द्रक**

दो या अधिक आनुवंशिकतया समान केन्द्रकों से युक्त कोशिकाओं वाला जीव।

**homologous antiserum** **समजात प्रतिसीरम**

उसी पृथक्कृत विषाणु प्रतिरक्षाजन से प्राप्त प्रतिसीरम।

**homologous encapsidation** **समांगी संपुटनआवरण**

दो जनकों में से किसी एक के समान नए विषाणु कणों का उत्पादन (जब दो भिन्न विषाणु समान परपोषी की कोशिका में गुणित होते हैं)।

**homologous titre** **समजात अनुमापनांक**

किसी प्रतिसीरम की तनुता का वह चरमबिन्दु जहाँ इसकी तैयारी में प्रयुक्त प्रतिजन के विरुद्ध परीक्षण होता है।

**homothallic** **समथैलसी, समजालिक**

ऐसे कवक जिनमें लैंगिक जनन उसी थैलस में होता है।

**homothallism** **समजालिकता**

ऐसी दशा जिसमें निषेचन में भाग लेने वाले दोनों युग्मक एक ही थैलस या आकार की दृष्टि से समान थैलस से उत्पन्न होते हैं।

**homozygous** **समयुग्मजी**

कोशिका या जीव जिसमें प्रमुख या प्रभावहीन युग्म के दोनों युग्मविकल्पी होते हैं।

**honey dew stage** **मधु बिन्दु अवस्था**

बाजरे के अर्गट रोग में एक अवस्था जिसमें छोटी–छोटी गुलाबी बूंदों में भरे हुए कोनिडिया, स्पाइकिकाओं से निःस्रावित होते हैं।

**horizontal resistance (uniform)** **क्षैतिज प्रतिरोध (एकसमानता)**

रोगजनकों की समस्त प्रजातियों के प्रति प्रतिरोध।

**hormone** **हार्मोन**

पादप के सक्रिय वर्धमान भागों में एक आन्तरिक स्राव रूप (पदार्थ) जो अन्य ऊतकों में विसरित होता है और वृद्धि को नियमित एवं प्रभावित करता है।



**host** **परपोषी**

परजीवी को आश्रय देने वाला जीव।

**host plant** **परपोषी पादप**

परजीवी को आश्रय देने वाला पादप।

**host range** **परपोषी परिसर**

किसी निश्चित परजीवी की परपोषी के रूप में ज्ञात पादपजातियाँ।

**host specific toxin** **परपोषक विशिष्ट आविष**

रोगजनक का वह उपापचयी उत्पाद जो विशिष्ट परपोषी के लिये विषैला होता है।

**hyaline** **काचाभ**

रंगहीन कांच–सदृश पारदर्शी।

**hyalospore** **हायलोस्पोर**

एक काचाभ बीजाणु।

**hybrid** **संकर**

एक या अधिक भिन्न वंशागत लक्षणों वाली दो व्यष्टियों की संतति।

**hybrid virus** **संकर विषाणु**

ऐसा विषाणु जिसका आनुवंशिक पदार्थ एकाधिक विषाणुओं से प्राप्त होता है।

**hydraulic sprayer** **द्रवचालित फुहारक**

वह यंत्र जिसमें पानी के दबाव (तरल दाव ऊर्जा) द्वारा फुहारन होता है।

**hydrochory** **जलकीर्णता**

जल द्वारा रोगजनकों का परिक्षेपण।

**hydrolysis** **जल–अपघटन**

जल समावेश से किसी यौगिक का प्रकिण्वीय (एंजाइमी) विघटन।

**hydromycosis** **जलवाहोतकीयता**

वह पादप रोग जिसमें रोगजनक जाइलम तक सीमित रहता है।

**hydrosis** **जलसिक्तता**

रोग का ऊतकक्षयी लक्षण जिसमें प्रभावित ऊतक जलसिक्त हो जाते हैं।

**hygrometer** **आर्द्रतामापी**

वायुमंडल की आपेक्षिक आर्द्रता मापने वाला उपकरण।

**hymenium** **हाईमीनियम**

बेसिडिया या एसाई युक्त फलनकाय की परत।

**hyperauxiny** **ऑक्सिनता**

रोगजनक द्वारा संश्लेषण के कारण जीवाणु संक्रमित ऊतकों में ऑक्सिन (IAA) का संचयन और/या परपोषी अथवा हार्मोन के सामान्य अवकर्षित प्रक्रमों का संदमन।

**hyperparasite** **परात्परजीवी**

ऐसे परजीवी जो अन्य परजीवी से पोषण प्राप्त करते हैं।

**hyperplasia** **अतिवर्धन**

रोगजनक के प्रभाव से उद्दीपित कोशिका विभाजन के कारण पादपांग के साइज़ में अपसामान्य वृद्धि।

**hypersensitive reaction** **अतिसंवेदी अभिक्रिया**

रोगजनक के संक्रमण के फलस्वरूप उत्पन्न परपोषी की वह अभिक्रिया जिसमें संक्रमित ऊतकों की तत्काल मृत्यु हो जाती है। फलतः संक्रमण का परवर्ती विस्तार रुक जाता है।

**hypertrophy** **अतिवृद्धि**

कोशिका का साइज में अपसामान्य परिवर्धन।

**hypha** **कवक तंतु**

कवकीय थैलस का पतला, लंबा, शाखीय तंतु।



**hyphopodia** **तन्तुपाद**

कवकतन्तु द्वारा उत्पन्न आसंजन और प्रवेश संरचनाएं।

**hypocotyl** **बीजपत्राधार**

नवोद्भिद् के अक्ष की बीजपत्रीय पर्वसंधि के नीचे का भाग।

**hyponasty** **अधोवृद्धिवर्तन**

किसी अंग की ऊपरी सतह की अपेक्षा निचली सतह की अधिक वृद्धि होना।

**hypoplasia** **अल्पविकसन**

रोग या पोषण की कमी से पौधे या उसके अंगों का छोटा रह जाना।

**hypostatic gene** **अबल जीन**

वह जीन जिसकी अभिव्यक्ति अयुग्मविकल्पी जीन से दमित होती है।

**hypothecium** **अधस्थीसियम, हाईपोथीसियम**

कवकतंतुओं द्वारा निर्मित फलनकाय का बंध्य भाग जो सामान्यतः हाइमीनियम परत के नीचे पाया जाता है।

**hypotrophy** **हाइपोट्रॉफी**

कोशिका आकार में ह्रास के कारण कोशिका या पादप या इसके अंगों का अल्पविकास।

**hysterothecium** **हिस्टरोथीसियम**

नौकाकार पैरीथीसियम जो शिखर पर दरार के रूप में खुलता है।

# I

**icosahedral** **विंशफलकी**

बहुफलकीय तथा गोलाभीय विषाणु कणों की घनीय सममिति वाले आकार का (विषाणु)।

**ILAR virus (isometric labile ringspot virus)** **आई. एल. ए. आर विषाणु (समावयवी अस्थिर बलय चित्ती विषाणु)**

समावयवी कणयुक्त प्रनूस ऊतकक्षयी बलयचित्ती और समान विषाणु जो कम से कम अपने कुछ परपोषियों में बलयचित्ती के लक्षण उत्पन्न करते हैं और अस्थिर होते हैं।

**immune** **असंक्राम्य**

संक्रमण से मुक्त।

**immunity** **प्रतिरक्षा**

परपोषी में संक्रमण को पूर्णरूपेण रोकने की क्षमता।

**immunization** **प्रतिरक्षीकरण, असंक्रमीकरण**

रोग का पूर्ण प्रतिरोध।

**immunogen** **प्रतिरक्षाजन**

उष्णरक्तीय जन्तुओं में प्रतिकाय के उत्पादन में सक्षम प्रतिजन।

**imperfect fungus** **अपूर्ण कवक**

एक कवक जिसमें लैंगिक बीजाणु ज्ञात नहीं है।

**imperfect stage** **अपूर्णावस्था**

कवक के जीवन चक्र का वह भाग जिसमें लैंगिक अवस्था का अभाव होता है।

**inactive** **निष्क्रिय**

वृद्धि न कर पाने या रोग उत्पन्न न कर पाने की क्रियाहीन दशा।



**inapparent infection** **अप्रत्यक्ष संक्रमण**

ऐसा संक्रमण जिसका लक्षण नहीं दिखलाई देता।

**incidence of disease** **रोग आपतन**

रोग (के होने) की घटना। सामान्यतः किसी निश्चित पादप समष्टि में प्रभावित पादपों का अनुपात।

**incipient infection** **गुप्त संक्रमण**

जहां संक्रमण के प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से नहीं दिखलाई देते यद्यपि रोगजनक पादप में स्थापित रहते हैं।

**incitant** **प्रेरक**

ऐसा रसायन जो सूक्ष्मजीवों में लैंगिक अंगों के परिवर्धन को प्रेरित करता है।

**incompatible interaction** **असंगत अन्तरक्रिया**

रोगजनक और परपोषी कोशिका या परपोषी के बीच पारस्परिक प्रभाव जिससे रोगजनक का संदमन या मृत्यु हो जाती है तथा रोग उत्पन्न नहीं होता।

**incompatibility** **असंगतता**

अंतरा संक्रमण समूह में स्वनिषेचन अथवा परनिषेचन की असफलता।

**incubation** **ऊष्मायन**

नियंत्रित तापमान पर सूक्ष्मजीवों की वृद्धि।

**incubation period** **ऊष्मायन अवधि**

संक्रमण और लक्षण दिखाई देने के बीच की समयावधि।

**incubator** **ऊष्मायित्र, इन्क्यूबेटर**

नियंत्रित ताप पर किसी जीव की कृत्रिम वृद्धि और परिवर्धन में प्रयुक्त उपकरण।

**indicator plant** **सूचक पादप**

ऐसा पौधा जो अपनी उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति से पर्यावरण की विशिष्ट दशा को प्रदर्शित करता है।

**infect** संक्रमित करना

परपोषी में रोगजनक का स्थापित होना।

**infection** संक्रमण

परजीवी का परपोषी में स्थापन।

**infection chain** संक्रमण श्रृंखला

रोगजनकता की पूर्णता की अग्रगामी घटनाओं की श्रृंखला।

**infection court** संक्रमण क्षेत्र

पादप में वह स्थान जहां संक्रमण हो सकता है।

**infection focii** संक्रमण केन्द्र

रोग संक्रमण का मूल केन्द्र जहां से रोग संचार की संभावना रहती है।

**infection frequency** संक्रमण आवृत्ति

एक निश्चित अवधि में संक्रमण का बारंबार प्रकट होना।

**infection peg** संक्रमण खूंटी

किसी सजीव परपोषी कोशिका की भित्ति में प्रवेश करते हुए कवक तन्तु के चारों ओर सुबेरिन, सैलुलोज, कैलोज, लिग्निन के बन्धन से निर्मित संरचना।

**infection point** संक्रमण बिन्दु

वह स्थल जहां संक्रमण प्रत्यक्ष रूप से दृष्टिगत होता है।

**infection pressure** संक्रमण दबाव

सुग्राह्य स्वस्थ ऊतकों की समष्टि में संभवतः किसी निश्चित स्थितिगत स्वतन्त्र संक्रमणों की संख्या।

**infection thread** संक्रमण सूत्र

रोगजनक कवक का विशिष्ट कवक तन्तु जो सुग्राही पादप के ऊतकों पर आक्रमण करता है।



**infectious** संक्रामक

एक रोगी परपोषी पादप से दूसरे स्वस्थ पादप में (बाह्य अभिकरण द्वारा) संचरित होने वाला (रोगजनक)।

**infectious disease** संक्रामक रोग

वह रोग जो किसी रोगजनक से उत्पन्न होता है और रुग्ण पादप से स्वस्थ पादप में प्रसारित होता है।

**infective** संक्रमणात्मक

संक्रमण को स्थापित करने के लिये सूक्ष्म जीव की क्षमता।

**infective titration** संक्रामक अनुमापन

तनुता के चरम बिन्दु को परिभाषित करने से निवेशद्रव्य के विभव का निर्धारण।

**infest** ग्रसित होना

पादप पृष्ठ या मृदा के साथ सूक्ष्मजीवों का उपस्थित रहना।

**infestation** ग्रसन, ग्रस्तता

पादप पृष्ठ पर या मृदा में सूक्ष्मजीवों की उपस्थिति।

**infiltration** अन्तः स्यन्दन

कृत्रिम साधनों द्वारा निवेशद्रव्य का निवेशन।

**ingress** अन्तः क्रमण

सुग्राही पादप के ऊतकों में पादप रोगजनक की प्रवेश पाने की क्रिया।

**inhibition** संदमन, निरोध

किसी जीव या उसकी सक्रियता का अवरुद्ध होना।

**inoculate** संरोपण

निवेशद्रव्य का परपोषी में समावेश करना।

**inoculation** संरोपण

किसी परपोषी या क्रियाधार पर निवेशद्रव्य के स्थानांतरण का प्रक्रम।

**inoculation access time (test access time)** **संरोपणावाप्ति समय**

विषाणु के संचरण में रोगवाहक द्वारा वान्छित समय।

**inoculation feeding time (transfer feeding time)** **संरोपणाशन समय**

विषाणु के सफल संचरणार्थ परीक्षणगत परपोषी को पोषण के लिए रोगवाहक द्वारा वांछित समय।

**inoculum** **संरोप**

रोगजनक के प्रवर्ध्य की संख्या या मात्रा जो रोग की उत्पत्ति में सक्षम हो।

**inoculum density** **संरोप घनत्व**

किसी इकाई क्षेत्र में संरोपण घटकों की संख्या।

**inoculum pressure** **निवेशद्रव्य दबाव**

अत्यधिक निवेशद्रव्य की अधिकतम उपस्थिति जिसके प्रभाव के फलस्वरूप रोग की उत्पत्ति पूर्णरूपेण संभव होती है।

**inoculum potential** **संरोप विभव**

सफल संक्रमण के लिए संरोपण की न्यूनतम मात्रा।

**inoculum threshold** **निवेशद्रव्य प्रभावसीमा**

निवेशद्रव्य की वह मात्रा जो रोग उत्पत्ति के लिए प्रभावकारी हो।

**insect transmission** **कीट संचरण**

कीट रोगवाही द्वारा रोगी पौधे से स्वस्थ पौधे में रोगजनक का स्थानांतरण।

**insect vector** **रोगवाही कीट**

ऐसा कीट जो रोगजनक को रोगग्रस्त परपोषी से स्वस्थ परपोषी पर स्थानांतरित करता है।



***in situ*** **स्वस्थाने**

वे जैविक प्रक्रम जो अपने मूल स्थान में पूरे होते हैं। उदाहरण–बीजाणु का बीजाणुधानी में अनुकरण।

**integrated control** **एकीकृत नियन्त्रण**

पादप रोगों के नियन्त्रण हेतु दो या दो से अधिक विधियों का संगत प्रयोग।

**intensity factor (capacity factor)** **उग्रता कारक (क्षमता कारक)**

पादप महामारी का वह कारक जो संक्रमण को तीव्र करता है।

**intensity of disease** **रोग तीव्रता**

किसी पादप विशेष में रोग की तीव्रता (प्रकर्ष) या मात्रा।

**intercalary** **अन्तर्वेशी, अन्तर्विष्ट**

आधार अथवा चोटी पर न होकर बीच में वृद्धि अथवा संरचना।

**intercellular** **अन्तरकोशिकीय**

दो या अधिक कोशिकाओं के बीच स्थित।

**intercept** **अपरोधन**

परपोषी में रोगजनक को संसूचित करना।

**interference** **व्यवधान**

किसी अन्य सूक्ष्मजीव के प्रत्यक्ष प्रभाव के विशेषीकरण में एक सूक्ष्मजीव की विरोधी क्रिया।

**intracellular parasite** **आन्तर–कोशिक परजीवी**

ऐसा परजीवी जो सामान्यतया किसी कोशिका के भीतर फलता–फूलता है।

**intraembryonal** **आन्तरभ्रूणीय**

भ्रूण के भीतर स्थित।

**intraseminal** **अन्तर्बीजीय**

बीज के ऊतकों के भीतर स्थित।

**intumescence** **इन्ट्यूमीसेन्स**

अतिवर्धन रोग के लक्षण जिसमें पादप भागों के पृष्ठ पर लघु शोथ अभिव्यक्त होते हैं।

**invasion** **आक्रमण**

किसी रोगजनक द्वारा परपोषी में प्रवेश एवं स्थापन।

***in vitro*** **पात्रे**

जीव के बाहर कृत्रिमतया नियंत्रित स्थितियों में किए गए अध्ययन।

***in vivo*** **जीवे**

जीव के अंतर्गत किए गए अध्ययन।

**isogamy** **समयुग्मकता**

दो आकृतिक रूप से समान युग्मकों का संलयन। उदाहरण– जाइगोमाइसिटी के सदस्यों में मिलने वाली स्थिति।

**isoelectric precipitation** **समविभव अवक्षेपण**

किसी विषाणु या प्रोटीन के निलम्बन से अवक्षेपण। जब क्षारक समविभव बिन्दु पर हो अर्थात् जब विषाणु या प्रोटीन पर धनात्मक या ऋणात्मक आवेश न हो।

**isolate** **पृथकत्व**

एकल बीजाणु या विशुद्ध संवर्ध तथा उससे उत्पन्न उपसंवर्ध।

**isolation** **पृथक्करण**

किसी सूक्ष्मजीवी को अधःस्तर या परपोषी से अलग करने का प्रक्रम।

**isonym** **आइसोनिम**

किसी विषाणु या कृषिजोपजाति का यथार्थ नाम।



# K

**karyogamy** **केन्द्रकसंलयन**

दो केन्द्रकों का परस्पर संलयन।

**khaira disease** **खैरा रोग**

यशद (जस्ता) की कमी से उत्पन्न धान का असंक्रामक रोग।

**Koch's Postulates** **कॉख अभिगृहीत**

सन् 1881 में रोबर्ट कॉख ने चार अभिगृहीतों का उल्लेख किया था जिनसे यह सिद्ध होगा कि संक्रामक कारक से रोग उत्पन्न होता है या नहीं ।

(क) रोग कारक, परपोषी में उपस्थित होना चाहिए, स्वस्थ पौधे में नहीं।

(ख) कारक को रोगी पौधे से पृथक किया जा सके और उसे शुद्ध संवर्ध के रूप में उगाया जा सके।

(ग) कारक के शुद्ध संवर्ध के संरोपण से स्वस्थ पौधे में रोग पुनः उत्पन्न किया जा सके।

(घ) संरोपित पौधे से कारक को पुनः पृथक किया जा सके।

**koleroga** **कोलीरोगा**

पेलीक्यूलेरिया कोलीरोगा द्वारा उत्पन्न कॉफी रोग जिसमें बेरी और पर्णों पर काली सड़न दिखाई देती है।

**krank heit sherd** **क्रान्कहाइट शर्ड**

अतिवर्धित कोशिकाओं का समूह।

# L

**lag phase** पश्चस्थिति

संरोपण से आरंभ होकर नए माध्य तक जीवाणु वृद्धि का समय जिसमें उपापचयी क्रिया और समस्त परिमाणों में बढ़ोतरी होती है परन्तु वहाँ कोशिका विभाजन नहीं होता।

**laminar air flow** स्तरीय वायु प्रवाह

ऐसा वायु प्रवाह जिसमें धाराएं आपस में नहीं मिलती हैं, अपितु समांतर दिशा में प्रवाहित होती हैं।

**latent infection** अव्यक्त/गुप्त संक्रमण

ऐसी अवस्था जिसमें किसी रोगजनक द्वारा संक्रमित होने पर भी लक्षण व्यक्त नहीं होते।

**latent period** अव्यक्त काल

रोग वाहक द्वारा विषाणु के अर्जन तथा संक्रमणकारी होने के बीच का समय।

**latent virus** अव्यक्त/गुप्त विषाणु

वह विषाणु जो अपने परपोषी में लक्षण विकसित नहीं करता।

**LC 50 (= Median lethal concentration)** मध्यघातक सान्द्रण

समष्टि के पचास प्रतिशत को मारने के लिए वांछित आविषाक्त की सान्द्रता।

**LD 50 (= Median lethal dose)** मध्यघातक मात्रा

समष्टि के पचास प्रतिशत को मारने के लिए आविषाक्त की मात्रा।

**leaf roll** पर्ण वेल्लन

पर्णों का मुड़कर बेलनाकार होना।

**leaf spot** पर्ण चित्ति

पर्ण पर सीमित ऊतकक्षयी विक्षत।



**leaf scorch** पर्णपरिवाह

अजैव कारकों या पादप आविषालुता के कारण सीमान्त पर्ण ऊतकक्षय।

**lenticel** वातरन्ध्र

गैसों के आदान-प्रदान के उद्देश्य से फल, छाल में कुछ उठा हुआ द्वार।

**lesion** विक्षति

रुग्ण ऊतक का सीमित क्षेत्र।

**lesion test** विक्षति परीक्षण

पादप भागों पर ऊतकक्षय संबंधी विक्षति लाने के लिए जीव की योग्यता के निर्धारण का परीक्षण।

**L-form (L phase variants)** L-रूप (L-प्रावस्था परिवर्ती)

ऐसे जीवाणु जो पूर्ण कोशिका भित्ति बनाने की अपनी क्षमता खो चुके हों, बहुधा अस्थायी रूप से।

**life cycle** जीवन चक्र

किसी जीव की प्रारंभ से अन्त तक वृद्धि और विकास की उत्तरोत्तर अवस्थाएँ।

**lignification** काष्ठाभन

लिग्निन के साथ कोशिका भित्तियों पर लिग्निन का संसेचन।

**ligninase** लिग्निनेज़

लिग्निन को विखंडित करने वाला एक प्रकिण्व (एंजाइम)।

**lignituber** लिग्निट्यूबर

प्रवेश करते कवकतन्तु के परिच्छादक द्वारा नियुक्त परपोषी कोशिका भित्ति से लिग्निन की संघटित खूंटी के समान बर्हिवृद्धि।

**lignolytic enzyme** लिग्निन प्रकिण्व

लिग्निन (जैसे लाख) को अपघटित करने वाले एन्जाइम।

**lipase** **लाइपेस**

एक प्रकिण्व जो वसा को ग्लिसरीन और वसीय अम्लों में विच्छेदित करता है।

**lipman enzymatic system** **लिपमैन एंजाइमी तंत्र**

वह तंत्र जिसमें उच्च ऊर्जा जैविक क्रियाओं के लिए स्थितिज ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है।

**local infection** **स्थानीय संक्रमण**

ऐसा संक्रमण जो जीव के एक भाग तक ही सीमित होता है।

**local lesion** **स्थानीय विक्षत**

विषाणु संक्रमण की अनुक्रिया के फलस्वरूप उत्पन्न एक विविक्त स्थानीय ऊतकक्षयी धब्बा।

**local lesion assay** **स्थानीय विक्षति आमापन**

संरोपित पर्णों के ऊपर उत्पन्न विक्षतियों की संख्या पर आधारित रोगजनक के संक्रमण का पारिमाणिक निर्णय।

**local lesion host** **स्थानिक विक्षति परपोषी**

एक असंबद्ध परपोषी पादप जो विषाणु संरोपण पर स्थानीय विक्षति को विकसित करता है।

**local symptom** **स्थानीय लक्षण**

संरोपण के स्थल पर दृष्ट लक्षण।

**longevity** **आयुकाल**

1. किसी जीव का जीवन काल।

2. विषाणु का परपोषी रोगवाहक अथवा पादप रस में संक्रमित बने रहने की अवधि।

**long cycled rust** **दीर्घ चक्र किट्ट**

देखें – macro cyclic (दीर्घ चक्री)



**loose smut** **श्लथ कंड, अनावृत्त कंड**

अस्टिलैगो कवक के कारण उत्पन्न पादप रोग जिसमें पौधे की बाली के दाने चूर्णी बीजाणुओं में परिवर्धित हो जाते हैं। बीज चोल के विघटित हो जाने से बीजाणुओं का काला चूर्ण बिखर जाता है।

**low temperature breakdown** **न्यून तापक्रम पतन**

कम तापक्रम पर संग्रहण के समय पादप ऊतकों का विघटन।

**LP 50 (= Median lethal period)** **मध्यघातक समय**

(अपने) अव्यक्त काल को पूरा करने के लिए विषाणुकृत रोगवाहकों की समष्टि के पचास प्रतिशत को मारने के लिए लिया हुआ समय।

**lumen** **अवकाशिका, ल्यूमेन**

विशिष्ट कोशिका की गुहा।

**lyophilization** **हिमशुष्कन**

अति निम्न तापमान तथा निर्वात पर सूक्ष्मजीव या किसी पदार्थ को दीर्घ अवधि के लिए संरक्षित करने की प्रक्रिया।

**lypolytic enzyme** **द्रव अपघटक प्रकिण्व**

ऐसे प्रकिण्व जो (लाइपेस फोस्फोलिपिड्स की तरह के) लिपिडों के निम्नीकरण में सक्षम होते हैं।

**lysis** **लयन**

जीवाण्विक स्थिति या लयन द्वारा जीवाणु कोशिका का विलयन।

**lysogenic bacterium** **प्राक्फाजवाही जीवाणु**

वह जीवाणु जिसके संजीन में जीवाणुभोजी का संजीन समावेशित होता है।

**lysogenization** **लयजनीभवन**

विभोजी द्वारा बीजाणु के संक्रमण से उत्पन्न लयजनिक क्लोन या उपक्लोन की उत्पत्ति का प्रक्रम।

# M

**macerate** मसृण

सूक्ष्मजीवी सक्रियता के कारण कोशिकाओं के पृथक्करण द्वारा ऊतकों का विघटन।

**macrobiotic** दीर्घजीवी

बीज तथा सूक्ष्मजीवों के प्रवर्ध्य जो इष्टतम संचयन अवस्था में 15 से 100 या उससे अधिक वर्षों तक जीवत रहते हैं।

**macroclimate** विस्तृत क्षेत्री जलवायु

किसी व्यापक क्षेत्र की जलवायु।

**macroconidium** गुरुकोनिडियम

कवक की किसी जाति में कोनिडिया के लघुतर प्ररूप से विभेदित दीर्घ कोनिडियम।

**macrocyclic** दीर्घचक्री

लम्बी कालावधि का जीवनचक्र जिसमें अनेक प्रकार के बीजाणु क्रमिक रूप से उत्पन्न होते हैं। उदाहरण – पक्सिनिया ग्रैमिनिस।

**macroscopic** असूक्ष्म, स्थूल

बिना किसी यांत्रिक सहायता से दिखाई देने वाला।

**major gene resistance** मुख्य जीन प्रतिरोध

दृष्टिगत विस्तृत प्रभावकारी मुख्य जीनों द्वारा नियन्त्रित प्रतिरोध।

**malformation** कुरचना

रोगाणु अथवा रसायन के प्रभाव के कारण ऊतक की असामान्य वृद्धि।

**malignant** दुर्दम

कोशिका या ऊतकों का स्वतः एवं अनियंत्रित विभाजन (वृद्धि)।



**marble disease (katte disease)** मार्बलाभ रोग (कट्टे रोग)

छोटी इलायची का एक विषाणु रोग जिसमें पत्रों में तथा उनकी मध्य शिराओं से सीमान्त की ओर बढ़ती हुई गहरी हरी धारियाँ होती हैं और अन्त में पौधा मृत्यु को प्राप्त हो जाता है।

**masked infection (masked symptoms)** गोपित लक्षण

कुछ असाधारण अवस्थाओं में लक्षणों की अव्यक्तता।

**masked virus** गोपित विषाणु

ऐसे विषाणु जो अपनी उपस्थिति के लक्षणों को नहीं दिखाते।

**mass median diameter (MMD)** संहति मध्यिका व्यास

दो समान भागों में वितरण के पूर्ण परिणाम को विभाजित करने वाली आकृति वितरण संहति का अर्द्धभाग एम एम डी की अपेक्षा लघुतर व्यास की छोटी बूंदों में निहित रहता है जबकि अन्य आधा भाग अधिक विस्तृत व्यास की लघु बूँदों में।

**mating type** संगम प्ररूप

विषमजालिक जाति के जीव जो लैगिक जनन में सहज भाग लेते हैं।

**matrix** आव्यूह

किसी जीव या जीवांग में समाहित साम्रगी।

**mature plant resistance** परिपक्व पादप प्रतिरोध

पूर्ण विकसित पादपों में प्रतिरोधिता।

**median effective concentration (EC50)** मध्यप्रभावी सान्द्रण

किसी निश्चित जाति की समष्टि में व्यष्टियों के पचास प्रतिशत प्रभाव को निर्धारित करने के लिए वांछित सामग्री का सान्द्रण।

**median effective dose (ED50)** मध्यप्रभावी मात्रा

किन्हीं निश्चित जातियों की समष्टि के व्यष्टियों के पचास प्रतिशत में निर्धारित प्रभाव को निर्दिष्ट करने के लिये वांछित सामग्री की मात्रा।

**medium** — माध्यम

सूक्ष्मजीवों की वृद्धि के लिए प्रयुक्त पदार्थ या घोल।

**meiosis** — अर्धसूत्री विभाजन

ऐसा कोशिका विभाजन जिसमें गुणसूत्र संख्या आधी हो जाती है तथा आनुवंशिक पुनर्योग घटित होता है।

**meiosporangium** — मायोबीजाणुधानी

बीजाणुधानी जिसमें अर्धसूत्री विभाजन होता है।

**meristem** — विभज्योतक

विशेष कोशिका अथवा ऊतकसंहति जिसमें कोशिका विभाजन की क्षमता होती है या जो विभाजन कर रही होती है अथवा विभाजन की तैयारी कर रही होती है।

**mesobiotic** — मध्यजीवीय

बीज तथा सूक्ष्मजीवी प्रवर्ध्य, जो इष्टतम संचयन अवस्थाओं में 15 वर्ष तक जीवित रहते हैं।

**mesophyll** — पर्ण मध्योतक

बाह्य त्वचा के ऊपर और नीचे के मध्यवर्ती भाग में विद्यमान पर्ण मृदूतक कोशिकाएं।

**metabolic resistance** — उपापचयी प्रतिरोध

ऐसा प्रतिरोध जो संश्लेषी (जैसे प्रकाश संश्लेषण) तथा भंजन अभिक्रियाओं (जैसे ग्लाइकोलाइसिस और श्वसन) के बीच के अनुपात से अभिव्यक्त होता है।

**metabolism** — उपापचय

समस्त रासायनिक अभिक्रियाओं का पूर्ण योग जिससे जैव प्रक्रियाओं के लिए ऊर्जा प्रदान की जाती है और नए कोशिका पदार्थ संश्लेषित होते हैं।

**metabolite** — उपापचयज

उपापचयी क्रिया में उत्पन्न पदार्थ।



**metaplasia** — पूर्ण विकासावस्था

अतिवर्धी लक्षण जो असाधारण मंढकण संचयन, हरीतिमा के आगम आदि से अभिव्यक्त होता है।

**microbe** — रोगाणु

अति सूक्ष्मजीव, जैसे कवक, विषाणु, जीवाणु, प्रोटोजोआ आदि, जो सामान्यतः रोगकारी होते हैं।

**microbiotic** — अल्पजीवीय

बीज या सूक्ष्मजीवी प्रवर्ध्य जो इष्टतम संचयन अवस्थाओं में 3 वर्षों तक जीवित रहते हैं।

**microclimate** — सूक्ष्मजलवायु

किसी पादप के चारों ओर व्याप्त जलवायु।

**microconidium** — माइक्रोकोनिडियम

1. कवक की किसी जाति में कोनिडियम के दीर्घ प्ररुप से विभेदित लघुकोनिडियम।

2. कवक का लघुतर कोनिडियम जिसका एक अतिरक्त वृहद् कोनिडिया भी होता है।

**microcyclic (short cycled) rust** — लघुचक्री किट्ट

किट्ट का जीवन चक्र जिसमें टेल्युओ बीजाणु ही एक मात्र द्विकेन्द्रकीय बीजाणु होता है।

**micrometer** — सूक्ष्ममापी/माइक्रोमीटर

1. सूक्ष्मजीवों के आकार मापने की इकाई । एक माइक्रोमीटर 0.001 मिमि. या 1/125, 400 इंच के बराबर होता है। पुराने शब्द माइक्रॉन के स्थान पर अब इस शब्द का प्रयोग किया जाता है।

2. सूक्ष्मजीवों का आकार मापने का यंत्र या उपकरण।

**micron** — माइक्रॉन

लम्बाई की इकाई जो $1 \times 10^{-3}$ एम. एम. (एक मिलीमीटर का हजारवां भाग) के बराबर होती है।

**microsclerotium** लघुदृढ़क, लघुस्क्लेरोशियम

अवर्धक द्वारा दृश्य लघु दृढ़क।

**microscopic** सूक्ष्मदर्शीय

जो केवल सूक्ष्मदर्शी यंत्र के द्वारा ही देखा जा सकता है।

**microtome** माइक्रोटोम

जंतु अथवा पादप अंगों के सूक्ष्मदर्शी परीक्षण हेतु पतली काट (3–5 μm) तैयार करने के लिए प्रयुक्त यंत्र।

**middle lamella** मध्य पटलिका

कोशिकाओं के मध्य निर्मित पेक्टिन से बनी सामान्य संयोजी भित्ति।

**mildew** आसिता

पौधों का एक रोग जिसमें परपोषी के पृष्ठ पर चूर्णी बीजाणुधारी कवकजाल का आवरण पाया जाता है।

**mild symptom** मन्द लक्षण

विस्तार या गहनता अथवा दोनों में कम व्यक्त लक्षण।

**milk stage** दुग्धावस्था

1. बीजवृद्धि की आरंभिक स्थिति जिसमें बीज के भीतर सफेद रस होता है।

2. गेहूँ के बंट रोग की वह स्थित जिसमें कंडित दाने में कोमल सफेद से गहरे रंग का बीजाणुयुक्त गाढ़ा द्रव्य भरा रहता है।

**mills period** मिल्स काल

विशेष तापक्रम पर 'वेन्टूयूरिया इनैक्वलीस ऐस्कोस्पोरस' द्वारा पर्ण संक्रमण की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सेब पर्ण की नमी का अन्तराल।

**minimum inhibiting concentration (MIC)** न्यूनतम संदमनी सांद्रण

प्रतिजैविक (ऐन्टीबायोटिक) का न्यूनतम सांद्रण जो अणुजीव की वृद्धि का संदमन करता है।



**minor gene resitance** लघुजीन प्रतिरोध

लघुजीनों द्वारा अल्प दृष्टिगत प्रतिरोधिता।

**mitosis** समसूत्रण, सूत्रीविभाजन

कोशिका विभाजन की वह प्रक्रिया जिसके फलस्वरूप दो संतति कोशिकाएं बनती हैं जिनमें कोशिका के गुणसूत्रजनक कोशिका के गुणसूत्रों के समरूप होते हैं।

**monoclinous** उभयलिंगी

अण्डधानी वृन्त पर पुंधानी का विकास।

**monogenic resistance** एकोद्‌भवी प्रतिरोध

एकल जीन द्वारा नियन्त्रित प्रतिरोधिता।

**monokaryotic** एककेन्द्रकी

एककेन्द्रक वाली कोशिका।

**monomictic** एकपर्यासी

एक ही प्रकार के (जननक्षम) कवकतंतुओं से निर्मित फलनकाय।

**monotrichous** एककशाभी

कोशिका के एक सिरे पर पाये जाने वाले एक ही कशाभ से युक्त जीवों के लिए प्रयुक्त शब्द।

**morbid anatomy** अस्वस्थ शारीर

ऐसा विज्ञान जिसमें रोगी (पादप) के शारीरिक लक्षणों का अध्ययन किया जाता है।

**mosaic** किर्मीर, मोज़ेक

ऐसे पर्ण लक्षण जिनमें विविध आभा वाले अनेक क्षेत्र बन जाते हैं।

**mottle** कर्बुर

किर्मीर (मोज़ेक) का मन्द रूप।

**multiline** **बहुक्रम**

आनुवंशिकतया लगभग समान प्रजनन संततियों का ऐसा संयोजन जिसमें सामान्य जैव विशेषताओं का समावेश होता है परन्तु मुख्य जीन प्रतिरोध में भिन्नता होती है।

**multipartite virus** **बहुभाजित विषाणु**

वह विषाणु जो संक्रमित पादपों में एक से अधिक न्यूक्लियोप्रोटीन उत्पन्न करता है।

**mummification** **ममीकरण**

वह लक्षण जिसमें फल सड़कर सूख जाता है, सिकुड़ जाता है और सिकुड़कर काला झुर्रीदार और कठोर हो जाता है।

**mummy** **ममी**

संक्रमण के कारण शुष्क और सिकुड़ा हुआ फल।

**mushroom** **छत्रक, कुकुरमुत्ता**

बेसिडियोमाइसिटीज वर्ग के ऐगेरीकेसी नामक कुल के अंतर्गत आने वाले कवकों का मांसल फलकाय।

**mutant** **उत्परिवर्ती**

वह जीन, गुणसूत्र, कोशिका अथवा जीव जो अपने संगत प्रकृत अथवा वन्यप्ररूप से एक या एक से अधिक उत्परवर्तनों के कारण भिन्न होता है।

**mutation** **उत्परिवर्तन**

किसी व्यष्टि में नए वैशिष्ट्य की आकस्मिक अभिव्यक्ति जिसके फलस्वरूप जीन या गुणसूत्रों में संयोगात्मक परिवर्तन हो जाता है।

**mutualism** **सहोपकारिता**

दोनों सदस्यों के लिए लाभकारी साहचर्य।

**mycelia sterilia** **माइसीलिया स्टेरिलिया**

कवकों का वह विषमजातीय समूह जिसमें किसी भी प्रकार के बीजाणु उत्पन्न नहीं होते।



**mycelium** **कवकजाल**

पतले, लंबे, शाखित कवकतंतुओं से निर्मित कवकीय थैलस।

**mycopathology** **कवकरोग विज्ञान**

विज्ञान की वह शाखा जिसमें कवकों से उत्पन्न रोगों का अध्ययन किया जाता है।

**mycophagus** **कवकभक्षी**

कवक से पोषण प्राप्त करने वाला।

**mycophthorous** **माइकॉफ्थोरस**

किसी अन्य कवक पर परजीवी कवक।

**mycorrhiza** **कवकमूल**

कवक और पौधे की जड़ों के बीच सहजीवी साहचर्य।

**mycosis** **कवकता (कवकार्ति)**

कवकों द्वारा उत्पन्न मनुष्य और जंतुओं के रोग।

**mycotoxin** **कवक आविष**

कवक से उत्पन्न होने वाला एक आविष।

**mycotrophic** **कवक सहपोषित**

1. (पौधों के संबंध में) उस पोषी पौधे से संबंधित जिसकी जड़ में कवक हो।

2. (प्राणियों के संबंध में) उस प्रणी से संबंधित जो कवक से पोषण प्राप्त करता हो।

**myxamoeba** **श्लेष्म–अमीबा**

मिक्सोमाइसिटीज का वह नग्न प्रोटोप्लास्ट जो वानस्पतिक प्रावस्था की अमीबाभ गति प्रदर्शित करता है।

**myxomycetes** **मिक्सोमाइसिटीज़**

अवपंक फफूंदी कवकों का एक वर्ग जिसमें अमीबाभ कायिक जीव द्रव्यक और चमकीले रंगीन बीजाणुयुक्त तंतुजाल होते हैं।



# N

**nanism (dwarfing)** **बौनापन**

पादपों का सामान्य से छोटा रह जाना।

**nanometer** **नैनोमीटर**

सूक्ष्मजीवियों के मापन की इकाई, एक नैनोमीटर 0.001 माइक्रोमीटर या $10^{-9}$ मीटर के बराबर होता है। इसे पहले मिलिमाइक्रान कहा जाता था।

**natural immunity** **प्राकृतिक असंक्राम्यता**

जन्मजात जैविक विशेषताओं के कारण सहज रोधक्षमता।

**natural openings** **प्राकृतिक छिद्र**

पादपों में पाये जाने वाले प्राकृतिक छिद्र। उदाहरण – रंध्र, वातरन्ध्र तथा जलरन्ध्र।

**necrophyte** **ऊतकक्षयी**

संक्रमित पादप के मृतक ऊतकों पर जीवित रहने वाला जीव।

**necrosis** **ऊतकक्षय**

कोशिकाओं तथा ऊतकों का नष्ट हो जाना।

**necrotic** **ऊतकक्षयी**

परजीवी क्रियात्मकता के कारण मृतक ऊतक क्षेत्र।

**necrotroph** **ऊतकपोषीय, नेक्रोट्रॉफ**

मृत ऊतकों से पोषण प्राप्त करने वाला जीव।

**necrotrophic** **ऊतकपोषित, नेक्रोट्रॉफिक**

जीव ऊतकों का मारक एवं उनके पोषक स्रोतों का उपभोक्ता।

**nectarthode** **मकरंद रंध्र**

पुष्पों के मकरंद कोषों के सूक्ष्म छिद्र जिनमें से मकरंद का निःस्राव होता है।

**nematicide** **सूत्रकृमिनाशी**

ऐसा रसायन जो सूत्रकृमि को नष्ट कर देता है।

**nematode** **सूत्रकृमि**

बहुकोशिकीय, खंडरहित, कृमिरूप, द्विपार्श्विक सुडौल जीव जो पौधों को क्षति पहुँचाते हैं।

**nematology** **सूत्रकृमिविज्ञान**

विज्ञान की वह शाखा जिसमें सूत्रकृमियों का अध्ययन किया जाता है।

**NEPO virus** **नेपो विषाणु**

सूत्रकृमि संचरित बहुतलीय विषाणु।

**NETU virus** **नेटु विषाणु**

सूत्रकृमि संचरित नलिकाकार विषाणु।

**neutralization** **उदासीनीकरण, निष्प्रभावन**

एक सीरमीय परीक्षण जिसमें एक विषाणु निलम्बन की अवस्था में निलंबन से संयुक्त विशिष्ट प्रतिकायों द्वारा प्रभावहीन हो जाता है और अपनी संक्रामकता के खो देता है।

**nitrification** **नाइट्रीकरण**

अमोनिया का नाइट्रेट में जीवाणुओं (नाइट्रोसोमोनास और नाट्रोबेक्टर) की क्रिया द्वारा ऑक्सीकरण। इसका एक चरण अमोनिया से नाइट्राइट और दूसरा नाइट्राइट से नाइट्रेट का बनना है।

**nitrogen fixation** **नाइट्रोजन यौगिकीकरण**

वायुमंडल की नाइट्रोजन गैस से नाइट्रोजनी यौगिकों का बनना। यह प्रक्रिया रासायनिक तथा जैविक दोनों प्रकार से हो सकती है।

**non-ionic surfactant** **अनायनिक पृष्ठसक्रियक**

वह पदार्थ जिसका घोल में आयनीकरण नहीं होता। इसलिए वह ऋणायनी और धनायनी दोनों प्रकार के पदार्थों के साथ सुसंगत होता है।



**non-parasitic disease** **अपरजीवीय रोग**

अजैविक कारक द्वारा उत्पन्न असंक्रामक रोग।

**non-pathogen** **अरोगजनक**

ऐसा जीव जो पादप में रोग उत्पादक के रूप में नहीं जाना जाता।

**non-persistent virus** **अदीर्घ स्थायी विषाणु**

रोगवाहकों द्वारा केवल कुछ घंटों के लिए संक्रमित पादपों से स्वस्थ पादपों में स्थानान्तरित विषाणु।

**nonseptate** **पट्टविहीन**

पट्ट रहित कवकतंतु।

**non-specific toxin** **अविशिष्ट जीवविष**

किसी जीव का वह उपापचयी उत्पाद जो विषाक्त लक्षणों को विभिन्न जीवों में प्रेरित करता है।

**non-virulent (avirulent)** **अनुग्र**

रोग जनक का एक परिवर्तन जो रोग उत्पत्ति में अक्षम है।

**nosology** **रोग वर्गिकी**

रोगों का वर्गीकरण।

**notifiable disease** **अधिसूचनीय रोग**

ऐसा रोग जिसकी वैधानिक संरचना देना आवश्यक है।

**nucleocapsid** **नाभिक कैप्सिड**

परिवृत्त प्रोटीन आवरण के साथ-साथ विषाणु कण का केन्द्रक अम्लीय घटक।

**nucleoprotein** **केन्द्रक प्रोटीन**

न्यूक्लिक अम्ल तथा प्रोटीन से निर्मित।

**nucleoside** **न्यूक्लिओसाइड**

एक इकाई जो प्यूरिन अथवा पिरिमिडीन क्षारक तथा पेन्टोस शर्करा के संयोजन से बनती है।

**nucleotide** **न्यूक्लिओटाइड**

एक इकाई जिसमें पेन्टोस शर्करा, नाइट्रोजनी क्षारक और फॉस्फोरिक अम्ल का एक-एक अणु है।

**nucleus** **केन्द्रक**

सुकेन्द्रकी कोशिका का झिल्लिका परिबद्ध कोशिकांग जिसमें क्रोमेटिन, केन्द्रिक और केन्द्रक द्रव्य होता है।

**numerical threshold of infection** **सांख्यिक संक्रमण प्रभावी सीमा**

अनुकूल दशाओं में जीव के संक्रमण के लिए वांछित परजीवी के प्रवर्ध्यों की न्यूनतम संख्या।

**nutritional disorder** **पोषण विकार**

पोषक तत्वों की कमी या अधिकता के कारण उत्पन्न विकार।



# O

**ocular micrometer** **नेत्र सूक्ष्ममापी**

एक सूक्ष्मदर्शी की नेत्रिका में लगायी जाने वाली कांच की वह चक्रिका जिसकी समान दूरी पर खिंची रेखाओं से किसी जीव के आकार का मापन करते हैं।

**obligate parasite** **अविकल्पी परजीवी**

केवल जीवित कोशिका द्रव्य से पोषण ग्रहण करने वाला परजीवी।

**oidium** **ऑइडियम**

कवकतंतु के खंडीकरण से उत्पन्न बीजाणु जो सामान्यतः रैखिक शृंखला में व्यवस्थित होते हैं।

**oligogenic resistance** **अल्पजीनी प्रतिरोध**

कुछ जीनों द्वारा नियन्त्रित प्रतिरोधी जिसके समलक्षणी प्रभाव कम या अधिक हों।

**ontogenic disposition** **व्यष्टिविकास व्यवस्था**

पादप की आयु जो रोगजनकों द्वारा संक्रमण में निर्णायक होती है।

**oogamous** **विषमयुग्मकी**

ऐसा जनन जिसमें अंडधानी (ऊगोनियम) निषेचित होती है तथा निषिक्तांड (ऊस्पोर) बनते हैं।

**oogonium** **अंडधानी**

ऐसी मादा युग्मकधानी जो एक या अधिक युग्मक धारण करती है।

**oosphere** **अंड, अंडगोल**

अंडधानी में अनिषेचित अंडकोशिका।

**oospore** **निषिक्तांड**

एक मोटी भित्तिवाला युग्मनज जिसकी रचना नर तथा मादा युग्मकों के निषेचन से उत्पन्न मोटी भित्तिवाला युग्मज जो प्रायः चिरस्थायी होता है।

**ooze** — रिसना, ऊज

पीठिका, वातरन्ध्र, जलरन्ध्र, व्रण आदि के समान पादप संरचना में किसी छिद्र के द्वारा निःस्रावित चिपचिपा द्रव।

**organ specific** — अंग विशिष्ट

किसी विशेष अंग में रोग उत्पन्न करने वाला।

**ostiolate** — आस्यकी

जनन अंगों की वह अवस्था जिसमें एक लघु छिद्र या आस्यक पाया जाता है जिसके द्वारा बीजाणु निर्मुक्त होते हैं। उदाहरण– पिक्निडिया और पेरीथीसिया।

**ostiole** — आस्यक

पिक्निडिया, पेरीथीसियम या पिक्निया में रन्ध्रवत् द्वार जिसके द्वारा बीजाणुफलनकाय से बाहर निकले हैं।

**ovariculous smut** — अंडाशयवासी कंड

किसी संक्रमण के कारण अंडाशय में भर जाने वाले कंड।

**over wintering** — शिशिराति जीवन

शिशिरकाल के दौरान उत्तरजीविता।



# P

**palisade parenchyma** — खंभ मृदूतक

पर्णमध्योतक (मेसोफिल) का ऊपरी ऊतक जिसमें स्तंभाकार कोशिकाएं पत्ती की सतह से समकोण बनाती हुई स्थित होती हैं। इस ऊतक में अंतराकोशिक अवकाश छोटे–छोटे होते हैं और कोशिकाओं में पर्णहरित की प्रचुरता होती है।

**palliative measures** — उपशामक उपाय

सस्य उत्पादन क्रियाविधियों में परिवर्तन करके रोग का नियंत्रण करना। इन विधियों में रोपण तिथि, गहराई, उर्वरकों और खादों का प्रयोग, मृदा pH समायोजन, बोए जाने वाले पदार्थों का चयन, प्रति हैक्टर पादपों की संख्या और पादपों के बीच स्थान छोड़ना आदि शामिल है।

**panama disease** — पैनामा रोग

फ्यूजेरियम क्यूबेन्स द्वारा उत्पन्न केले का रोग जिसमें पादप मुरझा जाता है।

**pandemic disease** — सर्वव्यापी रोग

देश के विस्तृत क्षेत्र पर आवर्ती अंतरालों में दिखाई देने वाला रोग।

**papilla** — पैपिला

बीजाणुधानी, बीजाणु आदि में छोटा, गोल उभार।

**papillate** — पैपिलायुक्त, पैपिलेट

जिसमें पैपिला पाया जाता है।

**paragynous** — परिजायांगी

जिसमें अंडधानी तथा पुंधानी परस्पर सटे हुए हों।

**parasite** — परजीवी

ऐसा जीव जो किसी अन्य सजीव प्राणी पर जीवित रहता है और उससे अपना पोषण प्राप्त करता है।

**parasitism** **परजीविता**

किसी अन्य सजीव व्यष्टि के ऊतकों पर एक जीव या विषाणु की आंशिक या पूर्ण पोषणात्मक निर्भरता।

**parthenogenesis** **अनिषेकजनन**

वह प्रक्रम जिसमें निषेचन के बिना अंडे से नए व्यष्टि का परिवर्धन होता है।

**parthenospore** **अनिषेक बीजाणु**

एकल अनिषेचित युग्मक से बना मोटी भित्ति वाला बीजाणु।

**passage** **पथ**

परपोषी में परजीवी का प्रवेश मार्ग।

**passive resistance** **निष्क्रिय प्रतिरोध**

रोग जनक की उपस्थिति में परपोषी की किसी सुरक्षात्मक अभिक्रिया का अनुवर्तन न करने वाला प्रतिरोध।

**pasteur effect** **पास्तेर प्रभाव**

श्वसन की वह परिघटना जिसमें ऑक्सीजन की उपस्थिति में ग्लाइकोलिसिस संदमित से जाता है।

**pasteurization** **पास्तेरीकरण**

रोगजन सूक्ष्माणुओं को गर्म और ठंडा करके नष्ट करने की विधि जिसमें सूक्ष्माणुओं को पहले 62.9° से. तापमान पर 30 मिनट तक अथवा 71.6° से. तापमान पर 15 मिनट तक उपचारित करते हैं और फिर तेजी से उनका शीतलन करते है। आजकल यह प्रक्रिया परिवर्तित विधि में तापमान काफी बढ़ा कर कुछ ही सेकंड में पूरी हो जाती है।

**pathodeme** **परपोषी**

कृपया देखें -host ।

**pathogen** **रोगजनक**

ऐसा जैविक और अजैविक कारक जो रोग उत्पन्न करने में सक्षम हो।



**pathogenesis** **रोगजनन**

रोगजनक के परपोषी में प्रवेश के समय से उसके लक्षण दिखाई देने तक की समस्त अभिक्रियाओं की श्रृंखला।

**pathogenesis-related protein (PR protein)** **रोगजनक सम्बद्ध प्रोटीन (पी. आर. प्रोटीन)**

किसी रोगजनक द्वारा संक्रमण की अनुक्रिया में परपोषी निर्मित प्रोटीन।

**pathogenic** **रोगजनक**

रोगोत्पादन की योग्यता या रोगजनक की विशेषताओं का धारक।

**pathogenicity** **रोगजनकता**

रोगजनक की रोग उत्पन्न करने की क्षमता।

**pathological histology** **विकृति औतिकी**

परपोषी के ऊतकों में रोगों के प्रभाव से होने वाली संरचनात्मक विकृतियों का अध्ययन।

**pathology** **रोगविज्ञान**

विज्ञान की वह शाखा जिसमें रोगों का अध्ययन किया जाता है।

**pathosystem** **रोगतन्त्र**

एक विशिष्ट परपोषी और रोगजनक के बीच अन्तरक्रिया।

**pathotoxin** **रोग आविषालु**

रोग जनक जीव द्वारा उत्पन्न आविषालु जो रोग प्रेरण में सक्षम होता है।

**pathotype** **रोगप्ररूप**

रोगजनकता की सामान्य विशेषताओं द्वारा विशेषीकृत जातियों का एक उपविभाग, विशेषतया परपोषी की श्रेणी के सम्बन्ध में।

**pathovar** **पैथोवार**

रोगजनक जाति का एक उपविभाजन जो रोगजनकता की सामान्य विशेषताओं से अभिलक्षित होता है।

**pectin** — पेक्टिन

मध्यपटलिका तथा प्राथमिक कोशिकाभित्ति में उपलब्ध मेथिलित गैलेक्टुरोनिक अम्ल बहुलक।

**pectinase** — पेक्टिनेस

एक एंजाइम जो पेक्टिन को भंग करता है।

**pectolytic enzyme** — पेक्टिनअपघटनी प्रकिण्व, पेक्टिनाशी प्रकिण्व

ऐसे प्रकिण्व जो पेक्टिक पदार्थों का भंजन/अपघटन करते हैं।

**pedicel** — वृंत, पुष्पवृंत

बीजाणुओं से संबंधित एक पतला, छोटा वृंत। इस शब्द का उपयोग जीनस एकाउलोस्पोरा में बीजाणु और बीजाणु रखने वाले कवक तंतु के बीच के छोटे अनुयोजक के लिए होता है।

**pelleting** — गुटिकाकरण

निष्क्रिय सामग्री से प्रायः पीड़कनाशी रसायन के साथ बीज का विलेपन (कोटिंग)।

**penetration** — प्रवेशन

रोगजनक द्वारा सुग्राही परपोषी के अंदर प्रविष्ट होने की क्रिया।

**perennial canker** — बहुवर्षी/चिरस्थायी कैंकर

ऐसा रोग जिसमें संक्रमण और परपोषी की प्रतिक्रिया एकाधिक मौसम तक जारी रहती है। विक्षतियों की सीमाओं से बाहर वृद्धि के जारी रहने के कारण ऊतकक्षयी विक्षतियाँ प्रत्यक्षतः काष्ठ की गहराई में दब जाती है।

**perennial mycelium** — बहुवर्षी/चिरस्थायी कवकजाल

कवकजाल जो अनेक वर्षों तक जीवित रहता है।

**perfect stage** — पूर्णावस्था

किसी जीव (कवक) में लैंगिक जनन के उपरांत निर्मित विशिष्ट अवस्था या फलनकाय।



**period of latency** — अव्यक्त प्रसुप्ति काल

1. वह अंतराल जिसमें कोई रोगवाहक विषाणु को ग्रहण करके उसे परपोषी में संचरित करता है।

2. संक्रमण के बाद रोग के लक्षण होने तक का अन्तराल (presymptom period)।

**periphysis** — पेरिफाइसिस

पीठिका के रंध्र या आस्यक के भीतरी मुहाने से निकले छोटे-छोटे रोमिल तंतु।

**perithecium** — पेरीथिसियम

फ्लास्क रूपी फलनकाय जिसमें एस्कोबीजाणुयुक्त एस्कस होते हैं और जो एक आस्यक द्वारा बाहर की ओर खुलता है।

**peritrichous flagellation** — परिरोमी कशाभन्यास

जीवाणु कोशिका के बाहर चारों तरफ बिखरे कशाभ।

**permitted tolerance** — अनुमत सह्यता

1. मानव भोज्य सामग्री में अनुमत आविषाक्त का अधिकतम स्तर।

2. अन्तर्राष्ट्रीय या अन्तर्राज्यीय व्यापार में प्रचलित प्रेषित सामग्री में अनुमत रुग्ण पादप सामग्री का अधिकतम सार।

**persistence (of viruses)** — दीर्घस्थायित्व (विषाणुओं का)

संक्रमित पादप से अर्जित होने के बाद रोगवाहक द्वारा लम्बे समय तक धारित विषाणु।

**persistent virus** — दीर्घस्थायी विषाणु

संक्रमित पादपों से स्वस्थ में स्थानान्तरित रोगवाहकों द्वारा लम्बे समय तक धारित विषाणु। कुछ ऐसे विषाणु या तो किसी निर्मोक के माध्यम से निकलते हो अथवा रोगवाहक की संतति तक पहुँचते हो और/अथवा इसमें ही गुणित होते हो।

**perthophyte** — कज्जलारंभ

सजीव परपोषियों के मृतक ऊतकों से पोषण प्राप्त करने वाले जीव।

**pH** **पी. एच.**

किसी विलयन में अम्लता या क्षारता के अंश का सूचक[ph=log(i/cH⁺)]1ut हाइड्रोजन की संद्रता का द्योतक।

**phaeospore** **बभ्रुबीजाणु, फिओस्पोर**

भूरा या गहरा भूरा बीजाणु।

**phage (bacteriophage)** **विभोजी (जीवाणुभोजी)**

जीवाणु पर परजीवी विषाणु।

**phage resistant** **विभोजी प्रतिरोधक**

जीवाणु कोशिका से संलग्न होने के लिए विभोजी की असफलता के करण संक्रमण का प्रतिरोधक।

**phagotype** **भक्षप्ररूप**

जातियों का एक उपविभाग जो विशिष्ट जीवाणुभोजी की संवेदनशीलता से अलग अथवा जीवाणुभोजियों के समुच्चय की संवेदनशीलता के विशिष्ट नमूने से विभेदित होता है।

**phage typing** **विभोजी प्ररूपण**

चयनित विभोजियों की परीक्षित अभिक्रियाओं द्वारा जातियों के अन्तर्गत विभिन्न जीवाण्विक जातियों के प्ररूपों के बीच विभेदीकरण।

**phase** **प्रावस्था**

कोई पारिभाषित समय, दशा या क्रिया जो घटनाक्रम या किसी प्रक्रम का भाग हो।

**phenotype** **लक्षण प्ररूप**

व्यष्टि का बाहरी रूप जो पर्यावरण तथा उसके आनुवंशिक संघटन की अन्योन्य क्रिया से प्राप्त हुआ है।

**phenotypic mixing** **समलक्षणी मिश्रण**

किसी विषाणु कण के प्रोटीन आवरण का दो विभिन्न विषाणुओं की प्रोटीन इकाइयो के मिश्रण से बनना।



**phialide** **तुंबिका**

कोनिडिओजीनस कोशिका जो तलाभिसारी क्रम में कोनिडिया उत्पन्न करती है।

**phototrophic** **प्रकाशानुवर्ती**

प्रकाश का उपयोग करते हुए अजैविक तत्त्वों से उपापचयी क्रियाओं के लिए ऊर्जा ग्रहण।

**phragmobasidium** **फ्रैग्मोबेसिडियम**

पटयुक्त बेसिडियम।

**phycomycelium (epibasidium)** **फाइकोमाइसीलियम (एपिबेसिडियम)**

विषम बीजाणुओं से वर्धित एक जीवाणु नलिका जो बेसिडियम बीजाणुओं को पैदा करती है।

**phyllody** **पर्णाभता**

पुष्पभागों का वर्णवत् संरचनाओं में रूपान्तरण।

**phylloplane** **पर्णाभतल**

पर्ण सतह पर सूक्ष्म आवास।

**phyllosphere** **पर्णगोलक**

पर्णों से प्रभावित क्षेत्र में सूक्ष्म आवास।

**phylogenetic** **जातिवृत्तीय, फाइलोजैनेटिक**

जातिवृत्त से संबंधित।

**phylogeny** **जातिवृत्त**

किसी जाति अथवा वंश का परिवर्धनात्मक तथा विकासवादी इतिहास।

**physiodeme (physiotype)** **कायिक प्ररूप**

रोगजनक की एक समष्टि जिसमें समस्त व्यष्टियों में विशिष्ट कार्यिकी लक्षण समान होते हैं।

**physiological race** **कार्यिकीय प्रजाति, शरीर-क्रियात्मक प्रजाति**

आकारकीय दृष्टि से समान जीव प्ररूप जो अन्य जीव प्ररूपों से शरीर क्रियात्मक अभिलक्षणों में भिन्न होते हैं। उनमें सुग्राह्य पौधों के वंश और प्रजातियों पर संक्रमण कर सकने की अलग-अलग क्षमता होती है।

**physiologic specialization** **कार्यिकीय विशिष्टीकरण, शरीर क्रियात्मक विशिष्टीकरण**

एक ही जाति के रोगजनक की एक से अधिक प्रजातियां।

**physiopath** **परिस्थितिज रोगकारक**

प्रतिकूल जलवायु, मृदा या वायु आदि वातावरणीय कारक जिसके द्वारा पादप क्षति या रोग प्रारंभ होता है।

**physiotype** **कायकीय प्ररूप**

रोगजनकों की एक समष्टि जिसकी सभी व्यष्टियों में कायकीय समानता पायी जाती है।

**phytiatry** **फाइटिएट्री**

संक्रमण रोकने या उसके निराकरण के लिए प्रायः रासायनिकों द्वारा पादप रोगों का उपचार।

**phytoaggressins** **पादप आक्रामक**

प्रकिण्व-जैसे पदार्थ जो जीव द्रव्य को प्रभावित नहीं करते और केवल कोशिकाभित्तियों का विघटन करके उसे पोषण के रूप में उपयोग में लाते हैं।

**phytoalexins** **फाइटोअलेक्सिन**

किन्हीं सूक्ष्म जीवों की वृद्धि को रोकने वाले तत्त्व जो विभिन्न रासायनिक शारीरिक और जैविक प्रेरणाओं की प्रतिक्रिया के फलस्वरूप उच्चतर पादपों में उत्पन्न होते हैं।



**phytoncide** **फाइटानसाइड**

कोई समान्य तत्त्व जो आक्रमणकारी जीव की वृद्धि के प्रति प्रतिरोधिता उत्पन्न करता है।

**phytopathogen** **पादपरोग जनक**

ऐसा सूक्ष्मजीव जो पादपों में रोग उत्पन्न कर सकता है।

**phytopathology (plant pathology)** **पादप रोग विज्ञान**

जैविक और अजैविक कारणों से उत्पन्न पादप रोगों से सम्बद्ध विज्ञान की एक शाखा।

**phytosanitary certificate** **पादप आरोग्यता प्रमाणपत्र**

किसी सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत पादपों या पादप प्रसारित भागों के स्वास्थ्य का प्रमाणपत्र।

**phytosanitation** **पादप आरोग्यता**

रोगवाहकों या हानिकारक वस्तुओं के स्रोत के रूप में विद्यमान संभवतः पीड़क पादप सामग्री या संक्रमण के विनाश या उसके निराकरण के लिए वांछित उपाय।

**phytotoxic** **पादप अविषालु**

पादप या पादप वृद्धि के लिए हानिकारक आविष।

**phytotoxin** **पादप आविष**

परजीवियों द्वारा स्रावित आविष जो परपोषी में रोग लक्षण उत्पन्न करते हैं।

**pili** **पाइली**

जीवाणु कोशिका भित्तियों के प्रोटीनयुक्त तंतुमय प्रवर्ध जिनकी आसंजन क्रिया में कोशिकाओं के बीच आनुवंशिक सूचना के अंतरण और विषाणु संक्रमणों में भूमिका होती है।

**pilus** **पाइलस**

प्रोटीनयुक्त तंतुमय उपांग जो कशाभिका से भिन्न होता है और कुछ ग्रैम–अग्राही जीवाणुओं में उपस्थित होता है।

**pionnotes** **पिओनोट्स**

एक अवपंकी या पिओनोट निःसरण स्पोरोडोकियम जिसमें कोनिडियमधर कोनिडिया समाविष्ट रहते हैं।

**planogamete** **चलयुग्मक**

गतिशील रहने वाले युग्मक।

**planogametic copulation** **चलयुग्मकी संयुग्मन**

ऐसे नग्न युग्मकों का संलयन जिनमें एक या दोनों गतिशील हैं।

**plant disease forecasting** **पादपरोग पूर्वानुमान**

पादप रोग के प्रारंभ होने से पहले ही ज्ञात कारकों के आधार पर उसका अनुमान करना और उसके नियंत्रण की विधियों की जानकारी देना।

**plaque** **प्लाक, लवांक**

जीवाणुभोजियों द्वारा लयन के कारण गोलाकार पारभासी क्षेत्र।

**plasma membrane** **जीवद्रव्य कला, प्लैज्माझिल्ली**

जीवद्रव्य को सीमाबद्ध रखने वाली अतिसूक्ष्म बाह्य झिल्ली।

**plasmid** **प्लास्मिड**

डी. एन. ए. का स्वतः प्रतिकृत अतिगुणसूत्रीय वलय।

**plasmodesma (plasmodesmata)** **जीवद्रव्य तन्तु**

एक सूक्ष्म जीवद्रव्यी तंतु जो दो जीवद्रव्यों का संयोजन करता है।

**plasmodium** **प्लैज्मोडियम**

बहुकेन्द्रकी जीवद्रव्य का नग्न, अवपंकी समूह जो एक अमीबीय रूप में पोषण करता है।



**plasmogamy** **कोशिकाद्रव्य लयन**

दो लैंगिक कोशिकाओं के जीवद्रव्य का संलयन।

**plectenchyma** **प्लेक्टेनकाइमा**

संयुक्त संलीन और अन्तर्ग्रंथित कवकतंतु द्वारा निर्मित ऊतक–सदृश संरचना।

**pleiotropic effect** **बहुप्रभावी प्रभाव**

परपोषी कोशिकाओं पर (आविष का) एकाधिक प्रभाव।

**pleomorphic (=polymorphic)** **बहुरूपी**

जीवनचक्र में बीजाणु स्थिति या एकाधिक स्वतन्त्र रूपों में पाया जाने वाला।

**plesionecrotic** **आसन्न ऊतकक्षयी**

ऊतकक्षयी धब्बे के मृतकवत् परिधीय ऊतक।

**pleurogenous** **प्लूरोजीनस**

पार्श्व से उत्पन्न।

**polygenic resistance** **बहुजीनी प्रतिरोध**

मात्रात्मक लक्षणों को नियन्त्रित करने वाले अनेक जीनों की पंक्ति जो प्रतिरोध उत्पन्न करती है।

**polymorphic** **बहुरूपी**

1. अनेक आकारिकीय रूपों (बहुरूपी) का परिघटन।
2. जीवन–चक्र में एकाधिक प्रकार के बीजाणुओं का पाया जाना।

**polyphialide** **बहुतुम्बिका**

एकाधिक खुले सिरों वाली तुंबिका जिससे कोनिडिया उत्पन्न होते हैं।

**poroconidium (porospore)** **छिद्रज बीजाणु, पोरोकोनिडियम**

कोनिडियोजनक कोशिका के छिद्र से उत्पन्न कोनिडियम।

**potyvirus group** **पॉटी विषाणु समूह**

आलुविषाणु y की प्ररूप संख्या पर नामित विषाणुओं का समुच्चय। इसमें डंडे की आकृति वाले 720–800 एन. एम. लम्बे कणों से युक्त अन्य एफिड संचरित विषाणुओं का भी समावेश होता है।

**post-acquisition fasting** **पश्च–अर्जन उपवास**

संरोपण संभरण से पहले और अक्षम अर्जन के पश्चात् परीक्षणगत रोगवाहक का उपवास।

**powdery mildew** **चूर्णिल आसिता**

एरीसाइफेलीज गण के कवकों से उत्पन्न रोग जिसमें परपोषी की सतह पर सफेद मखमली चूर्णी धब्बे दिखाई देते हैं।

**pre-acquisition fasting** **पूर्व–अर्जन उपवास**

अर्जन संभरण से पूर्व परीक्षणगत रोगवाहक का उपवास।

**preciptin** **प्रेसिपिटिन**

घुलनशील प्रतिजनों की अवक्षेपकता का उत्पादक प्रतिकाय।

**precipitin test** **प्रेसिपिटिन परीक्षण**

प्रत्यक्ष अवक्षेप के निर्माण से अभिव्यक्त घुलनशील प्रतिजन और प्रतिकाय के बीच होने वाली अभिक्रिया में सीरम संबंधी परीक्षण।

**predisposition** **पूर्वानुकूलता**

वह अवस्था जिसमें विभिन्न कारकों के कारण पादप रोग के प्रति सुग्राही हो जाता है।

**pre-emergence damping-off** **पूर्व निर्गमन आर्द्रपतन**

मृदा या अन्य माध्यम की सतह के ऊपर उभरने से पहले रोग के फलस्वरूप नवोद्भिदों की मृत्यु।

**premunity** **अग्रप्रतिरक्षा**

एक अर्जित अविशिष्ट असंक्राम्यता जो पादपों में किसी एक रोगजनक के संक्रमण के पश्चात उत्पन्न होती है और अन्य रोगजनक के संक्रमण से उसे बचाती है।



**prepenetration period** **पूर्वप्रवेश काल**

परपोषी ऊतकों के प्रवेश और पादप पर रोगवाही की स्थिति के बीच का समय।

**prevalence of disease** **रोग की व्यापकता**

क्षेत्र विशेष में किसी रोग का विस्तार।

**primary cycle** **प्राथमिक चक्र**

विश्राम या प्रसुप्ति की अवधि के बाद प्रारंभिक रोगजनक का प्रथम रोग चक्र।

**primary infection** **प्राथमिक संक्रमण**

वह संक्रमण जो उत्तरजीवी रोगजनकों के स्रोतों द्वारा होता है।

**primary inoculum** **प्राथमिक निवेशद्रव्य/संरोप**

ऐसा प्रवर्ध्य जो प्राथमिक संक्रमण उत्पन्न करता है।

**primary lesion** **प्राथमिक विक्षत**

संक्रमण के आरंभिक बिन्दुओं पर संरोपित पर्णों में परिवर्धित होने वाली विक्षतियाँ।

**primary sysmptom** **प्राथमिक लक्षण**

किसी रोग में दिखाई देने वाला पहला ऐसा लक्षण जिसमें एकाधिक प्रकार के लक्षण पैदा होते हैं।

**probasidium** **पूर्वबेसिडियम, प्रोबेसिडियम**

बेसिडियम का एक भाग जिसमें केन्द्रकों का लयन होता है।

**probing** **अन्वेषीकरण**

कुछ अन्य शूकिकाधारक रोगवाहकों और एफिडों द्वारा सतही कोशिकाओं का सूक्ष्म अन्वेषक प्रवेश।

**prokaryotic** **प्राक्केन्द्रकी**

एक अवस्था जिसमें केंद्रकझिल्ली से परिबद्ध नही होता और दूसरे झिल्ली परिबद्ध कोशिका अंगक जैसे कि हरितलवक, सूत्रकणिका (mitochondria) और जालिकाय (dictysomes) अनुपस्थित होते है।

**prolepsis** **पूर्वाभासी परिवर्धन, प्रोलेप्सिस**

रोग की ऐसी अवस्था जिसमें प्राकृतिक समय से पूर्व पादपांग दिखाई देने लगते है। उदाहरण – अपस्थानिक कलिकाओं से प्ररोह के अंकुरण।

**proliferation** **प्रचुरोद्भवन**

अंगों या नए कोशिका ऊतकों की तेजी से बारंबार उत्पादन द्वारा सामान्य से अधिक ऊतक वृद्धि।

**propagative virus** **प्रवर्धी विषाणु**

एक विषाणु जो अपने कीट रोगवाहक में गुणन करता है।

**propagule** **प्रवर्ध्य**

एक जीव की इकाई जिससे प्रकीर्णित या पुनरुत्पादित हो सके।

**prophage** **प्राग्विभोजी**

लयजनिक जीवाणु मे सततस्थित विभोजियों का रूप।

**prophylaxis** **रोग बचाव, रोग निरोध**

रोग को फैलने से रोकने के उपाय।

**prosenchyma** **दीर्घ ऊतक**

ढीले–ढाले रूप में व्यवस्थित कवकतन्तु के ऊतक।

**protectant** **रक्षक**

ऐसा रसायन जो परिपोषी की संक्रमण से रक्षा करता है।

**protection** **रक्षण**

पादप के संक्रमित होने से पूर्व बचाव के उपाय।



**protective fungicide** **रक्षित कवकनाशी**

कवक संक्रमण रोकने के लिए किसी पादप के रक्षण में प्रयुक्त कवकनाशी।

**protective inoculation** **रक्षी संरोपण**

एक सामान्य उग्र विकृति द्वारा संक्रमण के प्रभाव को रोकने या कम करने के लिए किसी रोगजनक, विशेषतः विषाणु की क्षीण विकृति का संरोपण।

**proteolytic enzyme** **प्रोटीन अपघटक प्रकिण्व**

ऐसे प्रकिण्व जो प्रोटीनों का निम्नीकरण करते है।

**prototrophic** **सर्वसंश्लेषी**

सूक्ष्मजीव के विभेद की दशा जिसमें उसे वन्य प्ररूप की आवश्यकता के अतिरिक्त अन्य पोषण की अपेक्षा नही होती।

**pseudomycelium** **आभासी कवकजाल**

शिथिल रूप से जुड़ी कोशिकाओं की श्रृंखला।

**pseudoparenchyma** **आभासी मृदूतक**

कवकतंतुओं की एक प्रकार की जालिका जो मृदूतक–जैसी दिखाई देती है।

**pseudo resistence** **आभासी प्रतिरोध**

रोग स्थापन के लिए प्रतिकूल अवस्था के कारण रोगरोधिता।

**pseudothecium** **स्यूडोथीसियम**

पीठिका के अन्तर्गत कोष्ठक में प्रत्यक्षतः एस्कोबीजाणुधानी को उत्पन्न करने वाला पीठिकीय ऐस्कोकार्प।

**psychrophilic** **निम्नतापप्रिय, शीतरागी**

वह शीत प्रिय जीव जिसकी वद्धि 10° से. से 20°से. तक हो सकती है लेकिन चरमवृद्धि 15° से. अथवा उससे कम पर ही होती है।

**pure culture** **शुद्ध संवर्ध**

एकल कोशिका के विभाजनों से प्राप्त असंदूषित संवर्ध।

**pustule** **स्फोट**

बीजाणु समूह से व्याप्त छोटे फफोलों के समान बारंबारता से उद्भेदी क्षेत्र जो पादप भागों पर परिवर्धित होता है।

**pycnidium** **पिक्निडियम**

स्फेरिओप्सिडेल्स में अलैंगिक खोखला फलनकाय जो कोनिडियमधर से अन्तःरेखित होता है।

**pycnium** **पिक्नियम**

किट्ट कवकों की एक फलन संरचना जिसमें नर पिक्नियोबीजाणु तथा ग्राही कवकतन्तु उत्पन्न होता है।

**pycnospore** **पिक्नोबीजाणु**

पिक्निडियम में उत्पन्न अलैंगिक बीजाणु जो द्विकेंद्रकीभवन में भाग लेता है।



# Q

**qualitative resistance** **गुणात्मक प्रतिरोध**

दीर्घ एवं असतत् वृद्धियों द्वारा व्यक्त प्रतिरोध।

**quantitative resistance** **परिमाणात्मक प्रतिरोध**

न्यूनतम और अधिकतम स्तरों के बीच सतत् विचर के रूप में अभिव्यक्त प्रतिरोध।

**quarantine** **संगरोध**

पादप पदार्थ के आवागमन पर विधिक नियंत्रण जिससे रोगों या पीड़कों के विस्तार को रोका जा सके।

**quiescence** **शान्तावस्था**

चिरकालिक अवस्था का वह समय जिसमें वृद्धि के लिए प्रतिकूल वायुमंडलीय स्थितियों के कारण रोगजनक निष्क्रिय हो सकता है।

# R

**race** **प्रजाति**

देखें biological race (जैविक प्रभेद)।

**ratoon stunting** **पेड़ी स्तंभन**

पेडी ईख का ऐसा रोग जिसमें पौधे सामान्य पौधों की अपेक्षा ठिगने रह जाते है और उनके पर्वो में ऊतकक्षय हो जाता है।

**receptive hypha** **ग्राही कवक तंतु**

विशिष्ट कवक तन्तु जो पिक्नियम का बहिःनिःसरण करता है और मादा संरचना के समान कार्य करता है।

**recessive** **अप्रभावी**

एक वंशागत लक्षण या जीन जो समयुग्मजी दशा में अभिव्यक्त होता है परन्तु विषमयुग्मजी दशा में युग्म के प्रमुख युग्मविकल्पी द्वारा संदमित हो जाता है।

**red rust** **लाल किट्ट**

हरे शैवाल सैफैल्यूरास जाति से उत्पन्न पादप रोग, जिसमें तने और पर्वो की ऊपरी सतह पर रक्ताभ स्फोट दिखाई देते हैं।

**reniform** **वृक्काकार**

सेम के बीज या गुर्दे के समान आकृति।

**replant effect** **पुनः पादपन प्रभाव**

एक ही स्थल पर निकटतया संबद्ध जातियों या उसी की अनुवर्ती निश्चित बहुवर्षीय जातियों के पुनः पादपन की शाखा और मूल वृद्धि की दर में तीव्रहास।

**residue** **अवशेष**

किसी निश्चित समय, विशेषतः फसल पर पादप ऊतक, मृदा, जल, खाद्य पदार्थों इत्यादि में विद्यमान पीड़कनाशी की मात्रा।



**resinosis** **रेजिनार्ति**

वृक्षों से राल का असाधारण रिसाव।

**resistance** **प्रतिरोध**

1. हानिकारक या रोगजनक कारक के प्रभावों को कम करने या उन पर नियंत्रण करने की क्रिया का विरोध या सामना करने के लिए जीव की योग्यता।

2. किसी रोगजनक या अजैविक कारकों की क्रिया को मंद करने या दबाने के लिए परपोषी की क्षमता।

**resitant** **प्रतिरोधक**

किसी निश्चित रोगजनक के परिवर्धन में व्यवधानकारक विशेषताओं से मुक्त।

**resistant virus** **प्रतिरोधी विषाणु**

रोगवाहक में लम्बी अवधि तक संक्रामक अवस्था में रहने वाला विषाणु।

**resistodeme** **प्रतिरोधन**

प्रतिरोधक परपोषियों की वह समष्टि जिसमें सभी जीवों में प्रतिरोधिता का विशिष्ट लक्षण विद्यमान हो।

**response** **अनुक्रिया**

अभिप्रेरण द्वारा जीव में परिवर्तन।

**resting spore** **सुप्त बीजाणु**

मोटी भित्ति वाला बीजाणु जो प्रतिकूल परिस्थितियों में जीवित बना रहता है और अनुकूल परिस्थिति आने पर अंकुरित होता है।

**resting stage** **विरामस्थिति**

कवक की निष्क्रिय स्थिति जब मोटी भित्ति वाला बीजाणु प्रतिकूल अवस्था में भी प्रायः जीवित रहता है।

**retention period** **धारण अवधि**

विषाणु के संचरण योग्य रोगवाहक के अर्जन संभरण का अनुवर्ती समय।

**reticulate** **जालिकारूपी**

जाल के समान।

**retroculture** **पुनः संवर्धन**

संरोपित अधःस्तर या प्रयोगात्मकतया संक्रमित परपोषी से किसी जीव के पुनः पृथक्कत्व के फलस्वरूप प्राप्त एक संवर्ध।

**rheotaxis** **धारानुचलन**

अलैंगिक चल बीजाणुओं के तैरने की गति के समकक्षजलधार की अनुक्रिया के फलस्वरूप उनका आकर्षण और संचयन।

**rhizoid** **मूलाभास**

ऐसी एक कोशिकीय या बहुकोशिकीय रोम–समान संरचना जो देखने मे जड़–जैसी लगती है।

**rhizomorph** **तंतुजटा**

कवकतंतुओं से निर्मित मूल सदृश्य संरचना जिसमें शीर्षस्थ वृद्धि होती है और जो भोजन का परिवहन तथा कवक का विस्तार करती है।

**rhizomycelium** **मूलाभजाल**

मूलाभासी शाखाओं की क्रमिक क्षीणीकृत व्यवस्था जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर जननक्षम क्षेत्रों का परिवर्धन होता है।

**rhizoplane** **मूलतलीय**

मूल की सतह।

**rhizosphere** **मूल परिवेशी**

मिट्टी का वह सूक्ष्म पर्यावरण जो पौधे की जड़ों के प्रभावाधीन होता है।

**ribonuclease (RNase)** **राइबोन्यूक्लिएस**

प्रकिण्व (एन्जाइम) जो आर. एन. ए. को खंडित करता है।



**ring spot** **वलय धब्बा**

पादप अंगों पर वलय द्वारा घिरा धब्बा जो हरिमाहीन, ऊतकक्षयी अपसामान्य गहरे–हरे रंग का ऊतक हो सकता है।

**roestelium** **रोस्टेलियम**

एक ऐसे प्रकार का ईसीडियम जिसमें कवक फलभित्ति विकसित होती है और जो मुख्यतः जिम्नोस्पोरैंजियक कवक में पाई जाती है।

**rogue** **अपप्ररूप**

मानक उपजातीय प्ररूप से भिन्न कोई परिवर्त।

**roguing** **अपावांछन**

उगती हुई फसल से अवांछित अथवा रोगी पौधों को निकाल देना।

**root-nodule bacteria** **मूल ग्रंथिका जीवाणु**

राइजोबिएसी कुल के वंश राइज़ोबियम के वे जीवाणु जो सहजीवी रूप मे शिम्बी पौधों की जड़ों की ग्रंथिकाओं में रहते हैं और वायुमंडलीय नाइट्रोजन का योगिकीकरण करते हैं।

**root rot** **मूल विगलन**

मूल प्रणाली के किसी भाग का सड़ना।

**rosette disease** **रोज़ेट रोग**

ऐसा पादप रोग जिसमें छोटी–2 शाखाएं पौधे के आधार से ही गुच्छ के रूप में निकलती हैं।

**rosetting** **रोज़ेटीभवन**

पर्णों के आकार में तुलनात्मक ह्रास के बिना पत्तों की वृद्धि में तीव्रह्रास।

**rot** **विगलन**

आक्रामक कवकों या जीवाणुओं की क्रिया से ऊतकों का विगलन।

**rotting** **विगलन**

विगलन प्रक्रिया।

**routine test dilution** **नेमका तनुता परीक्षण**

समजात जीवाण्विक प्ररूप पर संगामी लयन की उत्पत्ति के लिए विभोजी की उच्चतम तनुता।

**rugose** **रूक्षपृष्ठी वलित**

विषाणु संक्रमण के फलस्वरूप रूक्ष एवं कुंचित पर्ण।

**russetting** **भूरा रुक्षण रोग, रसैटिंग**

फलो अथवा कंदो की त्वचा पर अत्यधिक कार्क कोशिकाओं के निर्माण के फलस्वरूप भूरे, रूक्ष क्षेत्रो का विकास।

**rust** **किट्ट रोग, रस्ट**

किसी बेसिडियमी (यूरेडिनेलीज) कवक के कारण उत्पन्न पादप रोग जिसमे पौधे की सतह पर चूर्णी लाल, भूरे, पीले अथवा काले रंग के चकत्ते बन जाते है।



# S

**safeners** **सेफनर्स**

रसायन की पादप आविषालुता को कम करने वाला रसायन। उदाहरण– बोर्डोमिश्रण मे चूना।

**saltant** **उत्परिवर्तित**

अज्ञात उद्‌गम का असतत परिवर्त।

**saltation** **वल्गन**

कवकीय निवह (कालोनी) जो भिन्न आकारिकीय तथा भिन्न खंडो मे विभक्त रहता है।

**salting out** **लवण क्षेपण**

किसी निलंबन मे अमोनियम सल्फेट–जैसे लवणो के प्रयोग से विषाणु का अवक्षेपण एवं क्रिस्टलीकरण।

**sanitizer** **स्वच्छकारी**

सूक्ष्मजीवी पादपजातो को उन स्तरो तक कम करने वाले कारक जो जनस्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित माने जाते है।

**saprobe** **मृतजीवी**

मृत जैविक सामग्री का भोजन के समान प्रयोग करने वाले सूक्ष्मजीव।

**saprogenesis** **मृतजीविता**

रोगजनक की प्रसुप्तावस्था जिसमे वह सजीव सुग्राही मे सक्रियता से रोग उत्पन्न नही कर पाता।

**saprophyte** **मृतजीवी**

मृत कार्बनिक पदार्थो पर जीवनयापन करने वाला जीव।

**saprophytic** **मृतजीवी**

मृत जैव पदार्थो पर जीवित रहने वाला।

**saprophytism** **मृतजीविता**

मृत जैव पदार्थ और क्षीण पदार्थों से पोषण प्राप्ति और जीवन यापन।

**sarcody** **सार्कोडी**

एक रोग लक्षण जिसमें पादप के रोग ग्रसित वलयिक भागों के ऊपरी और निचले हिस्से फूले दिखाई देते है।

**satellite virus** **अनुषंगी विषाणु**

किसी विशिष्ट विषाणु की उपस्थिति में गुणित विषाणु।

**savoying** **सैवोइंग**

वृद्धि की विभेदक दर से उत्पन्न पर्णो की शिकन या प्रकुंचन (झुर्रियां)।

**scab** **स्कैब**

एक पर्पटीनुमा विक्षत जिसमें रोगग्रस्त स्थान पर तीव्र रूक्षता आ जाती है अथवा गर्तन उत्पन्न होता है जिस पर काई की पर्तें बन जाती है अथवा नहीं भी बनती।

**scald** **द्रवदाह**

सूर्यदाह से झुलसित धब्बा।

**sclerotium** **दृढ़क, स्क्लैरोशियम**

कवकीय ऊतकों का एक कठोर सुसंहत समूह जो प्रतिकूल वातावरणीय दशाओं में दीर्घकाल तक उत्तरजीवी रहता है।

**sclerotization** **दृढ़ीकरण**

दृढ़क या दढकवत् संरचना के निर्माण की प्रक्रिया।

**scolecospore** **कृमिरूप बीजाणु**

एक लम्बे धागे या कृमि के समान बीजाणु जो पट्युक्त या पटहीन, काचाभ या रंगीन होता है।

**scorch** **परिवाह**

देखें – leaf scorch (पर्ण परिवाह)।



**screening** **तुलनात्मक मूल्यांकन**

पदपातियों, प्रजातियों, जननद्रव्य, कवकनाशियों का रोगजनकों के विरुद्ध तुलनात्मक मूल्यांकन।

**screening host** **विविक्तिकर परपोषी**

मिश्रण के विषाणुओं के एक या अधिक में पादप, दूसरे पादपों से पृथक किए जा सकते हो।

**secondary cycle** **द्वितीयक चक्र**

प्राथमिक चक्र के संरोप द्वारा उत्पन्न रोग चक्र।

**secondary infection** **द्वितीयक संक्रमण**

रोगी पौधे पर विकसित रोगजनक के प्रवर्ध्यों द्वारा उसी फसल के स्वस्थ पोधों पर रोग–संक्रमण।

**secondary inoculum** **द्वितीयक संरोप**

फसलों पर प्राथमिक संक्रमण से उत्पन्न रोग जनक के प्रवर्ध्य।

**secondary symptom** **द्वितीयक लक्षण**

रोग के वे एकाधिक लक्षण जो सुग्राही में प्राथमिक लक्षण के पश्चात् उत्पन्न होते है।

**sector** **अवखंड**

कवक के पात्रे निवह का एक सुस्पष्ट खंड जो शेष निवह से वर्णक वृद्धि दर और बीजाणुकजनन में भिन्न होता है।

**seed borne** **बीजोढ**

बीज के भीतर या ऊपरवाहित रोगजनक।

**seed dressing** **बीजावरण**

कवकनाशी आदि से बीज आवरण का प्रक्रम।

**seedling blight** नवोद्भिद् अंगमारी

एक प्रकार का पादप रोग जिसमे ऊतकक्षय के कारण बीजांकुर झुलसा हुआ–सा दिखाई देने लगता है।

**seed treatment** बीज उपचार

बीज नियन्त्रण साधनो या रसायनो से युक्त बीजोपचार की प्रक्रिया।

**selective medium** चयनात्मक माध्यम

वह संवर्ध माध्यम जो अवांछित सूक्ष्मजीवो की वृद्धि को सीमित करके वांछित सूक्ष्मजीवो की वृद्धि को बढ़ावा देता है।

**senescence** जीर्णता

लम्बी आयु होने या वृद्धत्व की दशा।

**sensitive** संवेदनशील

किसी निश्चित रोगजनक के संक्रमण के प्रबल लक्षणो से युक्त प्रतिक्रिया।

**sensitivity** संवेदनशीलता

हानिकारक या रोगजनक कारको के प्रभाव को सहने के लिए प्रभावी जीव की अक्षमता।

**septate** पटयुक्त

पारगम्य भित्तियो वाला।

**serial dilution** अनुक्रमी तनुता

किसी नमूने का क्रमिक तनूकरण। उदाहरण– 1 : 100 तनूकरण तैयार करने के लिए 1 : 10 तनुता के एक भाग मे 9 भाग तनुकारी से मिलाना होगा। इस पद्धति से किसी भी नमूने मे उपस्थित जीवाणुओ की संख्या का पता लगाते है।

**serial transmission** क्रमिक संचारण

दो या अधिक उत्तरोत्तर परीक्षणगत पादपो मे एकल अर्जनावधि के बाद परीक्षणगत रोगवाहक द्वारा विषाणु का संचरण।



**serology** सीरम विज्ञान

प्रतिजनो और प्रतिरक्षियो की अंतरक्रियाओ का अध्ययन।

**serotype** सीरमप्ररूप

1. जीवाणुओ का अपनी प्रतिजैनिक संरचना के आधार पर उसी जाति के दूसरे फैलाव से, विशिष्ट जातियो या उपजातियो का उपविभाग।

2. विषाणुओं का एक समूह जो अन्य विषाणु समूहो के कुछ प्रतिजनो मे समान होता है।

**serum** सीरम

स्कन्दन के बाद शेष रक्त का जलीय भाग।

**sessile** अवृंत

बिना वृंत का।

**seta** सीटा

एक कठोर प्रायः मोटी भित्ति वाली और गहरे रंग की कांटो के समान संरचना।

**sexual** लैंगिक

लिंग से संबंधित।

**sheath** आच्छद

कोशिकाओ की श्रृंखला या त्वचारोम से घिरी हुई खोखली नलिकाकार रचना। इस शब्द का प्रयोग कुछ ग्रैम–अग्राही जीवाणु कशाभो को घेरे हुए आवरण के लिए भी किया जाता है।

**shelling** अपक्वपात

रोगजनक द्वारा उत्पन्न विस्तृत ऊतकक्षय के कारण फलो का बगैर पके गिर जाना।

**shock symptoms (acute symptoms)** प्रघाती लक्षण

उग्र ऊतकक्षयी लक्षण जो कुछ विषाणुओं के कारण पादप की नई वृद्धि पर उत्पन्न होते है।

**shot hole** — **विस्फोट छिद्र**

पर्णधब्बों के मृतऊतकक्षयी क्षेत्रों के निकल जाने से बना छिद्र।

**sign** — **चिन्ह**

रोगी ऊतकों पर रोगजनकों द्वारा उत्पन्न दृष्ट संरचनाएं।

**simple interest disease** — **सामान्य वृद्धि रोग**

संरोपण के किसी स्थिर स्रोत से परवर्धित होने वाला रोग जिसमें एक मौसम में संक्रमणोत्पादक प्रायः एक ही पीढ़ी होती है।

**simple stain** — **सरल अभिरंजन**

जीवाणु आलेप या स्थिरीकृत फिल्म पर एक अभिरंजक का प्रयोग कर जीवाणु अथवा अन्य जीवों का अभिरंजन करना।

**slurry** — **कर्दम**

तरल, प्रायः पानी से युक्त ठोस कणों का अर्द्धतरल मिश्रण।

**smith period** — **स्मिथ काल**

लगातार दो दिनों में कम से कम 11 घंटे प्रतिदिन जब तापमान 10° से. से कम न रहा हो तथा आपेक्षिक आर्द्रता 90% से अधिक रही हो (आलू के पछेती अंगमारी रोग के पूर्वानुमान के लिए)।

**smut** — **कंड, कंडवा**

कज्जलवत बीजाणुसमूह के उत्पादन से विशेषीकृत रोग जो अस्टीनेलीजिनेल्स क्रम के कवक से उत्पन्न होता है।

**soft rot** — **मृदुविगलन**

कोशिका भित्ति की मध्य पटलिका पर रोगजनक की क्रिया द्वारा मृदूतकों का विगलन।

**soil borne** — **मृदोढ**

भूमि से फैलने वाला।



**soil inhabitant** — **मृदा आवासी**

सूक्ष्मजीव जो भूमि में रहते हैं।

**soil invader** — **मृदा आक्रामक**

सूक्ष्मजीव जो परपोषी की अनुपस्थिति में मृदा में लम्बी अवधि तक रहते हैं।

**soil transient** — **मृदा अल्प प्रवासी**

वह रोगजनक जो परपोषी को संक्रमित करने से पूर्व थोड़े समय के लिए मृदा में रहता है।

**soma** — **काय**

जीव का शरीर।

**somatic cell** — **कायिक कोशिका**

जनन कोशिकाओं के अतिरिक्त किसी जीव की सभी अन्य कोशिकाएं।

**somatogamy** — **काय युग्मन**

लैंगिक जनन की विधि जिसमें कायिक कोशिकाओं का संलयन होता है।

**sooty mould** — **कज्जली फँफूद**

वायविक पादप भागों पर कज्जल पैबन्दों की उत्पादक कैपनोडिएसी कुल के सदस्यों (कवकों) द्वारा पोधों के वायवीय भागों पर कज्जलीय धब्बों की उत्पत्ति।

**sorus** — **बीजाणुधानी पुंज**

फलन संरचनाओं का संहत समूह।

**spermatium** — **स्पर्मेशियम**

एक केंद्रकी अचल बीजाणु-सदृश नर संरचना जो लैंगिक जनन/द्विकेंद्रकीभवन में भाग लेता है।

**spermatization** — **अचल पुमणु युग्मन**

विपरीत प्रभेदों के अचल पुमणु तथा ग्राही कवक तंतु के बीच संलयन।

**spermoplane** — **बीजतल**

बीज की सतह।

**spermosphere** **बीज परिवेश**

बीज से प्रभावित सूक्ष्म आवास।

**spora** **बीजाणुजात**

वायुवाहित पादपों, जन्तुओं या उनके भागों की समष्टि।

**sporadic disease** **कदाचनिक रोग**

ऐसा रोग जो कुछ स्थानों में अनियमित लंबे अंतरलों में यदा-कदा उत्पन्न होता है।

**sporangiophore** **बीजाणुधानीधर**

बीजाणुधानी को धारण करने वाला विशिष्ट कवकतंतु।

**sporangium** **बीजाणुधानी**

अन्तर्जात अलैंगिक बीजाणुओं का उत्पादक अंग।

**spore** **बीजाणु**

सूक्ष्मजननिक संरचना।

**sporicide** **बीजाणुनाशी**

बीजाणुओं का नाश करने वाला कारक।

**sporidium** **स्पोरिडियम**

देखें – basidiospore (बेसिडियम बीजाणु)।

**sporiferous layer** **बीजाणुयुक्त स्तर**

बीजाणु वाली परत बनाने की क्षमता।

**sporodochium** **स्पोरोडोकियम**

एक विशिष्ट अलैंगिक फलन संरचना जिसमें कोनिडियमधर समूह में निकलते हैं।

**sporophore** **बीजाणुधर**

एक कवकतंतु या फलन संरचना जो बीजाणुओं को धारण करती है।



**stigmatomycosis** **बिन्दुक कवकार्ति, स्टिगमैटोमाइकोसिस**

एक कीटाणु द्वारा पुरःस्थापित कवक का संक्रमण जो प्रभावित ऊतकों पर धब्बे छोड़ देता है।

**stigmonosis** **स्टिग्मोनोसिस**

कीट संवेधन द्वारा उत्पन्न स्थानीकृत क्षति के फलस्वरूप एक रुग्णावस्था।

**stipe** **वृंत, छत्रिकावृंत**

छत्रकों का डंठल (वृंत)।

**stolon** **देहांकुर, भूस्तारी**

मूलाभासों के दो समूहों को जोड़ने वाला कवकतन्तु।

**storage fungi** **संचायक कवक**

कवक जो भण्डारण में विकसित होते हैं।

**strain** **विभेद, प्रभेद**

1. विशुद्ध संवर्ध में एकल पृथक्कत्व की संततियाँ।

2. किसी विशेष आर्थिक महत्त्व के संदर्भ में जीवाणु संवर्ध की उच्चत्तर पादपों की कृषिजोपजाति से संगतता।

3. ऐसा विषाणु जो सीरमतया या असंक्राम्यतया अन्य विषाणु के भेद प्ररूप से सम्बद्ध रहता है।

4. विषाणुओं का एक समूह जिसके अधिकतर प्रतिजन दूसरे समूह के समान होते हैं।

**strand** **रज्जुक, तन्तुगुच्छ**

कवकतन्तुओं से निर्मित रज्जुकनुमा संरचना।

**streak** **वर्णरेखा**

तनों या पत्तों पर रोगजनक के आक्रमण से उत्पन्न समानांतर रेखाएं।

**strinking smut** **दुर्गंधी कंड (गेहूँ का बंट रोग)**

टिलेशिया केरीज़ तथा टिलेशिया फीटिडा द्वारा जनित गेहूँ का बंट रोग जिसमें गेहूँ के प्रभावित दानों में ट्राइमिथाइल एमीन के कारण सड़ी मछली की सी गंध आती है।

**stripe** धारी

रोगजनक के आक्रमम से उत्पन्न अपेक्षाकृत चौड़ी ऊतकक्षयी समानान्तर धारियाँ।

**stroma** पीठिका

गद्दे के समान एक सुसंहत कवक संरचना जिसमें फलन होता है।

**stromatization** पीठिकीकरण

पीठिका निर्माण की क्रिया।

**stunt disease** वृद्धिरोध रोग

कवक, जीवाणु अथवा विषाणु जनित एक पादप रोग जिससे पौधे बौने हो जाते है।

**stunting** संतंभन

पर्वों की संख्या या लम्बाई मे सतत ह्रास से पौधो की ऊचांई मे न्यूनता।

**stylet-borne virus** शूकिका वाहित विषाणु

रोग वाहक की शूकिका द्वारा संचरित विषाणु।

**subculture** उपसंवर्ध

मातृ संवर्ध से उत्पन्न संवर्ध।

**subepidermal** उप–अधिचर्मीय

बाह्य त्वचा के नीचे स्थित।

**suberinization** सुबेरनीकरण

कोशिका भित्तियो के भीतर या ऊपर सुबेरिन का निक्षेपण।

**suberization** सुबेराइजेशन

डाट कैम्बियम की क्रिया द्वारा डाट की रचना।

**subiculum** अधोजाल, सुबिकुलम

ढीली कवकतन्तुक चरम के समान संरचना जिससे फलन संरचनाएं बनती है।



**sub-race** उपजाति

कार्यिकी जाति का एक उपविभाग।

**substomatal chamber** अधोरंध्री कोष्ठ

रन्ध्र के नीचे की गुहिका।

**substrate** अवस्तर

एक रासायनिक पदार्थ जिस पर एंजाइमी अभिक्रिया होती है।

**substratum** उपस्तर

वह पदार्थ जिस पर सूक्ष्मजीव उगते या उगाए जाते है।

**summer spore** ग्रीष्मी बीजाणु

एक कवकीय बीजाणु जो बिना विश्राम के अंकुरित होता है और जो प्रायः अल्पजीवी होता है।

**sun-scald** आतप द्रवदाह

देखे -(scald) द्रवदाह ।

**surfactant** पृष्ठसक्रियक

पृष्ठ तनाव को प्रभावित करने वाला पदार्थ।

**suscept** रोगग्राह्य

रोगग्राही पादप।

**susceptibility** रोगग्राहिता

जैविक और अजैविक कारको के आक्रमण से स्वंय को बचाने मे परपोषी की असमर्थता।

**susceptible** रोगग्राही

संक्रमण के लिए उपयुक्त।

**symbiont** सहजीवी

सहजीवन व्यतीत करने वालो मे से संबंधित एक सदस्य।

**symbiosis** सहजीविता

किन्हीं दो विजातीय जीवों के बीच घनिष्ठ क्रियात्मक साहचर्य।

**symptom** लक्षण

रोग से उत्पन्न दृष्ट अपसामान्यतायें।

**symptomatology** लक्षण विज्ञान

रोग की पहचान (निदान) के लिए उसके लक्षणों और चिह्नों का अध्ययन।

**symptomless carrier** लक्षणहीन वाहक

ऐसा रोगवाहक जिसमें विषाणु होते हुए भी रोग के लक्षण दिखाई नहीं देते।

**synascus** सिनैस्कस

अनेक बीजाणुधानियों या एसाई (अनिवार्यतः एक विषमयुग्मनों की) धारक बीजाणुयुक्त कोशिका जिसमें बीजाणुजनन, लगभग दुगुने केन्द्रकों (आटोमाइसिलेलीज) से व्यवस्थित होता है।

**synchronous culture** तुल्यकालिक संवर्ध

वह संवर्ध जिसकी सम्पूर्ण कोशिकाएं एक ही आयु की होती है।

**synchronous growth** तुल्यकालिक वृद्धि

वृद्धि का वह प्रतिरूप जब सभी कोशिकाएं वर्धन के एक ही स्तर पर हों।

**syndrome** संलक्षण

एक रोग द्वारा पादप में एक समय पर या क्रमानुसार उत्पन्न प्रभावों का समग्र योग।

**synergism** योगवाहिता

1. एक समय पर कार्य करने वाले दो या अधिक जीवों का समुदाय जो ऐसे परिवर्तन को प्रभावित करता है जिसे अकेला नहीं कर सकता।

2. अनाविष पदार्थों और कवकनाशी अथवा कवकनाशियों के किसी मिश्रण का अभिवर्द्धित कवकनाशक मूल्य।



**synergistic** संकर्मिक

दो या दो से अधिक जीवों/रासायनिक पदार्थों की अनुबद्ध क्रिया जिसका प्रभाव अलग-अलग कार्य करने वाले प्रत्येक माध्यम के प्रभावों के योग से अधिक होता है।

**syngamy** युग्मक संलयन

युग्मकों का संलयन।

**synthetic medium** संश्लेषित माध्यम

ज्ञात रासायनिक संघटन का एक कृत्रिम माध्यम जिसमें सूक्ष्मजीवों का संवर्धन किया जाता है।

**systemic** सर्वांगी

1. सम्पूर्ण पादप में रहने वाला (एक पादप रोगजनक)।

2. पर्ण समूह, जड़ों आदि द्वारा पादप में अवशोषित (एक रसायन) और पादप में अन्यत्र स्थानान्तरित।

**systemic aquired resistance (SAR)** सर्वांगीण उपार्जित प्रतिरोध (एस. ए. आर.)

जैविक या अजैविक कारक जो रोगजनक के संक्रमण की अनुपस्थिति में पौधों की प्रतिरक्षा प्रणाली को उद्दीपित करता है जिससे पौधा किसी भी भावी संक्रमण के प्रति सुरक्षित रहता है।

**systemic disease** सर्वांगी रोग

ऐसा पादप रोग जो संक्रमण स्थल से बढ़ते हुए पौधे के अन्य अंगों में फैल जाता है।

**systemic fungicide** सर्वांगी कवकनाशी

एक प्रकार का कवकनाशी जो जड़ों अथवा पर्णों में प्रवेश करके संपूर्ण पादप काय में फैल जाता है।

**systemic symptom** सर्वांगी लक्षण

संक्रमण के पश्चात् संक्रमण स्थल से फैलकर सम्पूर्ण पादप काय में दृष्ट लक्षण।

# T

**tabtoxin** **टैब आविष, टैबटॉक्सिन**

स्यूडोमोनास टैबेकाई द्वारा स्रावित एक आविष जो पर्णों में हरिमाहीनता और हरिमाहीन परिवेषों के चारों ओर ऊतकक्षयी धब्बे उत्पन्न करता है।

**target spot** **लक्ष्यस्थल (रोग)**

एक विक्षत जिसमें संकेंद्रिक ऊतकक्षयी वलय होते है।

**tar spots** **डामरी चकत्ता**

पर्ण सतह पर कोलतार–जैसे उभरे हुए काले कवकीय काय।

**taxon** **वर्गक**

कोई वर्गिकीय समूह।

**teliospore** **टेल्युटोबीजाणु**

किट्ट और कंड के द्विकेंद्रकी कवकजाल द्वारा उत्पन्न मोटी भित्ति वाला लैंगिक द्विकेंद्रकी विश्रामी बीजाणु।

**telium** **टीलियम**

बीजाणुधानी पुंज जिसमें टेलिओ (टेल्युटो) बीजाणु उत्पन्न होते है।

**temperate phage** **संयत विभोजी**

एक विभोजी जिसका डी. एन. ए. जीवाणु के डी. एन. ए. के साथ समाकलित होते हुए पीढ़ी दर पीढ़ी गुणन करता है और जीवाणुकोशिका को कोई हानि नही पहुँचाता।

**tenacity** **लगिष्णुता**

अपक्षयण या अन्य भौतिक क्रिया द्वारा अपनयन के प्रतिरोध के लिए अवशेष या निक्षेप का गुणधर्म।

**tenacity index** **लगिष्णुता सूचकांक**

आरंभ मे विद्यमान अपक्षयण की एक निश्चित मात्रा के अन्त में अवशिष्ट प्रति इकाई क्षेत्र के परिमाण का अनुपात।



**teratogenic** **विरूपोत्पादक, विरूपजनक**

संपूर्ण संरचनात्मक अपसामान्यता कारक।

**teratology** **विरूपता विज्ञान**

पूर्ण संरचनात्मक अपसामान्यताओं का अध्ययन।

**thallospore** **थैलस बीजाणु**

थैलस मे या उस पर आन्तरिक रूप से या अन्तर्विष्ट ढंग से निर्मित बीजाणु।

**thallus** **थैलस**

ऐसा पादप काय जिसमें जड़, तना और पत्ती का विभेदन नहीं होता।

**thermal death point** **तापीय मृत्यु बिन्दु**

वह न्यूनतम तापमान जिसको दस मिनट तक बनाए रखने पर सूक्ष्मजीव या विषाणु मर जाते है।

**thermal inactivation point** **तापीय निष्क्रियण बिन्दु**

वह न्यूनतम तापमान जिसमे दस मिनटों का तापन किसी विषाणु की संक्रामकता या किसी प्रकिण्व की क्रियात्मकता को निष्क्रिय करने के लिए पर्याप्त होता है।

**thermoduric** **ताप सह**

वे जीव जो 70° से 80° से. तापमान पर भी 15 मिनट तक जीवित रह सकते है तथा पास्तेरीकरण के बाद भी जीवित रहते है।

**thermophilic** **तापरागी**

वे जीव जिनकी इष्टतम वृद्धि 45° से. अथवा इससे ऊपर तापमान पर होती है। ये जीव गर्म पानी के चश्मों या कम्पोस्ट बनाते समय पाये जाते है।

**tiger-stripe** **व्याघ्र–धारी**

एक पर्ण रोग लक्षण जिसमें पत्तियों पर बाघ की धारियों की तरह की काली–पीली ऊतकक्षयी धारियाँ पड़ जाती है।

**toad stool** **कुकुरमुत्ता**

कवक की एक जाति जो प्रायः विषाक्त होती है और जिसकी बेसिडियोकार्प छतरी के समान होती है।

**tobra virus group** तम्बाकू विषाणु समूह

टोबेको रैटल वाइरस–सदृश विषाणुओं का समूह।

**tolerance** सह्यता

रोगकारकों या रोगी जीव के आक्रमण या विषाणु की न्यूनाधिक अभिक्रिया को सहन करने की प्रभावित जीव की क्षमता।

**tolerant** सहनशील

रोगजनक द्वारा संक्रमित होने पर भी रोग को सहन करने वाला (पादप)।

**toxicant** आविषाक्त

एक विषैला पदार्थ जो किसी जीव के लिए संदमनक या घातक होता है।

**toxicity** आविषालुता

किसी पदार्थ की जीव को क्षति पहुँचाने की क्षमता।

**toxin** आविष

किसी सूक्ष्म जीव द्वारा उत्पादित ऐसा यौगिक पदार्थ जो पादप अथवा पशु के लिए आविषालु होता है।

**tracheomycosis** वातक कवकता, ट्रैकियोमाइकोसिस

एक कवकरोग जिसमें रोगजनक परपोषी पादप की दारु में वाहिकाओं तक न्यूनाधिक सीमित रहता है और उन्हें क्षति पहुँचाता है।

**transcapsidation** पार–आवरणीकरण, ट्रांसकैप्सिडीकरण
**(genome masking)**

किसी विषाणु के जीनोम का दूसरे विषाणु के प्रोटीन आवरण में समावेशन जब दो भिन्न विषाणु एक ही कोशिका पर साथ–साथ संक्रमण करते हैं।

**transduction** पारक्रमण

जीवाणुविभोजी के द्वारा एक जीवाणु से दूसरे में आनुवंशिक पदार्थ का स्थानान्तरण।



**transformation (bacterial)** रूपान्तरण (जीवाण्विक)

भिन्न जीवाणु से प्राप्त डी. एन. ए. का संवर्धन माध्यमीकृत एक विलयन द्वारा अन्य जीवाणु में संचरण से उत्पन्न आनुवंशिक परिवर्तन की परिघटना।

**transmethylase** ट्रांस्मेथाइलेस

प्रकिण्व जो मेथोक्सिल समूहों को लिग्निन से अपसारित करके उसकी संरचना को बदल देता है।

**transmission** संचरण

रोगजनकों का किसी जैविक या यांत्रिक माध्यम द्वारा एक परिपोषी से दूसरे में स्थानांतरण।

**transmission threshold period** संचरण प्रभावी सीमा

वह अवधि जिसमें रोग वाहक विषाणु संचरण योग्य हो।

**trap crop** पाशसस्य

मुख्य फसल से पहले बोई जाने वाली अति सुग्राही फसल जो पीड़क संक्रमण को कम करती है।

**tree surgery** वृक्ष शल्य विज्ञान

संक्रमित शाखाओं के कर्तन या रुग्ण भागों के तक्षण और कवकनाशी लेप (पेस्ट) से व्रण को ढकने से संक्रमण का निर्मलन।

**trichogyne** स्त्रीधानी रोम

ऐस्कोधानी से उत्पन्न वह संरचना जो निषेचन हेतु नर केंद्रक को ग्रहण करती है।

**tristeza disease** त्रिस्तेजा रोग

नीबू वंश का एक विषाणु जनित रोग जिसमें शाखाएं और पत्तियाँ नीचे की ओर झुक जाती हैं।

**tumifaction** अर्बुदीकरण

पादप अर्बुद या पिटिका के निर्माण की प्रक्रिया।

**tumour** **अर्बुद**

ऊतकों की अतिवृद्धि के फलस्वरूप विभिन्न आकार की संरचनाएं।

**tundu disease** **टुंडु रोग**

ऐसे कोरीनेबैक्टिरियम ट्रिटिसाई जीवाणु द्वारा उत्पन्न गेहूँ का रोग जिसमें पुष्पक्रम पर पीले रंग के अवपंक बनते है जो सूखकर चिपचिपी पीली परतों में बदल जाते है; बालियों में ऐंठन और कुंतलन होती है तथा दाने नहीं बनते। इसका रोगवाहक ऐग्विना ट्रिटिसाई है।

**tylosis** **टाइलोसिस**

मृदूतक कोशिकाओं (पैरेनकाइमा) के विवर्ध जो कभी–कभी इतनी संख्या में हो जाते हैं कि दारूवाहिनिकियों (ट्रेकीड) की अवकोशिका (ल्यूमेन) को पूर्णरूपेण भर देते है।

**tyndalization** **टिन्डलीकरण**

बारह घंटे या अधिक ऊष्मायन (incubation) के अनेक उत्तरोत्तर अंतराल के बाद लगभग क्वथनांक (boiling point) तक गरम करके माध्यमों (media) का निर्जर्मीकरण ताकि बीजाणु का अंकुरण हो सके।



# U

**udbatta disease** **उद्‌बट्टा रोग**

एफेलिस ओराइजी द्वारा जनित धान का रोग जिसमें उसके कणिश सीधे, भद्दे, रंगीन, कठोर, बेलनाकार हो जाते हैं और अगरबत्ती की तरह दिखाई देते है।

**uredium (uredopustule)** **यूरीडियम**

किट्ट कवकों क स्फोट जिसमें द्विकेंद्रकी यूरीडियो बीजाणु उत्पन्न होते हैं।

**uredospore (urediospore)** **यूरीडोबीजाणु**

किट्ट कवकों के पुनरावर्ती अलैंगिक द्विकेंद्रकी बीजाणु।

# V

**variability** **परिवर्तिता**

एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में अपनी विशेषताओं को परिवर्तित करने की जीव की क्षमता।

**variant** **परिवर्त**

किसी जीव के सामान्य रूप की अपेक्षा उसका स्थायी परिवर्तित रूप।

**variegation** **शबलता**

संक्रमित हरी पत्तियों में सफेद या पीले धब्बों का बन जाना।

**variety** **उपजाति**

1. जातियों का एक उपविभाग जो उपजातियों के स्तर से नीचे और रूप स्तर से ऊपर होता है।

2. कृषिजोपजाति।

**vascular wilt disease** **संवहनी म्लानिरोग**

ऐसा रोग जिसमें रोगजनक लगभग पूर्णतया सुग्राही की संवहन प्रणाली तक सीमित रहता है और म्लानीकरण करता है।

**vector** **रोगवाहक**

संक्रमण को संचारित करने में समर्थ प्राणी।

**vector efficiency** **रोगवाहक की कार्यक्षमता**

रोगवाहक जीव की संचरण की आपेक्षिक क्षमता जो रोगवाहक–विषाणु–परपोषी संयोजन से निर्धारित होती है।

**vector specificity** **रोगवाहक विशिष्टता**

रोगवाहक द्वारा किसी विशिष्ट विषाणु का संचरण करने की क्षमता।

**vegetative** **कायिक, वानस्पतिक**

पौधों के विकास और वृद्धि से संबद्ध।



**vein banding** **शिरा पट्टना**

एक विषाणु रोग लक्षण जिसमें शिराओं के किनारे के संकीर्ण ऊतक क्षेत्र, अन्य स्तरिकीय ऊतकों की अपेक्षा अधिक हरे होते हैं।

**vein clearing** **शिरा निर्मलन**

ऐसे पर्णों पर एक विषाणु रोग का लक्षण जिनमें शिरा ऊतक, शेष स्तरिकीय ऊतकों की अपेक्षा कम हरे (या पीले) होते हैं।

**vertical resistance** **उद्वृत्त प्रतिरोध**

रोगजनक की कुछ प्रजातियों के प्रति पूर्णतः रोगरोधी परन्तु अन्यों के प्रति नहीं।

**vertifolia effect** **उद्वृत्त पर्ण प्रभाव/वर्टीफोलिया प्रभाव**

उद्वृत्त प्रतिरोध के लिए जनन की उदासीनता के कारण क्षैतिज प्रतिरोध का ह्रास।

**vesicle** **पुटिका**

बीजाणुधानी से उत्पन्न गुब्बारे के समान संरचना जिसमें अथवा जिस पर चलबीजाणु उत्पन्न होते हैं या मुक्त होते हैं।

**viability** **जीवन क्षमता**

जैव/जैविक क्रिया करने की योग्यता।

**viable** **जीवनक्षम**

जो जैविक क्रिया करने में सक्षम हो।

**virescence** **हरीतिमागमन**

पौधे के वे हिस्से, विशेषकर परिदलपुंज, जो सामान्यतः हरे नहीं होते, उनमें हरेपन का आ जाना।

**viricidal** **विषाणुनाशीय**

किसी विषाणु को पूर्णतया तथा स्थायी रूप से निष्क्रिय करने की क्षमता।

**virion** **विरियन**

एक विषाणु कण।

**viristatic** **विषाणु स्थैतिक**

किसी विषाणु के गुणन को रोकने की क्षमता वाला।

**viroid** **वायरोयड**

अनावृत न्यूक्लिक अम्ल के छोटे-छोटे खंड जिनमे प्रोटीन आवरण नही होता और जो विषाणु-सदृश रोग उत्पन्न करते है।

**viropexis (=rhopheocytosis)** **विषाणु स्थिरण (रोफेयोसाइटोसिस)**

अनावरण के बाद कोशिका झिल्ली से संलग्न होने के पश्चात् कोशिकीय वातावरण मे आर. एन. ए. विषाणु का संचलन।

**virosis** **विषाणुअर्ति**

विषाणु द्वारा संक्रमण।

**virulence** **उग्रता**

सूक्ष्मजीव की परपोषी प्रतिरक्षा को भेदने की क्षमता।

**virulent** **उग्र**

प्रबल रोग जनक।

**virulent phage** **उग्र विभोजी**

एक विभोजी जो किसी सुग्राही जीवाण्विक कोशिका मे गुणित होता है उसे लयित करता है जिससे विभोजी कण मुक्त हो जाते है।

**viruliferous** **विषाणुधर**

एक रोगवाहक जो विषाणु का वहन करता है। यह संक्रामक हो भी सकता है या नही भी।

**virus** **विषाणु**

परासूक्ष्मदर्शी अविकल्पी रोगजनक जिसमे आर. एन. ए. या डी. एन. ए. होता है लेकिन प्रोटीन आवरण नहीं होता।

**virus transmission** **विषाणु संचरण**

सामान्यतः रोगवाहक, सीधे संपर्क या कलम के द्वारा किसी संक्रमित परपोषी से असंक्रमित परपोषी मे विषाणु का स्थानान्तरण।



**virus transmission test** **विषाणु संचरण परीक्षण**

ऐसे प्रयोग जो संक्रमित परपोषी से किसी असंक्रमित परपोषी तक स्थानान्तरण मे निहित विषाणु-रोगवाहक संबंधो को निर्धारित करने के लिए किए जाते है।

**vivotoxin** **जीवस्थ आविष**

वह आविष जो (रोगजनक द्वारा) किसी संक्रमित परपोषी मे उत्पन्न होता है और रोगोत्पादन मे सक्रिय रहते हुए भी स्वयं रोग का प्रेरक नही होता।

**volunteer plant** **ऐच्छिक पादप**

अनजाने बीज प्रसरण से सहजतया उगने वाले पादप।

# W

**wart** **मस्सा, किण**

परपोषी के ऊपर किसी रोग द्वारा उत्पन्न अनियमित कॉर्की उद्वर्ध।

**wet rot** **आर्द्र विगलन**

पूर्णतया और तीव्रतया विघटित ऊतक विगलन जिसमें से जल की बूंदें निःस्रावित होती है।

**whip-tail disease** **कशापुच्छ रोग**

मॉलिब्डेनम की कमी के कारण फूलगोभी का असंक्रामक रोग जिसमें संक्रमित पत्तियाँ चाबुक के समान लंबी, पतली हो जाती है।

**white rot** **श्वेत विगलन**

लिग्निन का अपघटन करने वाले कवकों द्वारा आक्रमित वृक्षों में काष्ठ का विगलन जिससे वहाँ श्वेत सेलुलोस शेष रह जाता है।

**white rust (white blisters)** **श्वेत किट्ट (फफोले)**

पर्णों या तनों पर श्वेत किट्टों के समान स्फोटों की उपस्थिति जिसमें से सफेद चूर्णिल कोनिडिया (स्पोरैंजिया) निकलते हैं।

**wild type** **वन्य प्ररूप**

प्राकृतिक समष्टि में बहुलता से पाया जाने वाला।

**wilt** **म्लानि**

संवहनी ऊतकों में रोगाणवीय संक्रमण के कारण नीचे से ऊपर की ओर पौधे की पत्तियों का मुरझाना।

**witches broom** **कूर्चीसम रोग, विचेज ब्रूम**

काष्ठीय पादपों का एक रोग जिसमें समूह में निकली हुई पतली शाखाओं पर छोटी पत्तियों का गुच्छा बन जाता है।

**wound parasite** **व्रण परजीवी**

एक परजीवी जीव जो क्षतिग्रस्त ऊतकों में पहले स्थापित होकर ही परपोषी पर आक्रमण करता है।



# X

**xenopathic set** **जेनोपेथिक समुच्चय**

रोगजनकों की वह समष्टि जिसकी रोगजनकता परपोषी जातियों, उपजातियों या कृषिजोपजातियों की सीमित श्रेणी पर अभिव्यक्त होती है परन्तु अन्यथा यह अपने रोगजनक विभवों में आनुवंशिकतया विजातीय भी हो सकती है।

**xerospore** **शुष्क बीजाणु**

कम आर्द्रता पर ही अंकुरित होने वाले बीजाणु।

# Y

**yeast** **यीस्ट**

एक एककोशिकीय कवक जिसमें मुकुलन द्वारा प्रजनन होता है और एस्कस बनता है।

**yellow disease** **पीत रोग**

ऐसा रोग जिसमें माइकोप्लाज्मा अथवा विषाणु के संक्रमण के कारण पौधे पीले पड़ जाते है।

**yellows** **पीत रोग**

ऐसा रोग जिसमें (प्रायः माइकोप्लाज्मा के संक्रमण से) ऊतक गहरे-पीले दिखाई देते है।



# Z

**zone lines** **अंचल रेखाएं**

साधारणतः कवको से उत्पन्न क्षतिग्रस्त काष्ठ मे संकीर्ण काली-भूरी या काली रेखाएं।

**zoochory** **प्राणि विकीर्णन**

जंतुओं द्वारा रोगजनकों का परिक्षेपण।

**zoozporangium** **चलबीजाणुधानी**

ऐसी बीजाणुधानी जिसमें चलबीजाणु उत्पन्न होते हैं।

**zoospore** **चल बीजाणु**

एक प्रकार के अलैंगिक बीजाणु जो कशाभिका की सहायता से गति करते है।

**zygosporangium** **युग्मबीजाणुधानी**

ऐसी बीजाणुधानी जो युग्मज के अंकुरण से उत्पन्न होती है।

**zygospore** **युग्मबीजाणु**

जाइगोमाइसिटीज के समाकार वाली दो युग्मक धानियों के संलयन से उत्पन्न लैंगिक बीजाणु।

**zygote** **युग्मज**

दो युग्मकों के संलयन (संयोजन) से उत्पन्न लैंगिक संरचना।

डॉ. आर. पी. बंसल के प्रबन्ध में चौ. च. सिं. ह. कृ. वि. प्रैस, हिसार से मुद्रित